सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 22 अगस्त, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 228, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 102 अंकों की उछाल

घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत लिवाली के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी जारी रही और सेंसेक्स 102 अंक लाभ में रहा। } 14

## चौथी औद्योगिक क्रांति की चुनौतियों के लिए भारत तैयार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत चौथी औद्योगिक क्रांति से पैदा हुई चुनौतियों का सामना करने और इससे उत्पन्न अवसरों का फायदा उठाने के लिए तैयार है। } 14



### संक्षेप

### ट्राई ने फर्जी कॉल को लेकर किया आगाह

नयी दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने बुधवार को लोगों को आगाह किया कि वे ट्राई के नाम पर की जा रहीं फर्जी कॉल के चंगुल में न फंसें। इन कॉल में दूरसंचार ग्राहकों को मोबाइल नंबर का कनेक्शन काटने की धमकी देकर कुछ निजी सूचनाएं देने के लिए कहा जाता है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने यह स्पष्ट किया कि वह संदेश भेजकर या किसी अन्य तरीके से मोबाइल नंबर का कनेक्शन काटने के बारे में ग्राहकों के साथ संपर्क नहीं करता है। उसने ऐसा करने के लिए किसी तीसरे पक्ष की एजेंसी को भी अधिकृत नहीं किया है, और फर्जी कॉल से सतर्क रहने की अपील की है।

### आंध्र की फार्मा फैक्ट्री में आग से 13 की मौत

आंध प्रदेश। आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ले जिले की एक फार्मा फैक्ट्री में आग लगने से 17 लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा लोग जख्मी हैं। आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के बाद धमाका सुना गया। धमाका इतना तेज था कि इमारत की पहली मंजिल की स्लैब ढह गई। घटना एसईजेड की फार्मा कंपनी एस्किएंटिया के प्लांट की है। घायलों को इलाज के लिए एनटीआर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब धमाका हुआ तब लंच टाइम चल रहा था और ज्यादातर वर्कर्स बाहर थे। फैक्ट्री में 381 से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। हादसा बुधवार दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर हुआ। लंच टाइम होने की वजह से ज्यादातर कर्मचारी बाहर थे। कलेक्टर विजयन कृष्णन ने बताया कि 13 लोगों को रेस्क्यू किया गया। घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है और कुछ घायलों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। फिलहाल सरकार भी इस मामले पर नजर रखे हुए है।

### इटावा : कार-ट्रक की भिड़ंत, चार की मौत

इटावा। जिले में बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर एक कार के आगे जा रहे ट्रक से जा टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे आगरा-इटावा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर पिलखर गांव के पास दिल्ली से हमीरपुर जा रही एक कार के चालक को नींद आ गई और कार आगे जा रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कार सवार शिव नारायण, शोभा रानी, आशु सदापुरी और राम अवतार प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मोटर ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी याचिका पर फैसला सुरक्षित

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इस कानूनी सवाल पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि क्या हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति 7,500 किलोग्राम से कम वजन वाले परिवहन वाहन को चलाने का भी हकदार है। इस कानूनी सवाल ने एलएमवी लाइसेंसधारकों के परिवहन वाहनों से संबंधित दुर्घटना मामलों में बीमा कंपनियों द्वारा दावों के भुगतान को लेकर विभिन्न विवादों को जन्म दिया है। बीमा कंपनियों का आरोप है कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) और अदालतें हल्के मोटर वाहन ड्राइविंग लाइसेंस के संबंध में उनकी आपत्तियों की अनदेखी करते हुए उनसे बीमा दावों का भुगतान कराने के लिए आदेश पारित कर रही हैं। बीमा कंपनियों ने कहा है कि बीमा दावा विवादों का फैसला करते समय अदालतें बीमाधारकों के पक्ष में रुख अपना रही हैं। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली ...शेष पृष्ठ 14 पर



## संबंधों को गति देने पोलैंड की यात्रा पर प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

वारसॉ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पोलैंड की उनकी पहली यात्रा द्विपक्षीय मित्रता को गति प्रदान करेगी तथा दोनों देशों के लोगों को लाभान्वित करेगी। वह दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में यहां पहुंचे हैं और यूक्रेन की राजधानी कीव भी जाएंगे।

पोलैंड में अपने प्रवास के दौरान मोदी राष्ट्रपति आंद्रजेज सेबेस्टियन डूडा से मिलेंगे और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मोदी ने कहा कि वह पोलैंड की राजधानी में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर उत्सुक हैं। यहां वारसॉ सैन्य हवाई अड्डे पर अपने आगमन के बाद मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पोलैंड पहुंच गया हूं। यहां विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर




पोलैंड पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते अधिकारी

उत्सुक हूं। यह यात्रा भारत-पोलैंड मैत्री को गति प्रदान करेगी तथा हमारे राष्ट्रों के लोगों को लाभान्वित करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा पिछले 45 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। पोलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी का होटल पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया, जहां पोलिश और भारतीय कलाकारों ने गुजराती पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। इससे पहले पोलैंड के लिए रवाना होने से पहले अपने बयान में उन्होंने कहा, पोलैंड की मेरी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हमारे राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं। पोलैंड मध्य यूरोप में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, लोकतंत्र और बहुलवाद के प्रति हमारी आपसी प्रतिबद्धता दोनों देशों के संबंधों को और ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए योगी का फुलप्रूफ प्लान

## परीक्षा केंद्रों पर रहेगी एसटीएफ, लोकल पुलिस, क्राइम ब्रांच समेत अन्य एजेंसियां

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए अभेद्य प्लान तैयार किया गया है। योगी सरकार की ओर से तैयार फूलप्रूफ प्लान पर कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इसके लिए योगी सरकार की ओर से जहां भरपूर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात की जा रही है।

- परीक्षा केंद्र ही नहीं रास्तों पर भी होगी सीसीटीवी की नजर, ड्रोन कैमरों से होगी हॉटस्टॉपट्स की चेकिंग,
- लेकर परीक्षा खत्म होने के बाद की भी स्थितियों का होगा आंकलन

सीएम योगी के निर्देश पर इस बार परीक्षा केंद्रों के रास्तों पर भी सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। साथ ही चिन्हित हॉटस्पॉट्स की ड्रोन कैमरों से चेकिंग की जाएगी। इसके अलावा एसटीएफ, लोकल पुलिस, क्राइम ब्रांच समेत कई एजेंसियां परीक्षा केंद्रों के आस-पास सक्रिय रहेंगी। मालूम हो कि 23 अगस्त से प्रदेश के 67 जिलों में पुलिस आरक्षी के 60,244 पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षा होने जा रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की थी, जिसमें उन्होंने परीक्षा की तैयारियों को लेकर बारीकी से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि परीक्षा को लेकर कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए हर एक छोटे-छोटे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कल्याण सिंह को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को स्व. कल्याण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित 'हिंदू गौरव दिवस' के दूसरे संस्करण के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता की ओर से बाबूजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कल्याण सिंह के संघर्षों और चुनौतियों की यात्रा को शिखर से शून्य की यात्रा करार दिया। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति कल्याण सिंह अचानक नहीं बन जाता। कल्याण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दुनिया के निवेशकों को आकर्षित कर रही यूपी की नीतियां व तंत्र : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेके सीमेंट लिमिटेड के निवेश से प्रदेश के सपनों को नए पंख प्रदान कर रहा है। इससे प्रदेश में निवेश और रोजगार के सम्बन्ध में राज्य सरकार की नीतियों को नए आयाम प्राप्त प्राप्त होंगे तथा प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए नौकरी व रोजगार के अवसर सृजित होंगे। हमारी नीतियां व तंत्र दुनिया के निवेशकों को आकर्षित करने का सामर्थ्य रखती हैं।

- प्रयागराज में 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के जेके सीमेंट लि. के संयंत्र का सीएम ने किया लोकार्पण
- जेके समूह ने 4 वर्षों में प्रदेश में तीन सीमेंट प्लांट स्थापित किये

निवेश को अनुकूल व लाभदायक बनाने के लिए हमें प्रदेश के औद्योगिक समूहों के प्रति ध्यान देने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री बुधवार को अपने सरकारी आवास पर, प्रयागराज में 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के जेके सीमेंट लिमिटेड के मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का एक औद्योगिक समूह, इस निवेश के माध्यम से प्रदेश में विश्वास की जड़ों को पुनः मजबूत करते हुए राज्य को निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहा है। पहले जेके समूह कानपुर नगर की पहचान था। यह समूह अविश्वास के तत्कालीन वातावरण के कारण यहां से पलायन की स्थिति में था। प्रदेश सरकार की अपराध व अपराधियों तथा भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## किसी भी धर्मगुरु को जबरन धर्म परिवर्तन का अधिकार नहीं

जिला संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि फादर, मौलाना या कर्मकांडी किसी को भी जबरन धर्म परिवर्तन कराने का अधिकार नहीं है। अगर कोई गलत बयानी, धोखाधड़ी, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती और प्रलोभन देकर ऐसा कराता है तो वह यूपी धर्मांतरण विरोधी अधिनियम के तहत जिम्मेदार होगा। यह तल्ख टिप्पणी कर न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने गाजियाबाद के थाना अंकुर विहार के मौलाना मोहम्मद शाने आलम की जमानत याचिका खारिज कर दी। मोहम्मद शाने आलम ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। शाने आलम पर युवती का जबरन धर्म परिवर्तन कराकर शादी कराने का आरोप है। वकील ने दलील दी कि याची ने केवल मार्च 2024 में युवती की शादी कराई थी। वहीं, अपर शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया। दलील दी कि पीड़िता ने अपने बयान में कहा है कि मौलाना ने धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर किया। कोर्ट ने कहा कि देश का संविधान प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म को मानने व प्रचार करने का मौलिक अधिकार देता है। संविधान सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जो भारत की सामाजिक सद्भाव और भावना को दशार्ता है। संविधान...शेष पृष्ठ 14 पर

- इलाहाबाद उच्च न्यायालय का आदेश

# दलित आरक्षण में कोटे के खिलाफ भारत बंद

## कई राज्यों में जगह-जगह प्रदर्शन, आगजनी व तोड़फोड़ की घटनाएं, रुकवायी गयीं रेलगाड़ियां

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण में कोटा लागू करने की इजाजत देने के खिलाफ बुधवार को दलित-आदिवासी संगठनों ने 14 घंटे का भारत बंद बुलाया। नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी ऑर्गनाइजेशन ने इसे दलित और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ बताया है। बिहार में बंद का सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। वहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इसको लेकर अलर्ट है। कांग्रेस, टीएमसी, सपा, बसपा, आरजेडी, झामुमो समेत कई दलों ने बंद का समर्थन किया है।

बिहार के आरा में प्रदर्शनकारियों ने रेल पटरियों पर नारेबाजी की, इससे



आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में प्रदर्शन करते लोगों पर लाठी भांजती पुलिस

गाड़ियों की आवाजाही रुक गई।

9 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि अनुसूचित जाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने टिप्पणी की थी कि एस-एसटी में भी क्रीमी लेयर लागू करने पर विचार करना चाहिए। इसे लेकर दलित सांसदों ने पीएम से मिलकर अपनी चिंता जताई थी। बिहार के गोपालगंज में प्रदर्शनकारियों ने स्कूल बस जलाने की कोशिश। बस में 20 बच्चे सवार थे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा है कि आरोपियों की पहचान कर एक-एक व्यक्ति पर नामजद एफआईआर कर कार्रवाई की जाएगी। यूपी के जालौन में प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। सीओ को धक्का दे ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- यूपी के पांच मंडलों में नये रिंग रोड बनाने का प्रस्ताव (पृष्ठ-14)
- 247 पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का होगा सर्वे (पृष्ठ-14)
- छह माह में पूरी करें आयकर अधिनियम की समीक्षा (पृष्ठ-14)
- 2047 तक 55,000 अरब डॉलर पर होगी अर्थव्यवस्था (पृष्ठ-14)
- रुपया 14 पैसे टूटकर 83.91 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर चिकित्सक दुष्कर्म-हत्या का मामला : यूपी के मेडिकल कॉलेजों में जूनियर डॉक्टरों का कार्य बहिष्कार दसवें दिन भी रहा जारी

# यूपी समेत कई राज्यों में डॉक्टरों की हड़ताल जारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बुधवार को दसवें दिन भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं, क्योंकि जूनियर डॉक्टरों ने कोलकता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु महिला डाक्टर के साथ कथित बलात्कार और उसकी हत्या के खिलाफ कार्य बहिष्कार जारी रखा। उप्र रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) के प्रदेश अध्यक्ष डा हरदीप जोगी ने बुधवार को कहा जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल आज दसवें दिन भी जारी रही। आज भी प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजों में ओपीडी और अन्य सेवायें बाधित रहीं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल




कालेजों में जूनियर डॉक्टर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जूनियर डॉक्टर पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों का हर तरह से समर्थन करते हैं।

वहीं पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना के विरोध में जूनियर चिकित्सकों का प्रदर्शन बुधवार को 13वें दिन भी जारी रहा, जिससे सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं। अधिकारियों ने बताया कि कई अस्पतालों में जूनियर चिकित्सकों के स्थान पर वरिष्ठ चिकित्सकों को ड्यूटी पर आने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने प्रदर्शनकारियों से फिर से काम शुरू करने का अनुरोध किया है। एक जूनियर चिकित्सक ने कहा हमारी बहन को न्याय मिलने तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हम समझते हैं कि मरीजों को समस्या हो रही है, लेकिन हमारी मांगें उचित हैं। कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मिनिष्ती एस बनीं वित्त सचिव

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने बुधवार को 13 आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में महत्वपूर्ण बदलाव कर दिया है। प्रतीक्षा में चल रहीं मिनिष्ती एस को वित्त विभाग में सचिव बनाया गया है। वहीं, ग्रेटर नोएडा की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग को नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग में विशेष सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार आगरा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और वहां की संभागीय खाद्य नियंत्रक अनिता यादव को प्रतीक्षारत कर दिया गया है जबकि प्रतीक्षारत चल रहे के. विजयेंद्र पांडियन को आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, आयुक्त एवं निदेशक हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उत्तर प्रदेश राज्य वस्त्र निगम लिमिटेड, स्टेट स्पिनिंग कंपनी लिमिटेड, स्टेट यार्न कंपनी लिमिटेड, सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड और उत्तर प्रदेश वित्त निगम लिमिटेड का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। साथ ही गोंडा की सीडीओ एम. अरून्मोली को आगरा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष (वीसी) बनाया गया है। अलीगढ़ की सीडीओ व वहां की संभागीय खाद्य नियंत्रक आकांक्षा राणा को विशेष कार्याधिकारी, कुंभ मेला प्राधिकरण की जिम्मेदारी दी गई। बहराइच की सीडीओ राम्या आर को विशेष सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ के संयुक्त प्रबंध निदेशक मुकेश चंद्र को बहराईच का सीडीओ, कुशीनगर की संयुक्त मजिस्ट्रेट अंकिता जैन को गोंडा का सीडीओ, प्रतापगढ़ के सीडीओ नवनीत सेहारा को उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड का संयुक्त प्रबंध निदेशक, प्रतीक्षारत चल रहे अरविंद सिंह को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद, बुलंदशहर की संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. दिव्या मिश्रा को प्रतापगढ़ का सीडीओ और कानपुर नगर की संयुक्त मजिस्ट्रेट प्रखर कुमार सिंह को अलीगढ़ का सीडीओ बनाया गया है।

- 13 आईएएस अधिकारी बदले

# कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर की बेहतरी में सहयोगी बनने को इच्छुक है ऑस्ट्रेलिया

## नवाचारों को अपनाने वाला है यूपी का किसान, ऑस्ट्रेलिया के तकनीकी सहयोग से होगा बड़ा लाभकारी : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि सेक्टर को बेहतर बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों में ऑस्ट्रेलिया ने सहायक बनने की इच्छा

- **भारत और ऑस्ट्रेलिया के द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने में यूपी की बड़ी भूमिका : फिलिप ग्रीन**
- **मुख्यमंत्री से ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने की भेंट, निवेश की सम्भावनाओं पर हुआ विमर्श**

जताई है। बुधवार को लखनऊ आये ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से भेंट की और कृषि व सहायक सेक्टर में निवेश पर चर्चा की।

दूसरी बार उत्तर प्रदेश आने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए उच्चायुक्त फिलिप ने मुख्यमंत्री से कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का समृद्ध इतिहास है। उत्तर प्रदेश इन संबधों को और मजबूत बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बहुत संभावनाएं हैं और ऑस्ट्रेलियाई कंपनियां इन सम्भावनाओं को विस्तार देने को उत्साहित हैं। यहां के कृषि, खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर को मजबूत करने में ऑस्ट्रेलिया अच्छा सहयोगी बनना चाहता है। उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों और उनकी विशेषज्ञता से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल के लखनऊ आगमन पर अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सबसे बड़ी आबादी का यह प्रदेश, भारत के फूड बास्केट के रूप में विशिष्ट पहचान रखता है। हमारे पास देश की कुल कृषि भूमि का 12 प्रतिशत हिस्सा है, लेकिन देश की खाद्यान्न जरूरतों का 20 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में ही पैदा होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 85 प्रतिशत कृषि भूमि सिंचित है और इसे आगे विस्तार दिया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश में स्थापित कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों



और किसान उत्पादन संगठनों के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का किसान परिश्रमी है और नावचारों को अपनाने वाला है, ऐसे में यदि ऑस्ट्रेलिया की कृषि तकनीकी हमारे किसानों को मिलेगी तो निश्चित ही प्रदेश में कृषि, उद्यान, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर को बड़ा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के डेयरी सेक्टर को और बेहतर बनाने में ऑस्ट्रेलिया अच्छा सहयोगी बन सकता है। उत्तर प्रदेश एक जिला-एक डेयरी के एक बड़े कार्यक्रम की आगे बढ़ाने वाला है, इसमें ऑस्ट्रेलिया से तकनीकी सहयोग मिलना उत्साहवर्धक होगा। विभिन्न ऑस्ट्रेलियाई शैक्षिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के युवा उच्च शिक्षा के लिए ऑस्ट्रेलिया जाते हैं। यह उचित होगा ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय, यूपी के शैक्षिक संस्थानों के साथ शोध, अनुसंधान करने और तकनीकी ज्ञान के हस्तांतरण के लिए एमओयू करते हुए आगे बढ़े। साथ ही, आस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदेश में अपने परिसर स्थापित करने पर भी विचार किया जाना चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त के साथ वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में आज जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। निवेश अनुकूल 27 इंडस्ट्रियल सेक्टोरल पॉलिसी हर सेक्टर के निवेशकों की जरूरतों को पूरा करने वाला है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की एफडीआई और फार्च्यून 500 कंपनियों के लिए घोषित नीति को ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों के लिए उपयोगी बताया। ऑस्ट्रेलियाई दल के साथ वार्ता के अवसर पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका गर्ग सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थिति रही। उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन के साथ मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ व्यापार और निवेश आयुक्त, जॉन साउथवेल, कृषि सलाहकार किरण करामिल, द्वितीय सचिव टॉम ओवरटान, व्यापार और निवेश निदेशक आशा सुंदरमूर्ति, ऑसन लैब के भारत निदेशक संदीप जायसवाल, ग्रेनकॉर्प के निवेश प्रबंधक, जॉर्डन जेफरी, पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय रणनीति प्रमुख, निशा राकेश, तस्मानिया विश्वविद्यालय से मिसेल रोज सहित ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों और शैक्षिक संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल थे।

# मुजफ्फरनगर में वृहद रोजगार मेला आज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में रोजगार मेला के माध्यम से योगी सरकार मिशन रोजगार को रफ्तार दे रही है। 17 अगस्त को अंबेडकरनगर और 18 अगस्त को अयोध्या में आयोजित वृहद रोजगार मेला के बाद अब सीएम योगी के निर्देश पर मुजफ्फरनगर में भी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या और अंबेडकरनगर में जहां 12 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे तो वहीं मुजफ्फरनगर में 15 हजार से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे, जबकि एक हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। रोजगार मेला का शुभारंभ और नियुक्ति पत्र वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जाएगा। बता दें कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के द्वारा इस रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जो सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगा तथा इसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व आईटीआई के प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता छात्रों के साथ ही अन्य सामान्य विद्यार्थी भी प्रतिभाग कर सकेंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणर्थियों को प्रशिक्षण के बाद रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न गतिविधियां आयोजित करती है।

# 247 पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का होगा सर्वे

## विदेशी पर्यटकों के लिए 200 से अधिक सर्वेयर्स को दिया गया प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों की गणना करने एवं उनके अनुभव को साझा करने के लिए प्रदेश के 247 स्थलों पर आने वाले पर्यटकों का एक वर्ष तक सर्वे कराया जाएगा। यह स्थल प्रत्येक जिले में स्थित हैंए जहां एक सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक सर्वे होगा। इसके लिए पर्यवेक्षक लगाये जायेंगे। इन पर्यवेक्षकों को सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न बारीकियों की जानकारी देने के लिए बुधवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 200 से अधिक सर्वेयर्स को प्रशिक्षित किया गया।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के अलावा इन सर्वेयर्स को चारबाग रेलवे स्टेशन और बीकेटी स्थित चंद्रिका देवी मंदिर का स्थलीय निरीक्षण भी कराया गया। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। घरेलू पर्यटन के मामले में यूपी देश में अव्वल है। विदेश से आने वाले पर्यटकों के मामले में भी यह उपलब्धि हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। पर्यटन स्थल और पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विदेशी पर्यटकों के मामले में भी देश में पहला स्थान प्राप्त करने के लिए पर्यटन स्थलों को नये सिरे से सजाया और संवारा जा रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार पर्यटकों को और अच्छी सुविधाएं दे सकेए इसके लिए उत्तर प्रदेश पर्यटनए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकारए नियोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक जिले का सर्वे कराया जा रहा है। इसके लिए आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ लोकल सेल्फ गर्वन्मेंट को कार्यदायी संस्था चुना गया है। सर्वे के द्वितीय चरण हेतु प्रदेश में 247 पर्यटन स्थलों को चिह्नित किया गया है। द्वितीय चरण के सर्वे हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एआईआईएलएसजी के टेक्निकल डायरेक्टर पश्चिम तिवारी ने सर्वेयर्स को सर्वे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा की सर्वे के जो नियम बनाए गए है उसका हर हाल में पालन करें। अन्य विशेषज्ञों ने भी सरवेयर्स का मार्गदर्शन किया।

# एक माह में दुग्ध समितियों का होगा भुगतान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने वर्ष 2022-23 में प्रदेश के सर्वाधिक दुग्ध आपूर्तिकर्ता 66 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार और गाय के सर्वाधिक

- **दुग्ध व्यवसाय शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार का सशक्त माध्यम**
- **सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले 114 दुग्ध उत्पादक पुरस्कृत**
- **66 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार से किया गया सम्मानित**
- **48 दुग्ध उत्पादकों को मिला नंदबाबा पुरस्कार**

दुग्ध उत्पादन करने वाले 48 दुग्ध उत्पादकों को नन्दबाबा पुरस्कार से बुधवार इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। पुरस्कृत सभी 114 दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, पुरस्कार धनराशि प्रमाण-पत्र सहित देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से भारतीय गोवंशीय देशी गाय के दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है और गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सिंह ने दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध समितियों के माध्यम से व्यवसाय करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि एक माह के अंदर दुग्ध समितियों के दुग्ध मूल्य का भुगतान कराया जायेगा। कार्यक्रम में गोकुल पुरस्कार के अंतर्गत लखीमपुर-खीरी निवासी एवं वेलवा मोती समिति के वरूण सिंह को राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार और मेरठ के रहने वाले रुहासा दुग्ध समिति के हर्ष मित्तल को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इन दोनों दुग्ध उत्पादकों को क्रमशः 2 लाख रुपये एवं 1.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि तथा शेष अन्य चयनित लाभार्थियों को जनपद स्तरीय पुरस्कार के तहत 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार नंदबाबा पुरस्कार के तहत अयोध्या निवासी उधौली दुग्ध समिति के लवलेश कुमार को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करते हुए पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। इनके अलावा जनपद स्तरीय पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पुरस्कृत 114 दुग्ध उत्पादकों में से 26 महिला लाभार्थी है, जो दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में महिलाओ की भागीदारी का एक सशक्त उदाहरण है। मंत्री ने कहा कि दूध प्रोसेसिंग की कमियों को दूर करने, किसानों को प्रशिक्षण देने एवं दुग्ध उत्पादन में नई तकनीक व नई जानकारी देने का कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिससे प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध सहकारिता के माध्यम से पशुपालन एवं दुग्ध व्यवसाय को कृषि के सहयोगी व्यवसाय के रुप में अपनाया जा रहा है। वर्तमान में दुग्ध व्यवसाय शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार का सशक्त माध्यम बन चुका है। यह किसानों और पशुपालकों की आय दोगुना करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर है। दुग्ध उत्पादकों के हित में प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।



# राज्यपाल ने ऐतिहासिक जीपीओ रिंग कोर्ट का किया भ्रमण

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार ऐतिहासिक जीपीओ रिंग कोट, लखनऊ का भ्रमण किया। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान काकोरी कांड से जुड़े ऐतिहासिक मुकदमे के लिए प्रसिद्ध है। जीपीओ रिंग कोर्ट ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण अध्याय का साक्षात्कार किया है। राज्यपाल ने इस अवसर पर काकोरी कांड के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की गौरवमयी गाथा का प्रतीक है। उन्होंने इस ऐतिहासिक धरोहर को संजोने और इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जीपीओ रिंग कोर्ट न केवल न्याय का स्थल है।

# भाजपा ने सदस्यता अभियान को लेकर तेज की तैयारियां

## आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के साथ अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा रहेंगे मौजूद

**लखनऊ।** भाजपा के 1 सितम्बर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश मे कल 22 अगस्त से जिला स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी कल 22 अगस्त को सीतापुर में आयोजित सदस्यता कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के साथ अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा भी मौजूद रहेंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 22, 23 व 24 अगस्त को जिला स्तर सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 22 अगस्त को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सीतापुर में जिला स्तरीय कार्यशाला में मार्गदर्शन करेंगे। जबकि प्रदेश महामंत्री संजय राय व प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी हरदोई, जिला प्रभारी देवेन्द्र चौधरी बरेली जिला, एमएलसी अवनीश सिंह व प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा बाराबंकी, ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य आगरा महानगर, एमएलसी अशोक कटारिया मथुरा जिला व महानगर, अनिल चौधरी मैनपुरी, क्षेत्रीय महामंत्री नागेन्द्र सिकरवार बरेली महानगर में आयोजित जिला स्तरीय सदस्यता अभियान कार्यशाला को सम्बोधित करेंगे। गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि रंजना उपाध्याय फतेहपुर तथा कानपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व क्षेत्रीय महामंत्री संत बिलास शिवहरे झांसी जिले में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यशाला को सम्बोधित करेंगे।

# युवाओं की फैशन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए होगा उत्पादन : सचान

## मंत्री की अगुवाई में खादी के विकास पर हुई चर्चा, खादी उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि खादी को एक परंपरागत वस्त्र से आगे बढ़ाकर, इसे आधुनिक बाजार की आवश्यकताओं और युवाओं की फैशन अभिरुचियों के अनुरूप ढालने की जरूरत है। इसके साथ ही, खादी उद्योग के निर्यात को भी बढ़ावा देकर इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के प्रयासों को गति दी जा रही है।

यूपी में खादी के विकास और निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री, राकेश सचान ने बुधवार को उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्यालय, खादी भवन के सभागार में आयोजित एक विशेष बैठक में खादी के विकास के लिए प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। सचान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खादी के उत्पादन को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य है कि खादी उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए, जिससे न केवल प्रदेश में खादी वस्त्रों की मांग बढ़े, बल्कि ग्रामीण इलाकों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित हों। इस दिशा में, आधुनिक बाजार की मांगों के अनुरूप उत्पादन बढ़ाने और निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए खादी उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खादी को आधुनिक बाजार की मांग, युवा पीढ़ी के रुझान, और आधुनिक फैशन के साथ-साथ निर्यात की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इसके उत्पादन को और बेहतर बनाने पर जोर दिया जाए। खादी को वैश्विक पहचान दिलाने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करने के प्रयासों को तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया जाए।

उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की पंजीकृत खादी संस्था, पंचमदास ऑर्गेनिक खादी ग्रामोद्योग सेवा समिति, लखनऊ ने भी अपने प्रयासों का प्रस्तुतिकरण किया। इस संस्था ने खादी उत्पादन, बिक्री और निर्यात के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की खादी को देश-विदेश में एक विशेष पहचान दिलाई है। संस्था द्वारा खादी के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑस्ट्रेलिया, जापान, जर्मनी, अमेरिका, इंग्लैंड, इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे देशों में भी निर्यात किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव त्यागी, वरिष्ठ संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनपी मौर्य, संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ यादव, वित्तीय सलाहकार मानवेंद्र सिंह सहित संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# यूपी के पांच मंडलों में नये रिंग रोड बनाने का प्रस्ताव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी के जरिए विकास का मार्ग प्रशस्त करने में जुटी योगी सरकार जल्द ही यूपी के पांच मंडलों को नये रिंग रोड और

- **योगी सरकार प्रदेश के 5 मंडलों को जल्द दे सकती है नए रिंग रोड की सौगात**
- **केंद्र सरकार से हरी झंडी मिलते ही यूपी के सभी मंडलों को मिल जाएगी रिंग रोड की सुविधा**
- **अलीगढ़, देवीपाटन, झांसी, मीरजापुर और सहारनपुर मंडल में रिंग रोड बनाने की तैयारी**

बायपास देने की तैयारी में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से प्रस्ताव दिया है।

बता दें कि अभी प्रदेश के 18 मंडलों में से 12 में नये रिंग रोड बनाने का कार्य चल रहा है, जबकि लखनऊ मंडल में यह बनकर तैयार भी हो चुका है। इसके अलावा 5 बचे हुए मंडलों में रिंग रोड बनाने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव भेजा है। केंद्र से हरी झंडी मिलते ही प्रदेश के सभी मंडलों में रिंग रोड का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। वर्तमान में गोरखपुर और कानपुर



मंडल में रिंग रोड का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा आगरा, चित्रकूट, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी में रिंग रोड के कुछ हिस्सों का कार्य पूरा हो चुका है और नये फेज पर कार्य चल रहा है। इसी प्रकार बस्ती मंडल में रिंग रोड के कार्य को मंजूरी मिल चुकी है। वहीं अयोध्या मंडल के रिंग रोड को कैबिनेट से हरी झंडी मिल चुकी है। इसके अलावा बरेली मंडल में रिंग रोड के लिए डीपीआर का कार्य हो चुका हैए जबकि आजमगढ़ और मुरादाबाद मंडल में रिंग रोड के उत्तरी पार्ट का कार्य चल रहा है। इस प्रकार प्रदेश के 12 मंडलों में रिंग रोड को लेकर कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है, जबकि लखनऊ मंडल को रिंग रोड की सुविधा पहले ही मिल चुकी है। वहीं योगी सरकार अब प्रदेश के बचे हुए पांच मंडल, अलीगढ़, देवीपाटन, झांसी, मीरजापुर और सहारनपुर मंडलों में भी रिंग रोड बनाने की तैयारी में जुटी हुई है। इसके अलावा प्रदेश के 14 जिलों में नये बाईपास का भी अनुरोध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री से किया है। बता दें कि प्रदेश में पहले से ही 53 जिलों में बाईपास की सुविधा है। इसके अलावा 8 जिलों में बाईपास का निर्माण कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वहीं 14 जिले फर्रुखाबाद, औरैया, बुलंदशहर, मैनपुरी, बहराइच, गोंडा, बागपत, चित्रकूट, मीरजापुर, भदोही, संभल, कौशाम्बी, चंदौली और श्रावस्ती में बाईपास बनाने की कवायद तेज हो गई है। गौरतलब है कि 2017 में यूपी में 48 राष्ट्रीय राजमार्ग थे, जो 2024 तक बढ़कर 93 हो चुके हैं। वहीं 2017 में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 8 हजार किलोमीटर के करीब थी, जोकि 2024 में बढ़कर करीब 13 हजार किलोमीटर हो चुकी है। इसी प्रकार 2017 में प्रदेश में केवल एक एक्सप्रेसवे था, जिसकी संख्या 2024 तक 6 हो चुकी है। प्रदेश में 2017 में 165 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे 2024 में 1225 किलोमीटर का हो चुका है। वहीं गंगा एक्सप्रेसवे सहित कई लिंक एक्सप्रेसवे का कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है।

# आप नेता संजय सिंह को सरेंडर करने से आज तक मिली छूट

विधि संवाददाता

- **जमानत अर्जी पर सुनवायी आज**

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आप नेता संजय सिंह को वर्ष 2001 के एक अपराधिक केस में सुल्तानपुर कोर्ट से मिली सजा को चुनौती देने वाली एक रिवीजन याचिका पर बुधवार को सुनवायी करते हुए गुरूवार तक उन्हें उक्त केस में सरेंडर करने से छूट दे दी है। कोर्ट ने कहा कि यदि विचारण कोर्ट ने संजय सिंह के खिलाफ इस केस में सरेंडर सुरिश्चित करने के लिए कोई आदेश जारी किया है तो उस पर गुरूवार तक रोक रहेगी। कोर्ट ने कहा कि वह संजय सिंह की जमानत अर्जी पर गुरूवार को सुनवायी करेगा।

यह आदेश जस्टिस करूणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने संजय सिंह की रिवीजन याचिका पर पारित किया। इससे पहले कोर्ट ने इस याचिका की पोषणीयता पर गत 14 अगस्त को सुनवायी की थी और केस की अगली सुनवायी 22 अगस्त तक के लिए टाल दी था। संजय सिंह की ओर से पेश हो रहे बसपा के कद्दवार नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा ने 20 अगस्त को एक अर्जी पेश कर कोर्ट से मामले में बुधवार को ही सुनवायी करने की गुजारिश किया था। मिश्रा ने कहा था कि संजय सिंह वक्फ मामले में बनी जेपीसी कमेटी के सदस्य हैं। कमेटी की पहली बैठक 22 अगस्त को है और उन्हें इस बैठक में रहना आवश्यक है। अतः मामले में सुनवायी की शीघ्रता है। कोर्ट ने बुधवार को रिवीजन की पोषणीयता पर सुनवायी की और पाया कि बिना अभियुक्त के सरेंडर किये भी उसकी ओर से दायर रिवीजन याचिका पर उसके गुणदोष के आधार पर सुनवायी की जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि विशेष प्रकरण में उसके पास शक्ति निहित है कि वह दोषसिद्ध अभियुक्त को सरेंडर करने से छूट प्रदान कर सके। याचिका में संजय सिंह ने वर्ष 2001 के एक धरना प्रदर्शन के केस में उन्हें सुनायी गयी सजा को खारिज करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने जमानत व सजा को निलंबित करने की भी मांग किया है।

# हर भारतीय के मन में है सेना के प्रति सम्मान व स्नेह का भाव : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्यमंत्री ने बुद्धेश्वर चौराहा पर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह (कीर्तिचक्र) की मूर्ति का किया अनावरण
- 2017 में सरकार बनने के उपरांत शहीदों के परिजनों को यूपी सरकार देती है 50 लाख व सरकारी नौकरी
- सीएम-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण के संकल्प में एक संकल्प सैनिकों के सम्मान का भी दिलाया

**लखनऊ।** भारतीय सेना के जांबाज नायक कैप्टन अंशुमान सिंह 19 जुलाई 2023 को सियाचिन में अपने सहयोगियों को बचाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। कोई भी देश अपनी स्वाधीनता की रक्षा तभी कर सकता है, जब वह अतीत का स्मरण करते हुए अपने गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा ग्रहण करता है। देश की आजादी के बाद हमारे बहादुर जवानों ने प्राणों की बाजी लगाते हुए भारत की सुरक्षा को सुनिश्चित किया, इसीलिए हर भारतवासी के मन में सेना के जवानों के प्रति अपार सम्मान व स्नेह का भाव छिपा होता है। यह स्नेह व सम्मान का भाव सैनिकों व उनके परिजनों के उत्साह को कई गुना बढ़ाता है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बुद्धेश्वर चौराहा पर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह (कीर्तिचक्र) की मूर्ति का अनावरण करने के बाद कहीं। नगर निगम ने बुद्धेश्वर चौराहे को कैप्टन अंशुमान सिंह की स्मृति को समर्पित करते हुए उनकी प्रतिमा स्थापित की है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सभी को पंच प्रण का संकल्प दिलाया था। उसमें एक संकल्प सैनिकों के सम्मान का भी है। यदि हम अपने सैनिक का सम्मान करते हैं तो सीमाओं



की सुरक्षा व आंतरिक सुरक्षा की स्थिति को सुदृढ़ करते हैं। यह भाव सबके मन में आना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद सुनिश्चित किया गया कि देश की सीमा व आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए या कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में योगदान देने वाले तथा सेना, अर्द्धसेना या पुलिस के जवान यदि कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए वीरगति को प्राप्त होते हैं तो यूपी सरकार अपनी ओर से 50 लाख रुपये की सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देगी। उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए शहीद की प्रतिमा स्थापना, उनके नाम पर संस्था या मार्ग का नामकरण किया जाएगा। हमारी सरकार 2017 से लगातार इसे आगे भी बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी तरफ से डॉ. अंशुमान सिंह की प्रतिमा की स्थापना की गई है। अंशुमान सिंह का गोरखपुर कमिश्नरी के देवरिया में जन्म हुआ था। भारतीय सेना व भारत की सुरक्षा के प्रति उदग्र भाव ने उन्हें सेना की तरफ आकर्षित किया। चुनौतियों की परवाह किए बगैर कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए वे वीरगति को प्राप्त हुए। भारत सरकार ने कीर्तिचक्र से सम्मानित करते हुए उनके बलिदान का सम्मान किया है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, महापौर सुषमा खर्कवाल, शहीद अंशुमान सिंह के पिता रविप्रताप सिंह, मां मंजू सिंह, देवरिया के जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी, लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय, मेजर जनरल समीर सेठ, मेजर जनरल समर चटर्जी, मेजर जनरल जे. देवनाथ, ब्रिगेडियर एके सिंह, ब्रिगेडियर भूषण अस्थाना, ब्रिगेडियर अनिल वासुदेव, स्थानीय पार्षद धर्मेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही अक्षम्यः निदेशक

- लापरवाही बरतने वाले अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण
- लक्ष्य के अनुरूप कार्य न करने पर होगी कड़ी कार्यवाही

**लखनऊ।** सूडा की प्रत्येक योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों की है वो पूरी तत्परता व कर्तव्यनिष्ठा के साथ इस काम को करें। कार्य में शिथिलता व लापरवाही अक्षम्य है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ये बातें आज सूडा भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कहीं। सूडा भवन में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, डे-एनयूएलएम योजना व योजना के विभिन्न घटक, शक्ति रसोई की जनपदवार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निदेशक सूडा ने प्रत्येक जनपद में योजनाओं की प्रगति की हकीकत परखी। जिन जनपदों की ओर से अच्छी प्रगति वालों की प्रशंसा की। वहीं परियोजना अधिकारी झांसी, सीएलटीसी झांसी व सीएलटीसी फिरोजाबाद को कार्य में लापरवाही बरतने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान निदेशक सूडा ने कहा कि प्रदेश के कुछ जनपद तो लक्ष्य के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कुछ जनपद के जिम्मेदारों द्वारा उस गति से काम नहीं किया जा रहा है, जैसे की उनसे अपेक्षा है। अगस्त में लक्ष्य के अनुरूप कार्य न करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ मुख्यमंत्री अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना की समीक्षा के दौरान निदेशक सूडा ने कहा कि योजना से जल्द से जल्द ऐसी बस्तियों को आच्छादित किया जाए जहां पर इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

# ट्यूबवेल बिल माफी योजना में 31 अगस्त तक करायें रजिस्ट्रेशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- जनपद में मांग के अनुरूप किसानों को खाद की सप्लाई सुनिश्चित की जाये
- लखनऊ नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत ड्रेनेज सिस्टम पर स्थित अतिक्रमण तत्काल हटाया जाये

**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीयकार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि लखनऊ नगर निगम क्षेत्र के तहत जहां भी ड्रेनेज सिस्टम पर अतिक्रमण है उसे तत्काल कम से कम नुकसान एवं बल प्रयोग करते हुए हटाया जाए। उन्होंने कहा कि टयूबल बिल माफी योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थी 31 अगस्त तक अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें, जिससे उन्हें बिल माफी योजना का लाभ मिल सके। 31 अगस्त तक रजिस्टेशन न करा पाने की दशा में




किसानों को अपने बिल का भुगतान स्वयं करना होगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कृषकों को इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नालियों के ड्रेनेज को प्रभावित करने वाले रैम्प को प्रशासन द्वारा तोड़े जाने पर उस पर आने वाले व्यय को भी संबंधित व्यक्ति द्वारा वहन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए, जिससे आमजन को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। उद्योग स्थापना एवं संचालन में आसानी होगी। किसानो को शीघ्र बिना बिचौलियों के संस्थागत मार्केटिंग से जोड़ने का अवसर प्राप्त होगा। क्षेत्र विशेष में बोयी गयी फसलो के लिए आवश्यक कृषि निवेश की उपलब्धता हेतु कृषि इनपुट सप्लायर के साथ समन्वय की व्यवस्था किया जाना रबी 2023-24 में जियो रिफरेंस 534 ग्रामों में ई-खसरा पड़ताल 188162 गाटो का किया गया था। वर्तमान में 2024-25 खरीफ में ई-खसरा पड़ताल इसी माह के अंतिम सप्ताह में प्रारम्भ हो जाएगा। जनपद में किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से ग्रामीण महिला किसानो पर फोकस, महिलाओ को एफपीओ में संगठित करना, मशीनीकरण और मूल्य वर्धन की व्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान करता है। संसाधनो तक पहुँच और उन पर नियंत्रण मजबूत मूल्य श्रृंखलाओ को प्रोत्साहित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। इस जनपद में 51 एफपीओ कार्यरत है। डिजिटल मार्केटिंग को बढ़ावा देने के लिए जनपद लखनऊ में एफपीओ को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से लिंकेज किया गया है।

# योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचेः संयुक्त सचिव

## स्व-रोजगार के लिए प्रेरित करना डे-एनयूएलएम योजना का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना व डे-एनयूएलएम योजना समाज के उस वर्ग के लिए संचालित की जा रही है, जिसकी आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है। ऐसे लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही उनको स्व-रोजगार के लिए प्रशिक्षण देना व वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना भी योजना का लक्ष्य है।

उत्तर प्रदेश में योजनाओं के संचालन की स्थिति संतोषप्रद है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा अंत्योदय की भावना से काम करते हुए योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पाएदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करेगा। यह बातें बुधवार को सूडा भवन में भ्रमण पर आए राहुल कपूर, संयुक्त सचिव एवं मिशन



निदेशक, डे-एनयूएलएम तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने कही। संयुक्त सचिव राहुल कपूर मुख्यालय के समस्त अधिकारियों के साथ मुलाकात की तथा योजनाओं के और भी बेहतर क्रियान्वयन के लिए विचार-विमर्श किया। जिसके पश्चात संयुक्त सचिव राहुल कपूर ने सर्वप्रथम सूडा भवन में संचालित हो रही शक्ति रसोई पहुंचे। इस दौरान संयुक्त सचिव ने शक्ति रसोई का संचालन करने वाली समूह की महिलाओं से बातचीत भी की। इसी क्रम में संयुक्त सचिव ने अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वॉटर टेस्टिंग का काम करने वाली महिलाओं से भी मुलाकात की। संयुक्त सचिव ने महिलाओं से उनके काम के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। श्री कपूर ने कहा कि अमृत मित्र योजना का लक्ष्य सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है और इस कार्य को सुचारु ढंग से करने की जिम्मेदारी समूह की महिलाओं पर है और वो अपनी जिम्मेदारी को बाखूबी उठा रहीं हैं। वहीं समीक्षा बैठक में संयुक्त सचिव ने उत्तर प्रदेश में डे-एनयूएलएम व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार, अपर निदेशक सूडा श्री आनंद कुमार शुक्ला, उपनिदेशक सूडा कीर्ति प्रकाश भारती, सहायक निदेशक सूडा मोनिका वर्मा व कार्यक्रम अधिकारी अतुल सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# पीपीपी मॉडल पर निर्मित बस स्टेशन तय समय पर पूरा हो : दयाशंकर सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में पीपीपी माडल पर निर्मित होने वाले बस स्टेशनों को तय समय पर पूर्ण कराये जाने के दृष्टिगत आज परिवहन निगम के सभागार कक्ष में उच्चस्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों के साथ विकासकताओं को सम्मिलित करते हुए बस स्टेशन परियोजना के निर्माण कार्य को तीव्र गति से कराये जाने के निर्देश परिवहन मंत्री ने दिये।

परिवहन मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को इन बस स्टेशनों को आधुनिक बस टर्मिनल के रूप में दो वर्ष की निर्धारित अवधि में तैयार करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि विकासकताओं से उनकी कठिनाइयों के बारे में जानकारी लेते हुए उसका निराकरण करायें, जिससे कि तय समय में




लोगों को उच्चस्तरीय गुणवत्ता वाले बस स्टेशन की सुविधा मुहैया कराई जा सके। परिवहन मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं वाले बस स्टेशनों की सौगात देने का वादा किया है। इसके दृष्टिगत परिवहन निगम पर लोगों को शीघ्र अत्याधुनिक बस टर्मिनल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है। अपर मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू ने आश्वासन दिया कि परिवहन निगम के अधिकारी आपके निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे। तय समय पर बस टर्मिनल का निर्माण हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम परिवहन निगम उठायेगा। बैठक में मुख्यमंत्री मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, एमडी परिवहन निगम मासूम अली सरवर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एटीएम से बस टिकट पर नहीं लगेगा अतिरिक्त चार्ज

**लखनऊ।** एटीएम से ऑनलाइन बस का टिकट लेने पर कोई चार्ज नही लगेगा। जिससे यात्री कही भी बैठकर लग्जरी बसों में टिकट बुक करा सकता है। ऑनलाइन टिकट लेने पर कोई भी अतिरिक्त जार्च यात्री को नही देना पड़ेगा। इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारी कर लिया है। परिवहन विभाग के जन संम्पर्क अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि यात्री कही से भी गुगल, एटीएम, और ऑनलाइन ट्रांन्जेक्शन कर सकता है। यात्री को बस का टिकट लेने के लिए अब बस डिपो नही जाना पड़ेगा। वह घर बैठे साधारण बस और एसी बस का टिकट आनलाइन ले सकता है। इसके लिए यात्री को कोई भी अतिरिक्त चार्ज नही देना होगा। इसके लिए एक निजी संस्था को कार्य सौप दिया गया है। जिससे ऑनलाइन प्रक्रिया को और तेजी से शुरु किया जा सके। यात्री कम दूरी का टिकट लेता है तो उसे एटीएम पर 10 प्रतिशत कैश बैक नही मिलेगा लेकिन ज्यादा दूरी का टिकट लेने पर यात्री को कैश बैक मिलेगा। यात्री एक साथ दस से अधिक टिकट लेता है तो भी उसे छुट मिलेगा। इसके साथ ही बस डिपो में कब मिलेगी इसकी भी जानकारी आनलाइन मिलेगा। बस कहा तक पहुंची है इसकी भी जानकारी उपभोक्ता आनलाइन जांच कर सकता है।

## अवैध मिटटी कटान हर हाल में रोका जाये : डीएम

**लखनऊ।** अवैध मिटटी का खनन अब दिन में नही रात में हो रहा है। जिससे किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि रात में सब विभाग के अधिकारी को सेट कर लिया जाता है फिर मिटटी कही भी खोदा जाय और कही भी बेचा जाय इसके लिए कोई रोकता नही है। लेकिन किसी मिटटी खनन वाले ने कुछ भी पैसा देने से मना किया तो उसके खिलाफ रात में भी अभियान चलाकर उसकी गाड़ियों को भी जब्त कर दिया जाता है। ऐसे में डीएम सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध मिटटी का खनन नही होना चाहिए। शहर के अन्दर मिटटी खनन करना है तो इसकी परमिशन क्षेत्रिय अधिकारियों से लिया जाना चाहिए।

# एक्सप्रेस वे पर 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी बस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार लम्बी रुट के बसो की रफ्तार तय कर दिया है। अब एक्सप्रेसवे पर 60 की स्पीट से ही बस चल सकेगी। इसके साथ ही 300 किलोमीटर की दूरी पर दो जगह जलपान के लिए 20 मिनट रुकेगी। परिवहन निगम के क्षेत्रिय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि बसो का रुट तय होने से यात्रियों को समय पर बस और सुगम यात्रा करने को मिलेगा।

रोडवेज बसों के फेयर स्टॉप को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे हर स्टॉप पर अगल-अलग श्रेणियों के बसों के ठहराव से यात्रियों के सफर को और आसान बनाया जा सके। इसी मकसद से रोडवेज बसों की सेवाओं को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। जिसमें ग्राम्य सेवाएं, शटल स्थानीय, सिमित स्टॉप, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट सेवाएं हैं। इन बसों का ठहराव और रफ्तार तय किया गया है। परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक संचालन ने बताया कि गर्मी के




मौसम में यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। ऐसे में फेयर स्टॉप बढ़ने से किराये की दरों के निर्धारण में भी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लगातार प्रयास होते रहने चाहिए, जिससे किसी प्रकार की यात्रियों को असुविधा न हो। इसमें फेयर स्टॉप की भूमिका महत्वपूर्ण है। सुपरफास्ट सेवाएं में 35 हजार आबादी वाले उपनगरों में स्टापेज करेंगी। बस की औसत रफ्तार 54 किमी प्रति घंटा होगी। ग्रामीण बस सेवाएं के लिए ये बसें गांवों में रात में हॉल्ट करेंगी। हर स्टॉप पर रुकेंगी। औसत रफ्तार 40 किमी. प्रतिघंटा होगी। इसी तरह शटल स्थानीय सेवाएं में दो जिलों के बीच चलने वाली बसें सभी बस स्टॉपेज पर रूकेंगी। जिसकी रफ्तार 46 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। सिमित स्टॉप सेवाएं की बसों का रफ्तार 54 किमी प्रतिघंटा होगी।

# आरक्षण के मुददे को लेकर बसपा ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** आरक्षण के मुददे को लेकर बुधवार को हजरतगंज चौराहे पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकार्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रर्दशन के दौरान पुलिस ने सभी पैनी नजर रखी जिससे कोई बड़ी घटना नही हो सकी। हजरतगंज में लोगों को समझाने के लिए प्रशासन के तरफ से कई अधिकारी पहुंचे लेकिन प्रर्दशनकारी एक भी किसी की नही सुने। शाम को दफ्तरों की छुट्टी के बाद भी कई चौराहों पर वाहन रेंगे। इस दौरान स्कूल वाहन से लेकर एंबुलेंस, रोडवेज बसें, बाइक और कार सवार निकलने का रास्ता खोजते नजर आए। सुबह 10 बजे रिमझिम बारिश के दौरान कैंट में जदुनाथ चौराहे से जेल रोड चौराहे तक सड़क की एक लेन जाम रही। आगे कैंट से लालबत्ती चौराहे की ओर आने वाली सदर पुल लेन पर वाहनों की कतार लगी रही। रही सही कसर लोरेटो चौराहे ने पूरी कर दी। 11 बजे तक यही हाल रहा। बारिश रुकने पर सड़कों पर अचानक वाहनों का दबाव बढ़ गया और कई चौराहों पर वाहन सिग्नल तोड़कर दौड़ने लगे। इससे पॉलीटेक्निक, लोहिया, चारबाग, आलमबाग और अवध चौराहे पर सिग्नल बंद कर दिए गए तो स्थिति और बिगड़ गई। चौराहों पर ट्रैफिक कर्मी रास्ता खाली कराने के लिए जूझते रहे पर हालात में सुधार नहीं हुआ। इस बीच कंट्रोल रूम से रेसर को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे रेसर रास्ता खुलवाने के लिए मशक्कत करते नजर आए।

## मेदांता ने 18 महीनों में की 100 ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी

**लखनऊ।** मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ ने हॉस्पिटल के ब्रेस्ट कैंसर विभाग की स्थापना के बाद से पिछले 18 महीनों में यहां सफलतापूर्वक 100 ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी की गई हैं। डॉ. अमित अग्रवाल, कैंसर केयर, एंडोक्राइन और ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी के डायरेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 से 79 साल के मरीजों का सफल इलाज किया गया है। शुरूआती स्टेज के इलाज में ब्रेस्ट-प्रिजर्विंग ऑपरेशन और सेंटिनल लिम्फ नोड बायोप्सी शामिल हैं, जो सर्जरी की जटिलताओं को कम करने के साथ-साथ कैंसर का प्रभावी ढंग से इलाज करती हैं। ऐसे मरीजों के लिए मेदांता एडवांस्ड सर्जरी जैसे वायर गाइडेड एक्ससिजन की सुविधा प्रदान करता है।

# 34 वार्डों के 150 करोड़ का काम हथियाने में फर्जीवाड़ा

विशेष संवाददाता (vol)

- लॉयन सिक्योरिटी पर टेंडर में फर्जी कागज लगाने का आरोप
- दर्जन भर कार्यदायी संस्थाओं ने मेयर व नगर आयुक्त से की शिकायत

**लखनऊ।** शहर के तीन जोनों में करीब 150 करोड़ रु के कूड़ा प्रबंधन व सफाई का मे. लायन सिक्योरिटी व मे. नेचर ग्रीन (जॉइंट वेंचर में) को टेंडर अवार्ड किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। नगर निगम में सफाई का काम कर रहीं कई कार्यदायी संस्थाओं ने कंपनी के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर टेंडर पाने का आरोप लगाया है। 10 से ज्यादा फर्म मालिकों ने महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह से साक्ष्यों के साथ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

दस्तावेजों के आधार पर आरोप लगाया गया है कि टेंडर पाने के लिए जाली प्रमाण पत्र लगाए गए हैं। दरअसल, लॉयन सिक्योरिटी पहले से नगर निगम में काम कर रही है। इन दौरान यह काफी विवादों में रही है। यहां तक की इसे ब्लैकलिस्ट भी किया जा चुका है। कई बार करोड़ों का जुर्माना भी लगाया गया है। अब इसने दूसरी फर्म मे. नेचर ग्रीन के साथ मिलकर 3 जोन में सफाई का पूरा काम ले लिया है। बताया जा रहा है कि काम पाने के लिए नगर पालिका गाजियाबाद का फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाया गया है। वहां से कोई कागज जारी नहीं किया गया है। गलत तरीके से स्कैन पर फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप है।

इस मामले में गाजियाबाद नगर पालिका से जांच कराने की मांग की गई है। यह भी आरोप है कि संस्था कर ओर से नेटवर्थ सर्टिफिकेट वित्तीय वर्ष 2022-23 में 31 मार्च 2023 तक 9.92 करोड़ रुपये दिखाया गया है। 26 जुलाई 24 में नेटवर्थ 20.59 करोड़ दिखाया गया। आरोप है कि संस्था के बैलेंस शीट व टर्नओवर में कोई बदलाव नही है जो जांच का विषय है। शिकायकर्ताओं की ओर से यह भी बताया गया है कि लॉयन सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज की ओर से निविदा में अपलोड लेबर प्रमाण-पत्र संख्या वढरअ28706090 में मात्र 15 लेबर का रजिस्टर है। यह भी फर्जी है। यह लेबर विभाग के पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहा है। इसकी जांच करानी जाहिए। संस्था ने निविदा में अपलोड किए गए चरित्र प्रमाण-पत्र संख्या 915/418 12 जून को 2023 ऐडिट कर बनाया है, जो जिलाधिकारी कार्यालय लखनऊ की ओर से जारी किया गया है। इस प्रमाण-पत्र की जांच कराई जाए।

**6 विभागों से ब्लैक लिस्ट हो चुकी कंपनी :** आरोप है कि जिस कंपनी के साथ मिलकर काम लिया गया है वह मे. नेचर ग्रीन 6 विभागों से ब्लैक लिस्ट हो चुकी है। लॉयन सिक्योरिटी का नेचर ग्रीन टूल्स एवं मैकेनिज्म प्राइवेट लिमिटेड नोएडा से जॉइंट वेंचर है। ऐसे में इस कंपनी की जांच भी होनी चाहिए।

**जोन 2, 5 और 8 में काम कंपनी को मिला है :** लॉयन सिक्योरिटी को जोन 2, 5 और 8 में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, सेकेंड्री ट्रांसपोर्टेशन का काम मिला है। इसके अलावा रोड वे स्ट्रीट स्वीपिंग का काम उस कंपनी को दिया गया है। लखनऊ नगर निगम में लॉयन सिक्योरिटी के खिलाफ कई बार खराब काम करने के लिए जुर्माना तक लगाया जा चुका है। पूर्व नगर आयुक्त अजय द्विवेदी के समय कंपनी पर लाखों रुपये का जुर्माना हुआ था। अब उसी कंपनी ने एक दूसरी कंपनी के साथ संयुक्त रूप से नया टेंडर ले लिया है।

**सोशल मीडिया पर पार्षदों ने जताया विरोध :** भाजपा के पार्षदों ने लॉयन सिक्योरिटी को काम दिए जाने की जानकारी होने पर विरोध करना शुरू कर दिया था। अब फिर पार्षद राम नरेश रावत ने इस फर्जीवाड़े की जांच की मांग की है। सोशल मीडिया पर नगर निगम प्रशासन के इस फैसले का विरोध हो रहा है।

**दस्तावेजों की जांच के बाद होगी कार्रवाई :** पर्यावरण अभियंता संजय प्रधान का कहना है कि अभी फाइनेंशियल बिड खोली गई है। इसके बाद ही दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना है। प्रारंभिक तौर पर सभी दस्तावेज सही पाए गए थे। अब गाजियाबाद आदि जहां के भी पेपर लगाए गए हैं, उनका सत्यापन कराया जाएगा। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह का कहना है कि जो भी आरोप लगाए गए हैं उनकी जांच कराई जाएगी। अगर आरोप सही पाए जाते हैं तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# दादा-दादी हमारे शिक्षक और मित्र होते हैं : सर्वजीत सिंह



- अवध कॉलेजिएट ने मनाया दादा-दादी दिवस

**लखनऊ।** दादा-दादी परिवार का सबसे बड़ा खजाना, एक प्यारी विरासत के संस्थापक, महानतम कहानीकार और परंपरा के रखवाले हैं। दादा-दादी परिवार की सबसे मजबूत नींव होते हैं। अपने विशेष प्यार और देखभाल के माध्यम से, दादा-दादी एक परिवार को दिल से करीब रखते हैं। उन्हें सम्मानित करने के लिए, अवध कॉलेजिएट रामगढ़ शाखा ने बुधवार को दादा-दादी दिवस मनाया। संस्थापक प्रबंधक सर्वजीत सिंह, निदेशिका जतिंदर वालिया ने सभा को संबोधित किया और हम सभी के जीवन में दादा-दादी की भूमिका को बताया कि दादा-दादी हमारे शिक्षक और मित्र होते हैं। प्राइमरी विंग के छात्रों ने कविता, प्रश्नोत्तरी और गीत गाकर दादा-दादी दिवस मनाया क्योंकि हमारे दादा-दादी हमारे सबसे अच्छे समर्थन, अद्भुत शिक्षक और प्यार से भरी दुनिया हैं जो हमेशा हमारे लिए मौजूद हैं। प्रधानाचार्या नीरजा सिंह ने भी छात्रों को प्रेरित किया कि हमारे दादा-दादी ही है, जिन्होंने हमारे माता-पिता को जन्म दिया है, जो हमारे जीवन में एक विशेष स्थान रखते हैं इसलिए हमें उनका सम्मान करना चाहिए।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# अयोध्या से अपहरण कर चिनहट में बनाया बंधक

- मांगी गई 1.5 करोड़ की फिरौती, 5 लाख में तय हुआ मामला
- होटल मैनेजर के खाते में भी हुए रुपये ट्रांसफर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अयोध्या से एक युवक को स्कॉर्पियो सवार लोगों ने अपहरण कर उसे चिनहट कस्बा स्थित होटल क्लासियो इन में रात भर बंधक बनाकर रखा। घरवालों से पहले एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई। अपने आप को पुलिस की एसओजी टीम का बताकर अपहरणकताओं ने दो अलग-अलग खाते में परिजनों से रुपये मांगा लिये।

बुधवार को वह किसी तरह स्कार्पियों से नीचे कूदकर शोर मचाना शुरू कर दिया। यह देख अपहरणकर्ता वहां से भाग गए। युवक ने मटियारी चौराहे पर पुलिस को पूरी घटना बतायी। पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और होटल के मैनेजर को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। देर शाम चिनहट पुलिस ने स्कार्पियों को ट्रेस कर उसके मालिक तक पहुंच गई है। पीड़ित परिवार ने इस मामले में अयोध्या पुलिस को तहरीर दी है। मूल रुप से अमराई गांव अयोध्या का रहने वाला कर्मवीर सिंह (20) गुड़गांव में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। बीते 6 माह पूर्व वह गांव में अपना मकान बनवाने के लिए गुडगांव से अयोध्या आया था। उसी के गांव का शैलजा मिश्रा के परिचित मामा नाम के शख्स ने मंगलवार को डेढ़ बजे कर्मवीर को फोन किया और बताया कि वह अयोध्या में है और उससे मिलना चाहता है। पुराना परिचय होने के कारण कर्मवीर उससे मिलने पहुंच गया। मीरमऊ स्थित सब्जी मार्केट में दोनों की मुलाकात हुई। मामा काले रंग की स्कार्पियों पर सवार था और स्कार्पियों मनोज कुमार वर्मा नामक व्यक्ति चला रहा था। कर्मवीर के अनुसार थोड़ी दूर जाने के बाद स्कार्पियों में अजय और मुन्ना नामक दो व्यक्ति उस स्कार्पियों में बैठ गए। कर्मवीर बीच वाली सीट में बीच में बैठा था। इस बीच मामा ने कर्मवीर से कहा कि यार इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हैं। कुछ खर्च करो। कर्मवीर ने बीयर खरीदी। मामा और अन्य लोगों ने बीयर पी। इस बीच वह कामाख्या मंदिर भी गए। लौटते समय चाट खाने की बात कही। जिसके बाद वह उसे गाड़ी में पीटने लगे। उसका अपहरण कर चिनहट में आर्दश ढ़ाबा के पीछे क्लासियों इन होटल में ले गए। होटल में उसे बंधक बनाए रखा। उसको जान से मारने की धमकी देते हुए परिजनों से 1.5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। कर्मवीर के बहनोई अमित सिंह ने बताया कि बदमाश अपने आप को पुलिस की एसओजी टीम का सदस्य बता रहे थे। इस दौरान पांच लाख रुपये बतौर फिरौती की रकम तय हो गई। अपहरणकताओं के कहने पर कर्मवीर ने अपने जीजा अमित से फिरौती का एडवांस 30 हजार रुपये रविन्द्र सिंह नामक व्यक्ति के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया। वहीं कर्मवीर ने भी अपने खाते से 27 हजार रविन्द्र सिंह के खाते में भेजे। इसके बाद 40 हजार अमित के खाते से किसी सर्वजीत यादव के खाते में, कर्मवीर की बहन शालिनी के खाते से 20-20 हजार दो बार और 10-10 हजार दो बार में कूल 1 लाख 57 हजार रुपये बताए गए खाते में भेज दिया गया। कर्मवीर के परिजन रात को बाकी पैसों की व्यवस्था करने में जुट गए। इस बीच कर्मवीर का बहनोई अमित बहन शालिनी और शालू मोटरसाइकिल से रात को ही लखनऊ के लिए रवाना होने लगे। देर रात बदमाशों किसी दूसरी जगह जाने के दौरान कर्मवीर मटियारी चौराहे के पास मौका पाकर स्कॉर्पियो से कूद कर शोर मचाने लगा। अपहरण की बात पर चिनहट पुलिस हरकत में आई। वह होटल पहुंची पता चला कि जिस रविन्द्र के खाते में 57 हजार रुपये मंगवाये गये थे। वह होटल का मैनेजर है। चिनहट पुलिस ने होटल मैनेजर का हिरासत में ले लिया। चिनहट पुलिस अयोध्या पुलिस के सम्पर्क में है। पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी को ट्रेस कर लिया है। पुलिस स्कार्पियो की तलाश में फैजुल्लागंज पहुंची है। मामले में अयोध्या पुलिस की कार्रवाई का इंतजार कर रही है।

# फोटो खीचने पर किया छात्र का अपहरण

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में बास्केटबॉल खेलकर लौट रहे छात्र का जनेश्वर मिश्र पार्क के पास से स्कार्पियो सवार लोगों ने अपहरण कर लूटपाट की। जिसे बाद में कुर्सी रोड पर धमकी देते हुए फेंककर भाग निकले। पुलिस के मुताबिक, कैंट थाना क्षेत्र के निलमथा दुगार्पुरी कॉलोनी निवासी मन मिश्रा बीती 17 अगस्त को लविवि से बास्केटबॉल खेलकर लौट रहा था। रास्ते में जनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नंबर-4 के पास एनिमल चाय की दुकान पर मैगी खा रहा था। इसी दौरान स्कार्पियो सवार दो युवक गाड़ी की फोटो खींचने का आरोप लगाकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे जबरदस्ती अगवा कर ले गए। रास्ते में मोबाइल फोन छीन लिया। समता मूलक चौराहे के पास गाड़ी में दो और युवक बैठे। जिन्होंने चलती गाड़ी में उसके साथ मारपीट की। इस बीच एक युवक ने मोबाइल से साथ में पढ़ने वाली छात्रा की फोटो का वीडियो बनाया। जिसे वायरल करने की धमकी दी। उसके बाद कुर्सी रोड स्थित एक एटीएम से उसके कार्ड से 10 हजार रुपये निकले। इसके अलावा फोन पे से 13 हजार रुपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर सीतापुर

**पत्रांक :-230/न०पा०परि०लहरपुर/15वां/02 प्रतिशत/ई-निविदा 2024-25** **दिनांक 21/8/2024**

## ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर द्वारा 15वां वित्त आयोग से शासन द्वारा प्राप्त टाइड व अन्टाइड ग्रान्ट की प्रथम एवं द्वितीय किश्त की धनराशि व 02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क की प्राप्त धनराशि को जिलाधिकारी महोदयए प्रभारी अधिकारी स्थानि/अपरजिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना दिनांक 09.08.2024 के क्रम में ई-टेण्डर की वेबसाइट http//etender.up.nic.in के माध्यम से प्रमुख सचिव महोदय के पत्र सं. 3890/ नौः 5-19-14सा /2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 के क्रम में समस्त उत्तर प्रदेश के ठेकेदारों से ई-निविदाएं दिनांक 22/8/2024 से दिनांक 10-9-2024 11-9-2024 को शाम 2.00 अपरान्ह 2.00 बजे तक आनलाइन आमंत्रित की जाती है। जिसकी टेक्निकल विड दिनांक-टेण्डरिंग निविदा समिति द्वारा आनलाइन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे खोली जायेगी। उसके अगले दिन फाइनेन्शियल विड खोली जायेगी । निविदा के साथ धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी तथा निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद लहरपुर के भारतीय स्टैट बैंक खाता संख्या 38686316966 IFSC-CODE SBIN0008314 में जमा कर रशीद संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदादाता से न्यूनतम निविदा प्राप्त होने के उपरान्त सम्बन्धित नगर निगमो, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों मे पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क डिमांड ड्राफ्ट/ ई-बैंकिंग के माध्यम से जमा कराते हुए निविदादाता का पंजीकरण कर निविदा की शर्तों के अनुसार जमानत आदि की धनराशि जमा कराते हुए नियमानुसार अनुबन्ध गठित किया जायेगा। इच्छुक ठेकेदार/फर्म यह निविदा उक्त वेबसाइट से उपरोक्त दिनांक में अपरान्ह 2.00 बजे तक डाउनलोड कर निविदा अपलोड कर सकते है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी व शर्ते कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर व वेबसाइट http//etender.up.nic.in से देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद लहरपुर मे निहित है। निविदा दिवस में यदि अवकाश पड़ता है तो निविदा अगले दिन खोली जायेगी ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि 10% | निविदा मूल्य+GST 18% | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | **टाइड ग्रान्ट प्रथम एवं द्वितीय किश्त** | | | | |
| 1. | मो. कटरा में वक्फ बोर्ड मार्केट से दारा सोनार वाले की दुकान तक नाला निर्माण कार्य । | 2158000 | 176956 | 2160 | 3 माह |
| 2. | मो. कटरा में एसबीआई एटीएम से शब्बीर के मकान तक नाला निर्माण कार्य । | 2114000 | 173348 | 2120 | 3 माह |
| 3. | मो. इन्दिरानगर में केपी नर्सिंग होम से डा. रफीक मेडिकल शॉप पुलिया तक नाला निर्माण कार्य । | 2135000 | 175070 | 2140 | 3 माह |
| 4 | मो. भूलनपुर, मीराटोला में याकूब बरतन वाले की दुकान से डा. सब्बीर मार्केट पुलिया तक नाला निर्माण कार्य । | 2190000 | 179580 | 2190 | 3 माह |
| 5 | मो. मीराटोला में बाबा मार्केट से डिवाइडर रोड चौधरी मार्केट तक नाला निर्माण कार्य । | 2146000 | 175972 | 2150 | 3 माह |
| 6 | मो. बहलोलपुर में इसरार मार्केट से राजकीय महिला डिग्री कालेज तक नाला निर्माण कार्य । | 2094000 | 171708 | 2100 | 3 माह |
| 7 | मो. कटरा में एहतिशाम के गोदाम के पीछे से गामा के मकान तक नाला निर्माण कार्य । | 1561000 | 128002 | 1570 | 3 माह |
| 8 | काशीराम कालोनी में ओवर हेड टैंक का मरम्मत कार्य। 01 नग | 1251484 | 102622 | 1260 | 3 माह |
| | **अन्टाइड ग्रान्ट प्रथम एवं द्वितीय किश्त** | | | | |
| 1 | मो. काजीटोला में शब्बीर के मकान से छावनी पुलिया तक नाली इंटरलाकिंग कार्य । | 2706000 | 221892 | 2710 | 3 माह |
| 2 | मो. गन्नीटोला में रामभोला के मकान से प्रकाश के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य । | 3132000 | 256824 | 3140 | 3 माह |
| 3 | मो. नईबस्ती में मेंहदी हलवाई के मकान से मुजम्मिल तेल वाले के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य । | 1594000 | 130708 | 1600 | 3 माह |
| 4 | मो. ठठेरीटोला पूर्वी में नब्बन टेलर के मकान से गुलाम अहमद के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य । | 2083000 | 170806 | 2090 | 3 माह |
| 5 | मो. चौपड़ीटोला कटरा अस्तल में तौफीक मामा के मकान से एचएमएच स्कूल से मन्दिर तक नाली इंटरलाकिंग कार्य । | 2645000 | 216890 | 2650 | 3 माह |
| 6 | मा. लोखरियापुर में अनीस की दुकान से लाल मोहम्मद के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य | 3986000 | 326852 | 3990 | 3 माह |
| 7 | गो. चौपड़ीटोला में शकील के मकान से उमर के मकान होते हुए कलीम टेलर के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य । | 1507000 | 123574 | 1510 | 3 माह |
| 8 | मो. कटरा में हाजी रफीक के मकान से शकील के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य | 904000 | 74128 | 910 | 3 माह |
| | **02 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क** | | | | |
| 1 | मो. किनारीटोला में नईम ड्राईवर के मकान से सफीकुन, इब्राहिम के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य । | 515000 | 42230 | 520 | 3 माह |

**नोटः-** समस्त कार्यों की जमानत व निविदा मूल्य की अलग अलग रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**(अनरूद्ध कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**लहरपुर-सीतापुर**

**( जावेद अहमद )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**लहरपुर-सीतापुर**


# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो आरक्षी भर्ती परीक्षा, सतर्क रहें अफसर

- पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर डीजीपी सख्त, मतहतो को दिए कड़े निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** ।यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने आरक्षी नागरिक पुलिस - 2023 सीधी भर्ती के पदो पर आयोजित होने वाली परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर मतहतो के साथ बैठक कर 23 व 24 तथा 25 एवं 30 व 31अगस्त को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के कड़े निर्देश दिए है ।डीजीपी प्रशान्त कुमार ने आज पुलिस मुख्यालय में व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ व अपर पुलिस महानिदेशक यातायात एवं सड़क सुरक्षा और अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे तथा अपर पुलिस महानिदेशक - 112 एवं सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त तथा परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक से कहा है कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर परीक्षा केन्द्रों के आवागमन मार्ग पर स्थित सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील कर लिया जाये ।नये सीसीटीवी कैमरे भी पर्याप्त संख्या में अधिष्ठापित कराये जायें ।डीजीपी ने कहा है कि चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर ड्रोन कैमरों से चेकिंग कराई जाये ।परीक्षा को लेकर सभी विभागों से समन्वय बनाकर परीक्षा केन्द्रों का स्वयं एवं प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ स्थलीय भ्रमण कर परीक्षा केन्द्रों पर सम्भावित भीड़ तथा आगणित परिस्थितियों के अनुरूप अपेक्षित संसाधनों पर समय रहते विचार कर लिया जाए। समुचित पुलिस बल उपलब्ध कराते हुए सुरक्षा को लेकर कड़ी कार्रवाई की जाए ।डीजीपी ने कहा कि शिक्षा विभाग व परीक्षा केन्द्रों के प्रबंधकों और विभागों के साथ समन्वय बनाकर सतर्कता और तत्परता तथा संचरण योजना एवं कन्टिनजेन्सी प्लान को लेकर कार्ययोजना बनाई जाए । परीक्षा के दो दिन पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति के पश्चात अभ्यर्थियों व अभिभावकों के जिलों से प्रस्थान तक की स्थिति का समुचित आंकलन कर प्रभावी पुलिस प्रबंध किए जाये ।डीजीपी ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों तथा रेलवे मेट्रो स्टेशन एवं बस और टैक्सी स्टैण्ड तथा । होटल और रेस्टोरेन्ट पर भीड़ प्रबन्धन के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई की जाए। वहां के संचालकों और प्रबंधकों व अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों से पूर्व से वार्ता कर सतर्क दृष्टि रखी जाये ।डीजीपी ने कहा कि राजपत्रित अधिकारियों एवं मजिस्ट्रेट की संयुक्त रूप से डियूटी लगायी जाये तथा पुलिस बल की अधिक से अधिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाये ।डीजीपी ने कहा है कि जिन थाना क्षेत्रों में परीक्षा केन्द्र बनाये गये है वहाँ यूपी -112 पीआरवी के वाहनों के चार्ट में परीक्षा केन्द्र के आस - पास के महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों को भी चिन्हित कर लिया जाये ।परीक्षा को लेकर असामाजिक तत्वों का चिन्हीकरण कर अभिसूचना विभाग और एसटीएफ तथा जिला पुलिस से समन्वय स्थापित कर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाये । परीक्षा केन्द्रों के आस - पास ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग तथा परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन और आई ० टी ० गैजेट्स एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री ले जाने के लिए गाइड लाइन का पूर्णतः पालन सख्ती से किया जाए । परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश स्थलों पर अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए पर्याप्त संख्या में महिला एव पुरुष कर्मी तैनात किये जाए ।परीक्षा केन्द्रों के आस - पास स्थित फोटो कापी मशीन की दुकानों और साइबर कैफे तथा मोटरसाइकिल स्टैण्ड आदि के आस - पास प्रभावी चेकिंग की जाये ।डीजीपी ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों को पहुंचाने एवं उत्तर पुस्तिकाओं को कोषागार तक पहुंचाने के लिए जिला पुलिस नोडल अधिकारी और आब्जर्वर के सघन पर्यवेक्षण में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाये ।

# रेलवे लाइन के पास मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

लखनऊ। बंथरा इलाके में बुधवार को महिला का शव रेलवे लाइन के पास पड़ा मिला। सूचना पर पहुचें महिला के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। नगराम क्षेत्र के पतौना गांव निवासी राम प्रसाद के मुताबिक उन्होंने अपनी बेटी प्रीति (30) की शादी करीब 11 वर्ष पहले बंथरा के हरौनी स्थित हड़बिना खेड़ा निवासी सुरेश के साथ की थी। रामप्रसाद का कहना है कि करीब 8 दिन पहले सुरेश और प्रीति के बीच लड़ाई झगड़ा हुआ था। जिसमें सुरेश ने प्रीति को काफी मारा पीटा। जिसमें प्रीति को गंभीर चोटें आई थी। जिस पर प्रीति भाग कर घर आ गयी थी। आरोप है कि तीन दिन पहले सुरेश ने अपने भांजे को भेज कर प्रीति को अपने घर बुला लिया था। मंगलवार रात सुरेश और उसके भांजे ने मिलकर प्रीति को जान से मार दिया। बुधवार दोपहर जब वह बेटी की ससुराल पहुंचा तो उसके ससुराल वालों ने बताया कि प्रीति घर से बाहर शौच के लिए गई है। काफी देर तक जब प्रीति घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश की गयी। जिस पर प्रीति घर से करीब 50 मीटर दूर और लगभग 7 फीट ऊंची रेलवे बाउंड्री के अंदर और रेलवे पटरी से करीब बेसुध हालत में मिली। जिसे निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता रामप्रसाद का कहना है कि प्रीति के गले और शरीर के अन्य जगहों पर चोटों के निशान मिले हैं। जिससे साफ है कि उसकी मारपीट कर हत्या की गई है। उधर बंथरा थाना प्रभारी राम सिंह का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि वह शौच के लिए गई थी। तभी पैर फिसलने से गिरकर उसकी मौत हुई है। थाना प्रभारी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# करंट लगने से मिठाई करोबारी की मौत

मोहनलालगंज। निगोहां में मिठाई कारोबारी की करंट लगने से मौत हो गयी। निगोहां कस्बा निवासी सुनील कुमार गुप्ता कस्बे में वैष्णवी रेस्टोरेंट चलाते है। परिवारीजनों के अनुसार सुनील बुधवार की सुबह रेस्टोरेंट की सफाई कर रहा था। इस दौरान वह मिठाई काउंटर मे दौड रहे करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिवारीजनों ने उसे आनन-फानन में निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मौत की सूचना पाकर घर मे कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी नीतू व बेटी रिद्धी (4) व बेटा अदित्य गुप्ता (13) है। जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

# झूठे मुकदमें में फंसा कर जेल भेजने का आरोप

लखनऊ। पारा क्षेत्र में मौलाना की शिकायत पर जेल भेजे गये युवक की मां ने पुलिस पर जबरन झूठा मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है। बुधवार को पीड़ित की मां ने डीसीपी पश्चिमी कार्यालय में जाकर शिकायत दर्ज करायी है। महिला ने घटना से जुडी सीसीटीवी फुटेज अधिकारियों को सौंपी है। वहीं अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुवेर्दी ने एसीपी काकोरी की भूमिका संदिग्ध बताते हुए उनकी भूमिका की जांच किए जाने की मांग की हैं। पारा थाने में रविवार शाम मो. युनूस ने जितेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि वह बच्चों को पढ़ाने के बाद नमाज अदा करने जा रहे थे। तभी रास्ते में जितेंद्र ने उसे रोककर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट की। पुलिस ने जितेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। जिसके विरोध पर बुधवार को जितेन्द्र की मां लंकेश्वरी डीसीपी पश्चिमी कार्यालय पहुंची। उन्होंने अधिकारियों को घटना से जुडी सीसीटीवी फुटेज सौंपकर जांच की मांग की है। महिला ने बताया कि उसका बेटा जितेन्द्र बीटेक का छात्र है और वह यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। उसके घर के बगल मस्जिद है। जिसमें तेज आवाज से लाउडस्पीकर बजता है। कई बार जितेन्द्र ने मौलाना से धीमी गति में लाउडस्पीकर बजाने के लिए कहा, लेकिन मौलाना ने बात नहीं मानी। बीते रविवार को जितेन्द्र कूड़ा डालने गया था।

# यौन शोषण में नर्सिंग होम मैनेजर गिरफ्तार

**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने हॉस्पिटल में आया का काम करने वाली महिला के साथ यौन शोषण के आरोप नर्सिंग होम मैनेजर को गिरफ्तार किया है।

पीड़िता ने बताया कि वह मूल रूप से अमेठी की रहने वाली है। जो वर्तमान में पार्क रोड पर रहती है। उसने बताया कि जुलाई 2023 में तबीयत बिगड़ने पर पति को मड़ियांव केशव नगर स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां मैनेजर सतीश यादव से उसकी पहचान हुई थी। आर्थिक रूप से परेशान महिला की मदद करने के बहाने से सतीश ने उससे नजदीकी बनाई। इसके बाद आरोपी ने महिला को नर्सिंग होम में आया की नौकरी दे दी। आरोप है कि मुलाकात के दौरान आरोपी ने महिला की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी हासिल कर लिए। जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि सतीश अक्सर उसकी ड्यूटी रात में लगाता था। दिसंबर 2023 में नाइट शिफ्ट के दौरान सतीश ने महिला को नशीला पदार्थ खाने में मिला कर दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला से गलत काम किया। होश आने पर पीड़िता ने सतीश की हरकत का विरोध किया।


## सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 212766252 मूल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है। निखिल दूबे पुत्र प्रकाश दूबे ग्राम चौकड़ी पोस्ट कोड़री जनपद-गोरखपुर।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है मेरी पालीटेक्निक की फाइनल वर्ष की मार्कशीट जिसका सी.नं. 19033911, उत्तीर्ण वर्ष 2019, इनरोलमेन्ट नं. E1671332800048 है वास्तव में कहीं खो गयी है। अमित यादव पुत्र श्री राम यादव नि.- 599A/139 आलम विहार कालोनी, आलम नगर, लखनऊ।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट पर त्रुटिवश अनुरोध कुमार अंकित है, जबकि मेरा सही नाम अनुरोध कुमार जैन है। अतः अनुरोध कुमार एवं अनुरोध कुमार जैन दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। भविष्य में अनुरोध कुमार को अनुरोध कुमार जैन के नाम से ही जाना व पहचाना जाय। अनुरोध कुमार जैन नि.-सी-413, सी-ब्लाक इन्दिरा नगर, लखनऊ।


# ढाई माह में 166 चोरियां... फिर भी लखनऊ पुलिस मुस्तैद

## लोगों की मेहनत से कमाई गई दौलत को काकरोच की तरह चाट रहे हैं बेखौफ चोर

- दावों का दम दिखाती पुलिस, पूर्वी जोन में हुई 50 चोरी की घटना

राजा शेख (vol)

**लखनऊ।** जहां एक तरफ कमिश्नर लखनऊ अपने मातहतों को इलाके में गश्त करने के लिए आदेशित करते रहते हैं ताकि चोरी की घटनाएं कम हो लेकिन उनके मातहत उनके आदेश को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इस लापरवाही का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शहर में चोरी की घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। जिसका खामयाजा लखनऊ की जनता को भुगतना पड़ रहा है।



ऐसे में सरकारी आंकड़ों को देखा जाए तो जून,2024 से 21 अगस्त 2024 तक सौ से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें लोगों की गाढ़ी कमाई पर यह शातिर चोर पुलिस गश्त और उनके खौफ से बेखबर होकर माल बटोर कर रफू चक्कर हो रहे हैं। वहीं पुलिस पीड़ितों की तहरीर पर काफी जददोजहद के बाद मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति कर रही है। वहीं पुलिस अफसरों का दावा है कि उनकी पुलिस रात्रि गश्त कर चोरी की घटनाओं पर लगातार अंकुश लगा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जब पुलिस इतनी मुस्तैद है तो चोरियां कैसे हो रही हैं जबकि किताबी आंकड़ों को माने तो शहर में चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है तो फिर यह शातिर चोर लोगों की गाढ़ी कमाई पर कैसे डाका डाल रहे हैं।

### पशिमी जोन में 40 चोरियां

जून 2024 से 21 अगस्त 2024 के आंकड़ों देखा जाऐ तो लखनऊ के पश्चिमी जोन में चालीस चोरियां हुई हैं जिसमें पारा थाना ने चोरियों में पहला नम्बर हासिल किया है जहां 13 चोरियां हुई हैं। वहीं दूसरे स्थान पर तालकटोरा जहां पर 8 चोरियां हुई हैं और वह तीसरे स्थान पर हैं जबकि ठाकुरगंज में चोरियां दर्ज हुई हैं।

### उत्तरी जोन में मात्र 38 चोरियां

जून 2024 से 21 अगस्त 2024 तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार अगर उत्तरी जोन की तरफ नजर डाली जाये तो इंदिरानगर थाना पहले स्थान पर है जहां पर 10 चोरियां हुई हैं और वहीं दूसरे स्थान पर जानकीपुरम थाना आता है जहां पर 9 चोरियां दर्ज हुई हैं जबकि गाजीपुर में 2 गुडम्बा में 5 अलीगंज में दो इटौंजा में तीन मड़ियांव में एक व बीकेटी दो चोरियां हुई हैं।

### दक्षिणी जोन में 30 चोरियां दर्ज

जून 2024 से 21 अगस्त 2024 के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो दक्षिणी जोन के नगराम थाना इलाके में सबसे अधिक 10 चोरियां दर्ज हुई और यह थाना पहले स्थान पर रहा वहीं निगोहा में 6 चोरियां दर्ज होने के साथ यह थाना दूसरे स्थान पर रहा जबकि बिजनौर में चार मोहनलालगंज में 4 और बंथरा में भी चार चोरी के मुकदमें दर्ज हुए हैं।

### मध्य जोन में दर्ज हुए 8 चोरी के मुकदमें

जून 2024 से 21 अगस्त 2024 के आंकड़ो को देखा जाए तो हुसैनगंज में तीन चोरी के मुकदमे दर्ज हुए जबकि हजरतगंज, नाका और हसनगंज में दो-दो चोरी के मुकदमें दर्ज हुए हैं।



भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पुस्तक का विमोचन करती राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य



शिवम अवस्थी को स्वर्ण पदक से सम्मानित करतीं राज्यपाल



पदक मिलने के बाद खुशी जाहिर करते छात्र

फोटो-समीर भटनागर

# भारत की सांस्कृतिक परम्परा पूरे विश्व के लिए आकर्षण का केन्द्र

## भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह संपन्न, शिवम अवस्थी को मिले दस स्वर्ण पदक



### घर में बिना बताये नृत्य में प्रवेश लिया : शिवम अवस्थी

सर्वोच्च पदक समेत दस स्वर्ण पदक पाने वाले शिवम अवस्थी ने घर वालों से बिना बताये नृत्य में प्रवेश लिया था। सीतापुर के शिवम ने बताया कि शुरूआत में पिता रमाकांत और माता निशा को पसंद नहीं था कि उनका लड़का नृत्य करे। फिर धिरे-धिरे उन्हें समझ आया तो उन्होंने मेरा सपोर्ट किया। आगे शिवम कहते हैं कि ये मुकाम हासिल करने के लिए मैंने काफी मेहनत की तब जाकर मुझे ये सम्मान मिला। आगे मैं चाहता हूं कि नृत्य के क्षेत्र में मैं अपना भविष्य बनाना चाहता हूं और अपने माता-पिता का नाम रोशन करना चाहता हूं। आगे शिवम अवस्थी कहते हैं कि मेरी इस सफलता में सिर्फ मेरी मेहनत ही नहीं बल्कि मेरे गुरुओं का भी अहम योगदान है। बिना गुरुओं की मेहनत के बिना सफलता मिलना इतना आसान नहीं होता।



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ का 14वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। समारोह में कुल 159 उपाधियों का वितरण किया गया। इनमें से स्नातक के 83 परास्नातक के 74 व पी.एच.डी. के दो विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। समारोह में कुल 22 विद्यार्थियों को 29 स्वर्ण, 10 रजत और 08 कांस्य सहित 47 पदकों का वितरण कुलाधिपति जी द्वारा किया गया। दीक्षांत समारोह में 31 छात्रों और 16 छात्राओं को पदक प्रदान किया गया। दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल जी द्वारा बटन दबाकर उपाधियों को डिजिलॉकर में अपलोड किया गया।

राज्यपाल ने उपाधि और पदक प्राप्तकताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को दीक्षांत समारोह की शुभकामनाएं दी। उन्होंने संगीत संस्थान की स्थापना में योगदान देने वाले पंडित विष्णु नारायण भातखंडे जी को अपनी श्रद्धांजलि देते हुए संगीत को जीवन का अभिन्न अंग बताया और कहा कि प्रकृति के कण-कण में संगीत है। जब वर्षा होती है, नदियां बहती हैं, हवाएं चलती हैं, पक्षी चहकते हैं इन सब में संगीत है। राज्यपाल ने भारत की संस्कृति को अत्यंत समृद्ध और विविधता पूर्ण बताते हुए कहा कि यहाँ कलाओं की अनेक परंपराएं हैं। किसी भी देश की संस्कृति और परम्परा ये दो ऐसी महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं, जो राष्ट्र को विशेष पहचान देती हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को संरक्षित करने के लिए संस्कृति को संरक्षित करना बहुत जरूरी है। भारत की सांस्कृतिक परम्परा को पूरे विश्व के लिए आकर्षण का केंद्र बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारे अनेक महान रचनाकारों ने आध्यात्म, साहित्य, रस और सौंदर्य के माध्यम से भारतीय कला और दर्शन को अमृत प्रदान किया है। राज्यपाल ने कहा कि कला का जीवन से गहरा संबंध है और भारतीय संगीत की परम्परा के प्रमाण वैदिक काल से ही मिलते हैं। उन्होंने कला एवं संगीत के क्षेत्र के कुछ महान कलाकारों का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का सांस्कृतिक इतिहास भव्य रहा है। ऐसे ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में इस विश्वविद्यालय में भारतीय संस्कृति का अध्ययन, अध्यापन और शोध इसे विश्व में विशेष स्थान दिलाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय जीवन से प्रेरित शिक्षा ही किसी भी देश के विकास में उचित योगदान दे सकती है। अपनी जड़ों से कटी हुई शिक्षा असफल होती है। शिक्षा को लोगों के सामाजिक और आर्थिक परिवेश से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मिलने वाला प्रशिक्षण अस्तित्व के लिए संघर्ष में मददगार होना चाहिए। राज्यपाल ने अपने संबोधन में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी की परिकल्पना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की पहल भारत की सांस्कृतिक विरासत को फिर से जीवंत करने की गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य की पूर्ति में आप सभी अपना योगदान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जीवन के अतिरिक्त समाज और पर्यावरण के प्रति भी हमारी कुछ प्रतिबद्धताएं होनी चाहिए। मौसम चक्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अध्ययन के साथ-साथ ऐसी चुनौतियों में भी विद्यार्थियों को अपना सहयोग प्रदान करते हुए देश के सहयोग में भागीदार बनना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के लिए कारगर सिद्ध होगा। उन्होंने जल संरक्षण और कम ऊर्जा खपत करने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए कम से कम पांच गाँवों में जाकर वहाँ की महिलाओं और बच्चों से मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक प्राइमरी स्कूलों में जाकर बच्चों को संगीत की शिक्षा प्रदान करें और साथ ही बच्चों में उनकी रुचियों की पहचान कर उन्हें उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि गाँवों में कम से कम एक बार भाषण, लेखन, संगीत, या खेल प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालयों द्वारा अवश्य कराया जाना चाहिए, ताकि वहाँ के बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सके। राज्यपाल ने 50 प्रतिशत हायर एजुकेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आंगनबाड़ी से शुरूआत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ियों में छोटे बच्चों को कौशल संबंधित शिक्षा प्रदान करना अनिवार्य है, ताकि वे शुरूआत से ही शिक्षा और कौशल विकास के महत्व को समझ सकें। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा, यदि भारत को समृद्ध बनाना है, तो हमें आंगनवाड़ी से ही शिक्षा की शुरूआत करनी होगी। विश्वविद्यालयों को इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और उनके प्रयासों से ही शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ डिग्री प्राप्त करना नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना और उन्हें निभाना भी है। इस अवसर पर कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय की स्मारिका का विमोचन किया तथा प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग व पाठ्य सामग्री प्रदान किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव के विद्यालयों के मध्य आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति स्वरूप भेंट देकर उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही राज्यपाल जी ने जनपद उन्नाव की 200 आंगनबाड़ियों को किट प्रदान किया तथा राजभवन की तरफ से प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापकों को पुस्तक भेंट की। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि एवं संस्थापक स्पिक मैके, पद्मश्री डॉ. किरण सेठ ने भी इस अवसर पर छात्रों को प्रेरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम और नियमित रियाज की मदद से ही विद्यार्थी अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं। अपने सपनों को पूरा करने के लिए यह जरूरी है कि आप निरंतर प्रयास करते रहें और अपनी क्षमताओं को निखारें।

### तबला वादन में ही करियर बनाना चाहता हूं : नीलांचल पाण्डेय



एमपीए तबला के छात्र नीलांचल पाण्डेय को पडित सखाराम मृदंगाचार्य स्वर्ण पदक और स्वामी पागल दास मृदंगाचार्य स्वर्ण पदक मिला। इंदिरानगर के मुंशी पुलिया में रहने वाले नीलांचल के पिता सारंग बनारस घराने के प्रख्यात तबला वादक हैं। नीलांचल ने बताया कि इस सफलता के लिए मैं अपने गुरु और माता-पिता को धन्यवाद देना चाहता हूं। आगे नीलांचल कहते हैं कि मेरे लिए मेरे पिता ही मेरे प्रेरणश्रोत हैं, उन्हीं को देखते हुए बड़ा हुआ हूं। उनकी कला के प्रति समर्पण जब देखता हूं तो मुझे खुद-ब-खुद प्रोत्साहन मिल जाता है। आगे नीलांचल कहते हैं कि मैं संगीत जगत में अपना मुकाम बनाना चाहता हूं और अपने माता-पिता और भातखंडे का नाम रोशन करना चाहता हूं।

### गायन में खुद को स्थापित करना चाहता हूं : अनुराग मौर्य

पदकों की सूची में तीसरे स्थान पर एमपीए गायन विभाग के अनुराग मौर्या इसी क्षेत्र में खुद को स्थापित करना चाहते हैं। अनुराग कहते हैं कि शास्त्रीय गायन में ही मैं अपना करियार बनाना चाहता हूं और अपने माता-पिता के साथ-साथ भातखंडे का भी नाम रोशन करना चाहता हूं। अनुराग राजाजीपुरम में रहते हैं। पिता अनिरुद्ध सरकारी नौकरी में हैं और माता उमा मौर्या गृहणी हैं।

### मेरा मन बचपन से नृत्य की ओर था : सौम्या वर्मा



सोम्या वर्मा विश्वविद्यालय में दूसरे स्थान पर हैं। सौम्या ने बताया कि घर में कोई भी संगीत या नृत्य के क्षेत्र में नहीं है। मेरा मन बचपन से नृत्य की ओर था। बचपन से डांस करती हूं और एमकॉम करने के बाद भातखण्डे में प्रवेश लिया। आगे सौम्या कहती हैं कि मैं इसी क्षेत्र में कड़ी मेहनत करके अपना करियर बनाना चाहती हूं, और अपने माता-पिता का नाम रोशन करना चाहती हूं। आगे सौम्या कहती हैं कि मेरी इस सफलता में सिर्फ मेरा ही योगदान नहीं है बल्कि मेरे माता-पिता के अलावां मेरे शिक्षकों ने भी मेरा खूब साथ दिया, तब जाकर मैं इस मुकाम तक पहुंची हूं।

### माता-पिता और शिक्षकों का अहम योगदान : अंकित कुमार



सितार में तीन स्वर्ण पदक पाने वाले अंकित कुमार कहते हैं कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए मैंने कड़ी मेहनत की और इसका श्रेय मैं अपने माता-पिता को देना चाहता हूं। अगर माता-पिता ने मुझे प्रोत्साहित न किया होता तो शायद मैं यहां तक नहीं पहुंचता। अंकित आगे कहते हैं कि मैं नेट की तैयारी कर रहा हूं, इसी क्षेत्र में जाकर देश की सेवा करना चाहता हूं। अंकित वैसे उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शहर के रहने वाले हैं। अंकित की माता हाउस वाइफ हैं और पिता उनके उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं।

### स्वर्ण पदक जीतने का श्रेय मेरे गुरुओं को : आकांक्षा राय



तबले में गोल्ड मैडल जीतने वाली आंकाक्षा राय कहती हैं कि मैं इस स्वर्ण पदक के जीतने का श्रेय अपने गुरुओं को देना चाहती हूं, क्योंकि जब मैने भातखंडे में दाखिला लिया उस समय मुझे तबले पर हाथ भी रखना नहीं आता था, मगर मेरे गुरुओं के अथक प्रयास से मैंने ये मुकाम हासिल किया और तबले में स्वर्ण पदक जीता। आगे आकंक्षा कहती हैं कि मेरी क्लास में मैं एकलौती लड़की थी जो तबले की शिक्षा ग्रहण कर रही थी, फिर भी मेरे गुरुओं ने मेरा खूब उत्साहवर्धन किया और सफलता दिलायी। आगे आंकक्षा कहती हैं कि मैं अपने गुरु मनोज मिश्रा, अनंत त्रिपाठी सहित सभी गुरुओं का धन्यवाद करती हूं।

### पीएचडी करना चाहता हूं : आमिर हुसैन खान



तबले में कांस्य पदक जीतने वाले राजधानी लखनऊ के आमिर हुसैन खान संगीत के साथ-साथ प्रशानिक सेवा में अपना करियार बनाना चाहते हैं, आमिर ने दो साल पहले भातखंडे में दाखिला लिया और कांस्य पदक जीता। आगे आमिर कहते हैं कि मैं पीएचडी करना चाहता हूं। उनका परिवार में लखनऊ घराने से ताल्लुक रखता हैं। आमिर के माता-पिता सरकारी कर्मचारी हैं। आगे आमिर हुसैन खान कहते हैं कि लखनऊ घराने से ताल्लुक रखने के कारण मेरी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। अभी मुझे आगे और मेहनत करनी है।

# अखंड सौभाग्य का प्रतीक कजरी तीज व्रत आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भादों महीने में कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को कजरी तीज का पर्व मनाया जाता है। इस बार यह कजरी व्रत 22 अगस्त दिन गुरुवार को है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं, साथ ही सोलह श्रृंगार कर गौरी-शंकर की पूजा करती हैं। कजरी तीज का व्रत करवा चौथ की भांति निर्जला व्रत के साथ रखा जाता है और शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोल जाता है।

**पूजा का शुभ मुहूर्त:** हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि का आरंभ 21 अगस्त 2024 को शाम 5 बजकर 6 मिनट से होगा। तृतीया तिथि समाप्त 22 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 46 पर होगी। इस साल कजरी तीज का व्रत 22 अगस्त 2024, गुरुवार को रखा जाएगा। 22 अगस्त को चंद्रोदय रात 8 बजकर 20 मिनट पर होगा।

**कजरी तीज पूजा सामग्री लिस्ट:** दीपक, घी, तेल, कपूर, अगरबत्ती, पीला वस्त्र, हल्दी, चंदन, श्रीफल, गाय का दूध, गंगाजल, दही, मिश्री, शहद, पंचामृत, कच्चा सूता, नए वस्त्र, केला के पत्ते, बेलपत्र, शमी के पत्ते, जनेऊ, जटा नारियल, सुपारी, कलश, भांग, धतूरा, दूर्वा घास आदि पूजा सामग्रियां। माता पार्वती के लिए हरे रंग की साड़ी, चुनरी, बिंदी, चूडियां, कुमकुम, कंघी, बिछुआ, सिंदूर और मेहंदी आदि सुहाग की चीजें

**कजरी तीज की पूजन विधि:** कजरी तीज के दिन नीमड़ी माता की विशेष रूप से पूजा-अर्चना की जाती है. इस दिन सुबह स्नानादि के बाद निर्जला व्रत का संकल्प लें। कजरी तीज के अवसर पर नीमड़ी माता की पूजा करने का विधान है। पूजन से पहले मिट्टी व गोबर से दीवार के सहारे एक तालाब जैसी आकृति बनाई जाती है और उसके पास नीम की टहनी को रोप देते हैं। तालाब में कच्चा दूध और जल डालते हैं और किनारे पर एक दीया जलाकर रखते हैं। फिर नीमड़ी माता को जल की छींटे दें और उन्हें रोली, अक्षत व मोली चढ़ाएं। इसके बाद पूजा के कलश पर रोली से टीका लगाएं और कलावा बांधें. फिर नीमड़ी माता के पीछे दीवार पर अंगुली से मेहंदी, रोली और काजल की 13-13 बिंदिया लगाएं।

ध्यान रहे कि रोली और मेहंदी की बिंदी अनामिका अंगुली और काजल की बिंदी तर्जनी अंगुली से लगाएं। इसके बाद नीमड़ी माता को इच्छानुसार किसी एक फल के साथ दक्षिणा चढ़ाएं, फिर नीमड़ी माता से पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करें। इसके बाद किसी तालाब के किनारे दीपक के उजाले में नींबू, नीम की डाली, ककड़ी, नाक की नथ और साड़ी का पल्लू देखें। आखिर में चंद्रमा को अर्घ्य दें और सुख-संपन्नता के लिए प्रार्थना करें।

# मंच पर कलाकारों ने बिखेरी देशभक्ति की अनुपम छटा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** म्यूज़िक एकॉस्टिक्स ह्यूमैनिटी आर्ट थियेटर वैलफेयर एसोसिएशन (महत्व) ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों की असीमित ऊर्जा को रचनात्मक एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से ओ देश मेरे - 2024 एन इंडिपेंडेंस डे फेस्टिवल श्रृंखला के अंतर्गत बाल नाट्य एवं नृत्य कार्यशालाओं के उपरांत उनकी प्रस्तुति आज स्थानीय वाल्मीकि रंगशाला संगीत नाट्य अकादमी परिसर में की गयी।



दीप प्रज्जवलन एवं अतिथियों के शुभाशीष एवं कोरियोग्राफर नीलाक्षी श्रीवास्तव की गणेश प्रस्तुति के उपरांत संध्या की प्रथम प्रस्तुति नाटक छुक छुक गाड़ी मे जहां निर्देशक ने अंग्रेजी शासन काल में रेल गाड़ी में सफर के दौरान हम भारतीयों के साथ होने वाले भेद भाव और कई अत्याचारों के उपरांत क्रांतिकारियों की अंग्रेजों के खिलाफ मिलकर उठाई गई आवाज को संघर्ष को अत्यंत भावनात्मक दृश्यों द्वारा दशार्या गया। अपने सशक्त डायलॉग्स के मध्यम से कलाकारों ने दर्शकों को बांधे रखा, वहीं द्वितीय प्रस्तुति देश भक्ति से ओतप्रोत लहरा दो लहरा दो शीर्षक के अंतर्गत विभिन्न उम्र की बेटियों ने देशप्रेम को दशार्ती एक से बढ़कर एक खूबसूरत नृत्य प्रस्तुतियां जैसे तेरी मिट्टी, आर्मी एक्ट, कल्चर डांस, देश रंगीला, राधा कृष्ण एवं समाप्ति पर ग्रैंड फिनाले पर सभी बच्चों ने एक साथ लहरा दो लहरा दो और मिले सुर मेरा तुम्हारा गीत पार शानदार नृत्य प्रस्तुति दी।

डांस कोरियोग्राफी अर्चना रावत, नीलाक्षी श्रीवास्तव एवं हेड कोऑर्डिनेटर अनुशिका के संरक्षण में ईशु, तनिष्का, प्रियंका, एंजल, अदिति, अपराजिता, गौरी, भव्या, कोमल, शिप्रा, सिद्धि, शिफा, आंचल, परी, श्रेया, संध्या, वैष्णवी यादव, वंशिका, वैष्णवी गुप्ता, मानसी, लावण्या, आस्था, गुड़िया, महिमा, अंजली, साक्षी, नैना, राशी, प्रियांशी, अनामिका, पूजा, निशा, शगुन सिंह कशिश, शगुन रावत, अविका, निहारिका, श्रुति, वर्षा, श्रेया, नैंसी, रश्मि, नबीहा, इशानी ने देश को समर्पित एक से बढ़कर एक खूबसूरत पंजाबी, गुजराती, कश्मीरी, राजस्थानी, लावनी, आर्मी एक्ट एवं तेरी मिट्टी में मिल जावां सांग पर ग्रुप डांस परफॉर्मेंस दी, वहीं थियेटर वर्कशॉप में मंच परे राइटर डायरेक्टर बृजेश कुमार चौबे सह निर्देशन एवं वेश भूषा अनामिका रावत, प्रस्तुति नियंत्रक एवं संगीत निर्देशन करण दीक्षित ने देश पर बलिदान अमर क्रांतिकारियों की अविस्मरणीय गाथाओं को बेहतरीन संदेशात्मक नाटक छुक छुक गाड़ी में अपने बेजोड़ अभिनय और भावों द्वारा चित्रित किया।

# तीन ट्रेनें निरस्त, कई परिवर्तित मार्ग से चलायी गयीं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मण्डल के नरकटियागंज-पनियहवा रेल खण्ड पर पैच दोहरीकरण कार्य के सम्बन्ध में स्थित हरिनगर एवं भैरोगंज स्टेशनों पर नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण निम्नवत किया जायेगा ।

जिन ट्रेना को निरस्त किया गया है उनमेंनरकटियागंज से 22 अगस्त को चलने वाली 05039 नरकटियागंज-गोरखपुर कैण्ट अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी । गोरखपुर कैण्ट से 22 अगस्त को चलने वाली 05450 गोरखपुर कैण्ट-नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी । नरकटियागंज से 22 अगस्त को चलने वाली 05449 नरकटियागंज-गोरखपुर कैण्ट अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी ।

जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें आनन्द विहार टर्मिनस से 21 अगस्त को चलने वाली 12212 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक एक्सप्रेसपरिवर्तित मार्ग गोरखपुर-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी । मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, चकिया स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 21 अगस्त को चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी ।मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी, मोतीपुर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। गोरखपुर से 22 अगस्त को चलने वाली 15052 गोरखपुर-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी ।मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी पिपराइच, कप्तानगंज-सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, चकिया, मेहसी स्टेशनों पर नहीं रूकेगी । आनन्द विहार टर्मिनस से 21 अगस्त को चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग कप्तानगंज-नरकटियागंज-सगौली के स्थान पर कप्तानगंज-सीवान- मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल के रास्ते चलाई जायेगी ।श्री माता वैष्णो देवी कटरा से 21 अगस्त को चलने वाली 15656 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-नरकटियागंज-रक्सौल- सीतामढ़ी-समस्तीपुर के स्थान पर गोरखपुर-छपरा- मुजफ्फरपुर -समस्तीपुर के रास्ते चलाई जायेगी । पुनर्निर्धारण के तहत बापूधाम मोतिहारी से 22 अगस्त को चलने वाली 14009 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनस द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई गई।

## ट्रेनों के मार्ग बदलने से यात्री हो रहे परेशान

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के कटनी मुड़वारा-बीना खंड पर तीसरी लाइन के कार्य के परिप्रेक्ष्य में दमोह स्टेशन पर प्री-नॉन इंटरलॉकिंग एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

जिन ट्रेनों को निरस्त किया गया है उनमें बान्द्रा टर्मिनस से 02 एवं 09 सितम्बर को चलने वाली 19091 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 03 एवं 10 सितम्बर को चलने वाली 19092 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें अहमदाबाद से 08 सितम्बर को चलने वाली 19421 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संत हिरदाराम नगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलाई जायेगी। म इस गाड़ी का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव कटनी स्टेशन पर रहेगा ।पटना से 10 सितम्बर को चलने वाली 19422 पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-इटारसी-भोपाल-संत हिरदाराम नगर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा स्टेशनों पर नहीं रहेगा। इस गाड़ी का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव कटनी स्टेशन पर रहेगा। गोरखपुर से 25 अगस्त से 12 सितम्बर तक चलने वाली 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-इटारसी-भोपाल-संत हिरदाराम नगर के रास्ते चलाई जायेगी। इस गाड़ी का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव कटनी स्टेशन पर रहेगा ।अहमदाबाद से 10 एवं 11 सितम्बर को चलने वाली 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संत हिरदाराम नगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव विदिशा, बीना, सागर, दमोह एवं कटनी मुड़वारा स्टेशनों पर नहीं रहेगा। इस गाड़ी का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव कटनी स्टेशन पर रहेगा। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 27 अगस्त को चलने वाली 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया एक्सप्रेसपरिवर्तित मार्ग इटारसी-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव नर्मदापुरम, रानी कमलापति, भोपाल, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, खुरई, सागर, पथरिया, दमोह, बांदकपुर एवं कटनी मुड़वारा स्टेशनों पर नहीं रहेगा। इस गाड़ी का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव कटनी स्टेशन पर रहेगा ।बलिया से 25, 26, 30 अगस्त, 03 एवं 07 सितम्बर को चलने वाली 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-इटारसी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव कटनी मुड़वारा, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, सागर, खुरई, बीना, गंज बासौदा, विदिशा, भोपाल, रानी कमलापति एवं नर्मदापुरम स्टेशनों पर नहीं रहेगा ।इस गाड़ी का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव कटनी स्टेशन पर रहेगा। दरभंगा से 28 अगस्त, 04 एवं 11 सितम्बर को चलने वाली 15559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-इटारसी-भोपाल-संत हिरदाराम नगर के रास्ते चलाई जायेगी।

# ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन शुरू

**लखनऊ।** लविवि में शैक्षिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत ऑनलाइन स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है ।लखनऊ विश्वविद्यालय की व े ब स ा इ ट www.lkouniv.ac.in के जरिये आवेदन किया जा सकता हैं।

लविवि ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केन्द्र (एलयूसीओडीई) के निदेशक प्रो पीयूष भार्गव ने बताया कि ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आरंभ कर दिए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में कोई भी भारतीय नागरिक आवेदन करने का पात्र माना जाएगा ।यह उन छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है जो किन्हीं कारणवश रेगुलर पाठ्यक्रमों में दाखिला नहीं पा सके। ऐसे सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम में एडमिशन लेकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं ।प्रो. भार्गव का कहना है कि इन उपाधियों की मान्यता लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर उपाधियों के ही बराबर है ।उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए किसी भी तरह सीटों की बाध्यता नहीं रखी गई है। कक्षाओं का पीडीएफ और वीडियो उपलब्ध होगा ।बीकॉम उपाधि के लिए विद्यार्थियों को छह सेमेस्टर (तीन वर्ष) पास करने होंगे। हर सेमेस्टर में छह विषय होंगे जिनका पाठ्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के रेगुलर बीकॉम जैसा ही है ।विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान का पीडीएफ और वीडियो ऑनलाइन ही उपलब्ध कराया जाएगा। उनकी समस्याओं और प्रश्नों का समाधान भी शिक्षकों की ओर से ऑनलाइन ही किया जाएगा ।छह माह में मात्र सेमेस्टर परीक्षा के लिए ही विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आना होगा। परीक्षाएं प्रत्यक्ष रूप से लिखित माध्यम से कराई जाएंगी। एमकॉम के लिए चार सेमेस्टर (दो वर्ष) पास करने होंगे।

**पाठ्यक्रमों की फीसः** बीकॉम- पांच हजार रुपए (प्रति सेमेस्टर)
एमकॉम- आठ हजार रुपए (प्रति सेमेस्टर)

**इन विषयों की होगी पढ़ाई :** आगामी सत्र से कई पाठ्यक्रमों में परास्नातक और स्नातक की ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की जाएगी। इसमें अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास और अर्थशास्त्र में परास्नातक कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

# निवेशक जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।**पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार की उपस्थिति में आज भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के तत्वावधान में संयुक्त रूप से निवेशक जागरूकता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेमिनार में सेबी के उपमहाप्रबन्धक रवीन्द्र कुमार भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (उत्तरी परिक्षेत्र) के वाइस प्रेसीडेंट जोगिंदर सिंह ने बताया कि सेमिनार आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य निवेशकों के हित के लिए सेबी द्वारा उठाये गए कदमों तथा सही वित्तीय योजना बनाते हुए प्रतिभूतियों के बारे में जीवन के विभिन्न चरणों में बचत के तरीकों के साथ साथ निवेश के तरीकों के बारे में जागरूक करना है। सेबी द्वारा निवेशकों के हितों का ध्यान रखते हुए नए दिशा निर्देश बनाये जा रहे हैं। प्रतिभूति बाजार में किसी भी मध्यस्थ जैसे एजेंट, दलाल, कंपनी, मर्चेंट, बैंकर आदि द्वारा निवेशकों से धोखाधड़ी किये जाने पर सेबी ने बहुत ठोस कदम उठाये है। धोखाधड़ी होने पर निवेशक स्कोर्स की वेबसाइट पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।ह्लसेबीह्न के द्वारा हाल ही में सारथी एप भी जारी किया गया है, जिसे डाउनलोड करके निवेशक अपना सुरक्षित निवेश कर सकते हैं। उन्होने कहा कि भारत एक विकासशील देश के रूप में निरंतर आगे बढ़ रहा है। निर्यात, कृषि, एम एस एम ई, स्टार्ट अप जैसे कई क्षेत्रों में देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति मजबूत हो रही है। उन्होने कहा कि जब लोगों को प्रतिभूति बाजार के विषय में विस्तार से जानकारी मिलेगी, तो वह अपने हितों का ध्यान रखते हुए सही एवं सुरक्षित निवेश के तरीके को समझ सकेगें और एक बेहतर वित्तीय प्रबंधन की ओर अग्रसर होगें। निवेशकों को निवेश करने से पूर्व कंपनी की बैलेंस शीट, पिछले वर्षों के प्रदर्शन एवं सेबी के मापदंडों को ध्यान में रखते हुए पंजीकृत एजेंट के द्वारा ही निवेश करना चाहिए। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) राजीव कुमार, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राहुल यादव, वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समन्वय, वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबन्धक व बड़ी संख्या में रेल कर्मियों ने भाग लिया।

## मंडल कार्यालय में लगा आधार कार्ड संशोधन शिविर

**लखनऊ।** बुधवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के हजरतगंज स्थित मंडलीय कार्यालय के सभागार में में श्री प्रशांत कुमार सिंह, उप महानिदेशक, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के दिशा-निर्देशन में तीन दिवसीय आधार कार्ड संशोधन (अपडेशन) शिविर 21 से 23 अगस्त तक प्रातः 11:00 बजे से सायंकाल 05:00 बजे तक) का आयोजन किया गया है। इस शिविर का उद्देश्य उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लाभान्वित करना है जिनको स्वयं या अपने किसी पारिवारिक सदस्य के आधार कार्ड में दर्शाए गए किसी भी विवरण में संशोधन कराकर इसको अपडेट कराना है।ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी इस शिविर में आकर अपनी आधार संबंधी समस्याओं का निवारण करवा सकते हैं। विदित है कि आधार कार्ड प्रत्येक भारतवासी का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है जिसकी आवश्यकता प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में अनेक अवसरों पर विभिन्न प्रकार के सरकारी वं गैर सरकारी कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु पड़ती है।

# मुख्य संरक्षा अधिकारी ने किया संरक्षा ऑडिट निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** संरक्षित ट्रेन संचलन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री मुकेश महरोत्रा ने आज मुख्य इंजीनियर (कार्य) एस. के. सिंह, मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक आशीष भाटिया एवं मुख्यालय संरक्षा ऑडिट टीम के साथ लखनऊ मंडल के अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) विक्रम कुमार एवं वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कनौजिया तथा शाखाधिकारियों की उपस्थिति में मनकापुर जं.-रामघाट हाल्ट रेल खण्ड का संरक्षा ऑडिट निरीक्षण किया गया।

- **मनकापुर जं.-रामघाट हाल्ट रेल खण्ड रेलवे क्रासिंग व स्टेशनों का लिया जायजा**

निरीक्षण के आरंभ में प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने संरक्षा ऑडिट टीम के साथ टिकरी स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रुम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम निरीक्षण तथा स्टेशन यार्ड में पॉइन्ट एवं क्रासिंग सं0 202ए, एलडब्लूआर संख्या 3, एसईजे संख्या 5, 6, कर्व संख्या-05 एवं समपार संख्या 17 का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा से संबद्ध कार्यरत रेल कर्मचारियों की कार्य प्रणाली कुशलता परीक्षण एवं वृहद स्तर पर संरक्षा काउंसिलिंग भी की गयी।इसके पश्चात टिकरी-कटरा स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 18 समपार संख्या का संरक्षा निरीक्षण किया गया। इस दौरान संरक्षा ऑडिट टीम ने उपलब्ध संरक्षा उपकरणों, बूम लॉकिंग, प्राइवेट नम्बर स्थानान्तरण रजिस्टर, सेफ्टी चेन, पटाखा संकेत एवं हैण्ड टॉर्च की जाँच की तथा कार्यरत गेट मैन से फाटक टूटने अथवा फेल होने की दशा में बरती जाने वाली संरक्षा सावधानियाँ संबंधी जानकारी प्राप्त की।

कटरा रेलवे स्टेशन पहुँचने पर ऑडिट टीम ने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रुम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम, पॉइन्ट एवं क्रासिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के अगले चरण में ऑडिट टीम द्वारा कटरा-रामघाट स्टेशनों के मध्य मेजर ब्रिज संख्या 18 का गहन संरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण के अन्त में वापसी के दौरान कटरा-मनकापुर के मध्य समपार संख्या 1सी का निरीक्षण किया तथा कार्यरत गेट मैन से फाटक टूटने अथवा फेल होने की दशा में बरती जाने वाली संरक्षा सावधानियाँ संबंधी जानकारी प्राप्त की। मनकापुर जं. स्टेशन पहुँचने पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रुम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम निरीक्षण तथा स्टेशन यार्ड में पॉइन्ट एवं क्रासिंग संख्या तथा समपार संख्या 244 बी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/प्रथम, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक/कोचिंग, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/परिचालन, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/सा0, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# फिजियोथेरेपी केन्द्र का जीएम ने किया उद्घाटन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज नोएडा हेल्थ यूनिट में उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल के दूसरे सेटेलाइट फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक ए. के. सिंघल, उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ के. श्रीधर, उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल की मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ रुशमा टंडन और दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह उपस्थित थे।

नोएडा हेल्थ यूनिट के फिजियोथेरेपी सेंटर में अलग-अलग तरह के विकार रोगों और चोटों के प्रभावी इलाज की व्यवस्था है। यह विशेष उपचार प्रभावित शरीर के अंगों की गतिशीलता, गति और शरीर के प्रभावित हिस्सों को पहले की तरह ही गतिशील बनाने में मदद करता है। इस केन्द्र में रोगी के व्यापक उपचार के लिए नौ मशीनें लगाई गई है, जिसका प्रबंधन उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सेवारत और सेवानिवृत्त रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। नोएडा, जहां अनेक लाभार्थी निवास करते हैं, उन सभी ने इस तरह की सुविधा उपलब्ध होने पर प्रसन्नता जताई और इसकी सराहना की।

नोएडा में इस सुविधा के उपलब्ध हो जाने पर अब यहां रहने वाले रेल कर्मचारियों और उनके आश्रितों को फिजियोथेरेपी इलाज के लिए अब उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि इलाज के लिए नई दिल्ली स्थित उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल तक आने-जाने की असुविधा भी नहीं होगी।

# उत्सव के दौरान कक्षाएं न हो बाधित : प्रो. आलोक राय

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में 02 सितंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में द्वार संख्या 01 और द्वार संख्या 02 तथा नए फार्मेसी भवन के आगामी उद्घाटन की प्रगति और 16 सितंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की समीक्षा के लिए बुधवार को अहम बैठक आयोजित हुई।

- **लविवि कुलपति ने विवि के द्वितीय परिसर के गेट उद्घाटन और दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक**
- **बैठक में मिनट टू मिनट कार्यक्रम की रूपरेखा की गयी तैयार**

कुलपति ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन से संबंधित तैयारी, मिनट टू मिनट कार्यक्रम की समीक्षा की। राज्यपाल का कार्यक्रम 02 सितंबर को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे के बीच प्रस्तावित किया गया। उन्होंने बताया कि इस उद्घाटन समारोह में कुलाधिपति द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 100 किट उपहार में दिये जायेंगे। उन्होंने इस उद्घाटन के रूट प्लान, मिनट टू मिनट कार्यक्रम, कार्यक्रम के स्वयंसेवकों, जलपान और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की भी समीक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि धन्यवाद ज्ञापन प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना द्वारा दिया जाएगा। प्रो. राय ने 16 सितंबर को प्रस्तावित 67वें दीक्षांत समारोह की तैयारी की भी समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में विभिन्न दीक्षांत समारोह समितियों के सदस्य के नामों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही 11 सितंबर से दीक्षांत समारोह की तारीख तक एक सप्ताह लंबे उत्सव की रूपरेखा तय की गयी। इस उत्सव की शुरूआत प्रभात फेरी से होगी और फिर विश्वविद्यालय के सभी विभाग पूर्व अनुमति लेकर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि ये आयोजन इस तरह से किये जायेंगे कि कक्षाएं बाधित नहीं हो। कुलपति ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में विभिन्न खेल गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतर-छात्रावास प्रतियोगिता, नृत्य, संगीत का आयोजन किया जाएगा। कुलसचिव द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हुई। इस बैठक में सभी संकायाध्यक्ष, निदेशक, कुलसचिव, वित्त अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फॉरेंसिक विज्ञान और कानून के बीच में घनिष्ठ संबंध : न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में बुधवार को तीन दिवसीय नवारंभ 2024-25 कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

- **नये कानून के आने से फॉरेंसिक साइंस की जिम्मेदारियां और बढ़ी हैं : तिलोत्तमा वर्मा**
- **अनुशासित छात्र ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकता है : डॉ. जीके गोस्वामी**
- **यूपीएसआईएफएस के तीन दिवसीय नवारंभ 2024-25 कार्यक्रम का शुभारंभ**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान, विशिष्ट अतिथि जेपी पाण्डेय कुलपति एकेटीयू, तिलोत्तमा वर्मा पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण यूपी, उपेन्द्र गिरि सहित संस्थान के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने दीप प्रज्जवलित कर किया ।नवारंभ कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान ने कहा कि फारेंसिक विज्ञान और कानून के बीच में घनिष्ठ संबंध है ।उन्होंने फोरेंसिक विज्ञान और कानून के बीच घनिष्ठ संबंध की व्याख्या करते हुए अपराधों को सुलझाने में जैविक नमूनों के सही संग्रहण के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने छात्रों को कठिन परिश्रम करने, अध्ययन के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ध्यान केंद्रित रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने सभी अतिथियों का स्वागत कर संस्थान की स्थापना से लेकर वर्तमान दौर एवं पाठ्यक्रमों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वर्ल्ड क्लास की सुविधायें हमारे यहां स्थापित हो रही है। उन्होंने बताया कि लॉ विद लैब का पहल प्रयोगशाला के एकीकरण का प्रतीक है। ला विद लैब के सिद्धांत पर चलते हुए फॉरेंसिक साइंस के उद्देश्य को पूरा कर सकते हैं। छात्रों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अनुशासित छात्र ही अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकता है और इस संस्थान में अनुशासन का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि फारेंसिक साइंस एक ऐसी विधा है जिसके माध्यम से हम सच्चाई को वैज्ञानिक रूप से कानून के समक्ष ला सकते हैं। लोगों को न्याय दिलाने में सहयोग करना हमारा मुख्य कार्य होगा। इस अवसर पर आईपीएस तिलोत्तमा वर्मा ने कहा कि नये कानून के आने से फारेंसिक साइंस की जिम्मेदारियां और बढ़ी हैं इस क्षेत्र में प्रतिबद्वता और साहस के साथ काम करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने वन्य जीव व्यापार को रोकने को रोकने के लिए वाइल्ड लाइफ फारेंसिक लैब के विकास की वर्तमान आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला ।उन्होंने नवागत छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फारेंसिक साइंस का सदुपयोग से बहुत लोगों को न्याय दिलाकर उनकी जिंदगी को बचा सकते हैं ।इस अवसर पर कुलपति एकेटीयू डॉ. जेपी पांडेय ने नवीनतम प्रौद्योगिकी और रुझानों के साथ अद्यतन रहने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपनी जानकारी और कौशल को निरंतर अपडेट करते रहें और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीम के रूप में काम करें ।इस अवसर पर नेहा जैन आईएएस ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर आपके भीतर का इन्सान जिन्दा है तो उससे बड़ा मानवियता कोई नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिस भी चीज से आपको डर लगता हो तो उसका सामना करना सीखें क्योंकि भागने से वह विषय बार-बार आपका पीछा करेगी। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए आपको अपनी प्राथमिकताओं को चुनना होगा कभी भी अंतरमुखी न बनें अपने विषय को अन्य से भी जरूर शेयर करें ।कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त न्यायधीश एके सिकरी ने आनलाइन होकर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि फारेंसिक वैज्ञानिकों का आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने सबूतों के महत्व और आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि कानूनी कार्यवाही निष्पक्ष और सटीक हो सके। अतिथि वक्ता डॉ. प्रदीप के श्रीवास्तव ने कहा कि प्रकृति से ज्यादा अनुभव किसी के पास नहीं है। हमे सबसे ज्यादा सीखने की आवश्यकता प्रकृति से ही है। उन्होंने कई जीवों के माध्यम से बायो इन्सपायर्ड इंजीनियरिग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अतिथि वक्ता ड्रोन मैंन ऑफ इंडिया मिलिन्द राज ने ड्रोन के माध्यम से सुरक्षा एवं साइबर विषयों पर विस्तृत प्रकाश डाला ।इस अवसर पर निदेशक डॉ. गोस्वामी ने संस्थान में आये समस्त वक्तागण अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे अपर निदेशक राजीव मलहोत्रा, उपनिदेशक चिरंजीव मुखर्जी, प्रशासनिक अधिकारी अतुल यादव, सहायक रजिस्ट्रार डा. अजिता, डा. सीएम सिंह, डा. विवक जन संपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह सहित संस्थान के शैक्षणिक संवर्ग के संकाय डॉ सौरभ सिंह, डॉ. अरूण खत्री, डा. सपना, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. आशीष राज, डा. सपना शर्मा, डा. पोरवी, डा. रोशन, डा. अभिषेक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## चार छात्रों को मिली स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सीएमएस के आरडीएसओ कैम्पस के चार मेधावी छात्रों साधिका गोयल, अनुष्का यादव, उज्जवल कुमार एवं निकिता यादव को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 16 लाख रुपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए दी जायेगी, जिसके अंतर्गत प्रत्येक छात्र को पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष रु. 80,000/- अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी। यह जानकारी स्कूल के जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है।

# चयन नीति पर सवाल

टारगेट ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम, खेलो इंडिया और खेल को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे तमाम प्रयासों के बावजूद कुल जमा हासिल यह है कि भारत को पेरिस ओलंपिक में एक भी स्वर्ण पदक नहीं मिला, कुल छह पदक मिले, उनमें पांच कांस्य और एक रजत। पेरिस ओलंपिक में भारत का स्थान 71वां रहा, जो पाकिस्तान ( 63 )से भी आठ रैंक नीचे है। ऐसे में जरूरी है कि देश की खेल नीति ऐसी हो जिसमें अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भूमिका और योगदान हो ताकि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के प्रदर्शन में सुधार हो। इस संदर्भ में ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर के कोच जसपाल राणा की यह टिप्पणी बहुत गंभीर है कि ओलंपिक चयन नीति के कारण खिलाड़ियों को नुकसान होता है। जसपाल राणा ने राष्ट्रीय महासंघ की लगातार बदलती ओलंपिक चयन नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे अतीत में कुछ सबसे होनहार प्रतिभाओं को नुकसान हुआ। अगर इसमें सुधार नहीं किया गया तो आगे भी ऐसा होता रहेगा। राणा ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ की अपनी नीतियों में अंतिम समय में बदलाव करने की प्रवृत्ति की आलोचना की। राणा ने कहा कि महासंघ की चयन नीति हर छह महीने में बदलती है। उन्होंने यह भी कहा कि, मैंने खेल मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात करके इस पर उनसे बात की। उन्हें निर्णय लेने दें, वे जो भी निर्णय लेते हैं, सही या गलत, हम उस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं और फिर उस पर कायम रहो। आप इसके बाद निशानेबाजों के प्रदर्शन में अंतर देखेंगे। राणा ने कहा कि सौरभ चौधरी कहां हैं, जीतू राय कहां हैं? क्या कोई उनके बारे में बात करता है? नहीं। क्या हम दस मीटर एयर राइफल निशानेबाज अर्जुन बाबुता के बारे में बात कर रहे हैं, जो पेरिस में चौथे स्थान पर रहे थे। वह मामूली अंतर से पदक से चूक गए थे। क्या कोई उनकी सुध ले रहा है। एनआरएआई ने रियो ओलंपिक के बाद टोक्यो ओलंपिक में भी पदक नहीं जीतने के बाद 2021 में अपने चयन मानदंडों में संशोधन किया। उसने कोटा हासिल करने वाले निशानेबाजों को मिलने वाले बोनस अंकों में भारी कटौती की और लंबे अंतराल के बाद टीम के चयन के लिए ट्रायल्स की शुरूआत की। दरअसल जसपाल राणा का कहना है कि ओलंपिक चक्र के दौरान अधिक निरंतरता बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास ओलंपिक और विश्व कप के पदक विजेताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई तंत्र नहीं है। हम ओलंपिक पदक विजेताओं को लंबे समय तक नहीं देखते क्योंकि हमारे पास उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई प्रणाली नहीं है। पेरिस ओलंपिक के दौरान राणा को दर्शक दीर्घा से मनु को अपनी बात समझानी पड़ी क्योंकि उनके पास रेंज पर जाने के लिए जरूरी मान्यता कार्ड नहीं था। उन्हें खेल गांव से भी दूर रखा गया था लेकिन द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता ने कहा कि इससे मनु को सफल देखने के उनके उत्साह पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। राष्ट्रीय राइफल संघ की चयन नीति में सुधार की मांग करते हुए कोच राणा ने संघ की कार्यनीति पर जो प्रश्न चिन्ह लगाये हैं, अगर थोड़ी गहराई में जायें तो आप पायेंगे कि राष्ट्रीय स्तर पर अधिकतर खेल संघों की कार्यनीति को लेकर उंगली उठती रही है। कुश्ती संघ विरुद्ध जिस तरह का घमासान सड़कों पर हुआ उसे देश देख ही चुका है। प्रदेशों और देश में खेल संघों पर एक धड़े का कब्जा होने के कारण खिलाड़ी संघों के पदाधिकारियों के खिलाफ प्रायः खिलाड़ी चुप रहते हैं। भारत सरकार के खेल मंत्रालय को खेल संघों और उनके पदाधिकारियों की रीति नीति पर लगातार निगरानी करनी चाहिए। पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का उस स्तर का प्रदर्शन नहीं रहा जिसकी आशा देशवासियों ने की थी। इसका कारण खराब खेलनीति, खेल संघों के प्रयासों में कमी, खराब चयन नीति, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन में कमी आदि कुछ भी हो सकता है। खेल के क्षेत्र में देश को हर मोर्चे पर व्यापक सुधार करना होगा।



**ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन इसका प्रमाण है कि देश की खेलनीति, चयन नीति आदि में बहुत गंभीर कमी है।**

विचार

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़ कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

# पहले पड़ोसी, नीति पर सावधानी से आगे बढ़ें



संजय श्रीवास्तव

**बांग्लादेश में उथल पुथल के बाद अब अगले माह श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव है। वहां नई बनने वाली सरकार का भारत के प्रति क्या रुख रहेगा, वह चीन के प्रति कितनी समर्पित रहेगी, यह आंकलन कसौटी पर होगा? फिलहाल भारत के लिए भूटान छोड़ सभी पड़ोसी चिंता के सबब बने हैं। बेहतर बात यह कि पीएम मोदी की 'नेबर फर्स्ट' या पड़ोसी प्रथम नीति इन सबके शमन के लिए सक्रिय है। सवाल है क्या कूटनीति के इस कठिन दौर में यह नीति रामबाण साबित होगी?**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह दूरदर्शिता निस्संदेह प्रशंसनीय कही जाएगी कि इस बार अपने तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण से पूर्व उन्होंने अपनी, 'पड़ोसी पहले' की विदेश नीति को परिष्कृत और परिवर्धित तरीके से लागू करने के संकेत दिए। प्रधानमंत्री पद के लिए शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान, चीन, अफगानिस्तान को छोड़कर कई पड़ोसी देशों को आमंत्रण देना इस ओर इशारा था कि पड़ोसियों के प्रति उनकी धारणा स्पष्ट है तथा वे उन्हें किस तरह की प्राथमिकता देते हैं। किसको किस खांचे में रखते हैं। यह भी कि वे सभी देशों की आंतरिक स्थिति से अवगत हैं, उनकी वर्तमान परिस्थितियां खुद उनके ऊपर और भारत समेत उनके शेष पड़ोसियों पर क्या और कितना प्रभाव डालेंगी, इससे भी वे पूरी तरह वाकिफ हैं। उन्हें अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत से ही यह अंदेशा था कि निकट भविष्य में अपने आस पड़ोस या यों कहें कि समूचे दक्षिण एशिया में विकसित हो रहे भू-राजनीतिक परिदृश्य विषम होने वाले हैं और उसमें भारत को सतर्कता पूर्ण भूमिका निभानी होगी। इसके लिये पड़ोसी देशों के प्रति विवेक और व्यवहारिकता के साथ, अपने देश को ऊपर रखने वाली कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अधिकतर पड़ोसी देशों की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक स्थिति देखते हुए यह समझा जा सकता है कि तकरीबन तीन महीने पहले प्रधानमंत्री का पूर्वानुमान, उनकी सोच कितनी दूरदर्शितापूर्ण थी।

पड़ोसी प्रथम की नीति इस बार कितनी अधिक प्रासंगिक होने वाली है और दूसरे कार्यकाल से इस नीति को आगे बढ़ाने के लिये पिछले विदेश मंत्री को उनको पद पर बहाल रखना, नीति को पहले दिन से ही सक्रिय करना कितना समयानुकूल था, जिसके तहत विगत कुछ ही दिनों में भारतीय विदेश मंत्रालय श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव जैसे कई पड़ोसियों से मिल चुका है। आज बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले और उसकी अस्थिरता की चर्चा चहुंओर है, लेकिन एक महीने बाद श्रीलंकाई चुनाव भी इस क्षेत्र में तमाम समस्याओं के जनक बन सकते हैं। श्रीलंका में चुनाव त्रिकोणीय है। रानिल विक्रमसिंघे को विपक्षी नेताओं समागी जन बालवेगया या एसजेबी के साजिथ प्रेमदासा और मार्क्सवादी विचारधारा वाली जनता विमुक्ति पेरामुना के अनुरा दिसानायके से कड़ी टक्कर मिलेगी। बिजनेस टाइकून धम्मिका परेरा स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के कारण राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन उनका प्रभाव कई क्षेत्रों में है और चुनाव बाद के समीकरणों में उसका असर दिखेगा।

इसके अलावा श्रीलंका पोडुजना पेरामुना पार्टी यानी एसएलपीपी के नेता और सांसद 38 वर्षीय नमल राजपक्षे भी इस चुनाव में उतर चुके हैं, जो अपने पारिवारिक पृष्ठभूमि और सबसे युवा उम्मीदवार होने के नाते चर्चा में हैं। नमल 2005 से 2015 तक श्रीलंका के राष्ट्रपति रहे महिंदा राजपक्षे के बेटे हैं। वे जीतते हैं, तो श्रीलंका के सबसे युवा राष्ट्रपति बनेंगे। आक्रामक रणनीति अपनाने वाले नमल ने विक्रमसिंघे का समर्थन करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की कसम खाई है। मतलब यह कि यहां चुनाव के बाद खींचतान, अस्थिरता, अशांति की आशंका ज्यादा और शांति की उम्मीद कम है। वजह है खाली खजाना और बाहरी ताकतों का बढ़ता असर और उसके चलते सियासी दबाव। श्रीलंका का बाहरी ऋण अब तक के उच्चतम स्तर पर है। कर्ज के चलते ही श्रीलंका ने हंबनटोटा बंदरगाह को चीन को पट्टे पर सौंपा। भले ही भारत ने श्रीलंका को कर्जमुक्त होने के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता प्रदान करने में भूमिका निभा रहा है और हम पहले देश थे, जिसने श्रीलंका के वित्त पोषण और ऋण पुनर्गठन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष को अपना समर्थन पत्र दिया। लेकिन चीन के उकसावे पर कच्चातीवु द्वीप मुद्दा श्रीलंका भूलेगा नहीं और तमिल अल्पसंख्यकों के साथ बुरा व्यवहार और श्रीलंका के संविधान में 13वें संशोधन का कार्यान्वयन आंतरिक राजनीति के चलते हमारे द्विपक्षीय संबंधों के महत्वपूर्ण मुद्दे बने रहेंगे। साथ ही चीनी घुसपैठ भी। ऐसे में देश की आर्थिक, सामाजिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के चलते इस तरह की चिताएं उभरती हैं कि चुनाव बाद सरकार के गठन में कठिनाई हो सकती है और यह सरकार भारत की कितनी समर्थक या विरोधी होगी यह तय करना अभी जल्दबाजी होगी। इस संदर्भ में सरकार ने पड़ोसी प्रथम की विदेश नीति को समय के सापेक्ष सक्रिय कर जो सक्रियता दिखाई है, वह उचित है। सच कहा जाए तो भूटान को छोड़कर कोई भी पड़ोसी देश अपने रिश्तों और हरकतों से भारत को आश्वस्त नहीं करता। यह भारतीय विदेश नीति की कमजोरी नहीं है बल्कि चीनी कर्जे की अजगरी जकड़ और संबंधित देशों की आर्थिक मजबूरी है। वह चाहे 23 फीसद से ज्यादा बेरोजगार युवाओं वाला विपन्न श्रीलंका हो, संसाधनहीन महज पर्यटन पर टिका मालदीव हो अथवा गरीब नेपाल, अस्थिरता से जूझता म्यांमार या कंगाली के करीब पहुंचता पाकिस्तान। अस्थिर और जटिल राजनीतिक परिदृश्य वाले नेपाल की सरकार में लगातार बदलाव हमारे लिए परेशानी का सबब है।

सीमा विवाद, विशेष रूप से कालापानी मुद्दा, चीन के साथ देश के बढ़ते आर्थिक संबंध भारत के लिए चिंता का सबब और तनाव का स्त्रोत बना हुआ है, नेपाल के तकरीबन 24 फीसद युवा बेरोजगार हैं। बेरोजगारी और बुरी आर्थिक स्थिति के चलते ही वह चीन के चंगुल में हैं इसलिये नेपाल से हमारे जिस तरह के सामाजिक सांस्कृतिक संबंध रहे हैं, उस स्तर के सकारात्मक संकेत अब नहीं दिखते। पाकिस्तान भी बुरी आर्थिकी और चीनी परियोजनाओं के बोझ से दबा हुआ है और वैसे भी कश्मीर और आतंक के मुद्दे पर उसके साथ सामान्य संबंध मुश्किल है, फिलहाल वह जम्मू क्षेत्र में बड़े स्तर पर छद्म युद्ध छेड़े हुए है। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के रणनीतिक हितों के लिए एक चुनौती बना हुआ है, उसका व्यवहार अत्यंत अनिश्चित है। कभी वह भारत का खुला विरोध करते हुए इंडिया आउट अभियान चलाता है, अपने चुनावों में भारत की समर्थक पार्टी की बेहद बुरी हार सुनिश्चित करता है उसके बावजूद अपने स्वार्थ के मुद्दों पर साथ दिखता है। पर चीन के प्रति उसका झुकाव जगजाहिर है। म्यांमार में सैन्य तख्तापलट और उसके बाद नागरिक पूर्वोत्तर राज्यों में रोहिंग्या शरणार्थियों की आमद और अशांति ने हमारे लिए जटिल चुनौतियां पेश की हैं। यहां चीनी प्रभाव में वृद्धि हमारी बड़ी चिंता है, एक्ट-ईस्ट नीति यहां किंचित कमजोर पड़ने से हमारे रणनीतिक, आर्थिक हित प्रभावित हो रहे हैं।

अब अगर कहीं भूटान, जिसकी उभरती आकांक्षाओं को चीन हवा दे रहा है, पलटा तो भारत और चीन से जुड़ा अनसुलझा डोकलाम मुद्दा रणनीतिक चिंता का विषय बन जाएगा। जहां तक अफगानिस्तान की बात है, वह हमसे सामन्य मैत्री भाव रखता तो है, लेकिन उसके विकास में हमने जो निवेश किया है, वह कई बार खतरे में लगता है क्योंकि अलग थलग पड़ने से इसका रणनीतिक प्रभाव कम हो गया है। बेशक भारत अपने रुतबे या ताकत के बल पर पड़ोसियों को साथ आने पर विवश नहीं कर सकता। भारत के पास यही चारा है कि वह अपने पड़ोसियों को प्राथमिकता दे, क्षेत्रीय राजनीति की अस्थिरता को कम करने के प्रयास करे, रणनीतिक संबंधों को बनाए रखते हुए अपने पड़ोसियों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का समर्थन करे। पड़ोसी देशों के प्रति भारत का कूटनीतिक रुख वहां की लोकप्रिय इच्छा के अनुरूप होना चाहिए जिससे स्थिरता और सकारात्मक जुड़ाव को बढ़ावा मिले। निरंतर विकसित हो रही क्षेत्रीय गतिशीलता के इस दौर में पड़ोसियों में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धतापूर्ण पड़ोसी प्रथम की नीति न केवल उसके अपने रणनीतिक हितों को सुरक्षित करेगी बल्कि क्षेत्रीय सद्भाव और समृद्धि के व्यापक लक्ष्य में भी योगदान देगी।



सोशल मीडिया

इंडी गठबंधन व उसके नेताओं की मानसिकता आज इतनी गिर गयी है कि देश की बेटी की जान उनके लिए 'डिस्ट्रैक्शन' मात्र है, नेता प्रतिपक्ष का यह बयान निंदनीय है। ज्योतिरादित्य सिंधिया.



ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2024 में लगातार दूसरे वर्ष प्रभावशाली ए प्लस रेटिंग प्राप्त करने के लिए रिजर्व बैंक गवर्नर शक्ति कांत दास जी को बधाई। देवेन्द्र फणड़वीस.



सेबी की ऐतिहासिक जांच होनी ही चाहिए क्योंकि सेबी संस्था का इतिहास ही ऐसा रहा है कि वो कभी भी सही मायनों में निवेशकों का संरक्षक व सहारा नहीं बना। अखिलेश यादव.



# भारतीय दर्शन में योग

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान औरवातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषेधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण केगुणों के कारण ही होता है।

अंतर्दृष्टि

# जनसेवा का जज्बा

व्यंग्यलोक

वे छंटे गुण्डे थे। बाद में अखबार भी निकालने लगे, तो चार चाँद लग गये। एक दिन मैंने कहा 'भानुजी, यह मारधाड़ से यकायक जन-सेवा की तरफ कैसे रूझान हुआ? वे बोले-शर्मा जी, अकेले मारधाड़ से काम नहीं चलता। जनता की आँखों में धूल झोंकने के लिए तथा पुलिस को डराने के लिए अखबार निकालना जरूरी था। प्रेस से पुलिस पूरी तरह आतंकित रहती है। 'वह कैसे, खुलकर बताओ। अरे भाई बात साफ है, हमें पुलिस की बदमाशियों का पता है और पुलिस को हमारी कारस्तानियों का। ज्यादा गड़बड़ करे तो हम अपने अखबार के जरिये उजागर करके रख दें। यही वजह है कि दोनों हाथ मिलाकर रखते हैं। पुलिस और गुण्डा हाथ मिला लेंगे तो भला बताइये, धन्धे में क्या कमी रह जायेगी। वे भी कमायें-हम भी करें मनवाही लूटपाट और तस्करी। मैंने दाँतों तले अँगुली दबाई तो वे खीसें निपोर कर बोले-'ऐसा है -शर्माजी, आप उल्लू के पट्ठे हैं। बाल की खाल निकाल कर खामख्वाह परेशानी मोल लेते हैं। मसलन आप इसी समय अपनी कलाई पर बँधी घड़ी उतार कर दे दीजिये। मैं भीतर तक काँप गया। अखबार के संपादक की यह मुद्रा मैंने पहली बार देखी थी, बोला-'यह आप क्या कह रहे हैं, मैं आखिर आपका परिचित और फिर पुलिस के लोग भी मुझे जानते हैं। फिर घड़ी भी मात्र सौ रूपट्टी की है। 'ज्यादा मत बोलो, घड़ी उतारो और दफा हो जाओ। वरना रामपुरी की खरोंच जीवन भर याद करोगे। चुपचाप घड़ी उतार कर भानुजी को सौंपी और दनदनाता हुआ पुलिस स्टेशन के इंचार्ज से जा भिड़ा-'इंस्पेक्टर साहब, आपके होते हुए मेरी घड़ी दिन-दहाड़े भानु प्रताप ने उतरवा ली है, उसे अरेस्ट करिये, मैं उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराता हूँ। इंस्पेक्टर की आँखें खुली की खुली रह गई, बोला-'हम उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कर सकेंगे। 'वह क्यों ? 'वह एक अखबार का संपादक है। सम्माननीय व्यक्ति है। जनसमर्थन उसके साथ है। कल कोई बलवा हो जाये। 'इंस्पेक्टर ज्यादा मत बनाओ। वह कोई सम्माननीय व्यक्ति नहीं है। वह एक गुण्डा-उठाईगीर है। तुम डर के मारे उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रहे। तुम्हें यह भी डर है कि वह तुम्हारे भ्रष्टाचार को अपने अखबार के जरिये खोल देगा। लेकिन तुम नहीं माने तो मैं, इस मामले को लेकर आगे तक जाऊँगा। मैंने कहा। इंस्पेक्टर ने सोचा जान छूटी, वह प्रसन्नता से बोला-'यह मामला ही आगे तक ले जाने का है। मेरे पास तो ऐसे संगीन मामले आते नहीं। आप आगे जाओ। मैं आगे गया तो एसपी पहले से ही मूड बनाये बैठा था, बोला-'मेरे बस की बात नहीं है। आईजी साहब के पास जाओ। मैंने कहा-'ये क्या हो रहा है? एस.पी. बोला-'वही हो रहा है जो नहीं होना चाहिए।



राम विलास जॉगिड़

# श्रीजेश के बाद कौन होगा हॉकी का नं.1 गोलकीपर



खेल जगत

हाल के ओलंपिक मैचों में पीआर श्रीजेश ने ऐसे खेला जैसे फिर कभी सुबह होने की ही नहीं। पेरिस 2024 ओलंपिक उनके अंतर्राष्ट्रीय खेल करियर की अंतिम प्रतियोगिता थी, जिसमें इस भारतीय गोलकीपर ने अपनी ऊर्जा की अंतिम बूंद भी खर्च कर दी थी। उनके पास जो भी प्रतिभा थी, उसे अविश्वसनीय गोल-बचाव में लगा दी थी। श्रीजेश के इस अंतिम साहसिक प्रयास से भारत 52-वर्ष बाद हॉकी के दो लगातार ओलंपिक पदक (कांस्य) हासिल कर सका। अब जब भारत कांस्य पदक के साथ श्रीजेश के 18-वर्ष लम्बे शानदार करियर का जश्न मना रहा है तो आगे देखने का भी समय आ गया है कि गोलकीपिंग जैसी महत्वपूर्ण पोजीशन पर कौन जिम्मा संभालेगा?

कृष्ण बहादुर पाठक ने पूर्व मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के कार्यकाल में 2018 में डेब्यू किया था और वह तभी से श्रीजेश के डिप्टी रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ग्राहम रीड 2019 में भारत के मुख्य कोच बने और उन्होंने हर क्वार्टर में गोलकीपर स्विच करने की रणनीति अपनायी ताकि जो सीख रहा है उसे भी पर्याप्त गेम टाइम व अनुभव मिल जाये ताकि जब आवश्यकता पड़े तो वह पूरी तरह से जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार रहे। वर्तमान मुख्य कोच क्रैग फुल्टन ने इस प्रथा को जारी रखा है। नतीजतन, पाठक, जो 125 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, ने अनेक चुनौतीपूर्ण मैचों में परिपक्वता प्रदर्शित की है, जिनमें एशियन गेम्स व वर्ल्ड कप जैसी प्रतियोगिताएं भी शामिल हैं। इसके बावजूद लाख टके का प्रश्न यही है कि क्या 27-वर्षीय पाठक श्रीजेश का योग्य विकल्प बन सकेंगे? भारत के गोलकीपिंग सलाहकार डेनिस वान डे पोल का कहना है, अब यह पाठक का समय है। वह पहले ही साबित कर चुके हैं कि वह श्रीजेश के स्तर के हो सकते हैं। 2023 विश्व कप के दौरान इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा था कि हम गोल में श्रीजेश को रखें या पाठक को क्योंकि दोनों ने बराबर के स्तर का परफॉरमेंस दिया। मुझे कोई चिंता नहीं है। गोल में भारत का स्तर गिरने नहीं जा रहा है। वह पहले जैसा ही रहेगा। अब जब पाठक को कोचों व टीम का 100 प्रतिशत विश्वास मिलेगा तो वह पहले से बेहतर प्रदर्शन भी कर सकते हैं। लेकिन यह बाद में ही मालूम हो सकेगा क्योंकि वह कभी भी नंबर 1 की पोजीशन में नहीं रहे हैं। पाठक टीम का नियमित हिस्सा हैं। पिछली ओलंपिक साइकिल की सभी महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में उन्होंने हिस्सा लिया था। लेकिन अन्य प्रतियोगिताओं की तुलना में, जहां 18 सदस्यों का दल होता है, ओलंपिक में सिर्फ.16 खिलाड़ी ही जा सकते हैं। नतीजतन, पाठक दोनों टोक्यो व पेरिस में केवल स्टैंड बाई के रूप में ही जा सके। टीम के अन्य साथियों के विपरीत वह खाली हाथ लौटे क्योंकि वह पोडियम पर अपने साथियों को खड़ा देख तो सकते थे, लेकिन उसका हिस्सा नहीं बन सकते थे। डेनिस के अनुसार, ओलंपिक के बाद मैंने पाठक से लम्बी गुफ़्तगू की। यकीनन उनके लिए कठिन था कि वह दो ओलंपिक में गये और बिना पदक के लौटे, जबकि टीम पदक जीत रही थी। लेकिन वह जानते हैं कि अब उनका समय है। वह एकमात्र गोलकीपर हैं जिन्होंने श्रीजेश जैसे खिलाड़ी के साथ पिच पर 50-50 समय किया। पाठक के अतिरिक्त भारत में कोई अन्य गोलकीपर नहीं है जो श्रीजेश से उनके स्तर पर मुकाबला कर सके। यह पाठक के भविष्य के लिए वास्तव में अच्छा है।

अब जब पाठक भारत के नंबर 1 गोली होंगे तो सवाल उठता है कि उनका डिप्टी कौन होगा? क्या टीम प्रबंधन मैच के हर क्वार्टर में गोली बदलता रहेगा या वह एक ही गोली पर निर्भर रहेगा, जैसा कि अधिकतर अन्य टीमें करती हैं? प्रोजेक्ट-टू-प्रोजेक्ट आधार पर भारतीय टीम के साथ कार्य करने वाले डेनिस का कहना है, किस्मत से अनेक लड़के हैं जिन्होंने खुद को साबित किया है। सूरज करकेरा हैं जो टीम में हैं और हॉकी की प्रतियोगिताएं खेलते हैं। वह स्टेप-इन कर सकते हैं, क्योंकि वह राष्ट्रीय टीम के लिए कुछ गेम्स खेल भी चुके हैं। पवन मलिक भी प्रतिभाशाली युवा गोलकीपर हैं, जिनकी शैली एकदम अलग है। मलिक श्रीजेश की तरह एथलेटिक हैं और मैच बचाने के लिए कुछ वाइल्ड मूव्स भी कर बैठते हैं, जबकि सूरज पाठक की तरह हैं, नियंत्रित व रिलैक्स्ड। डेनिस बताते हैं, अंडर-21 टीम से हमारे पास मोहित भी हैं जो टीम ज्वाइन करेंगे। यह चार गोली हैं जो आने वाले महीनों में ट्रेनिंग करेंगे। हम देखेंगे कि दूसरा स्पॉट कौन लेगा, जोकि उनके फॉर्म पर भी निर्भर करेगा।

**सारिम अन्ना.**

## आप की बात

### पड़ोसी देशों में अस्थिरता

पड़ोसी देशों में सियासी अस्थिरता भारत के लिए हमेशा सिरदर्द बनी रहती है। श्रीलंका, मालद्वीप, नेपाल जैसे देशों में बदलती सरकार के साथ रिश्तों में होने वाले उतार-चढ़ाव भारत के लिए पहले ही चुनौती पेश करते रहे हैं, अब बांग्लादेश भी इसमें शामिल हो गया है। जिहादी पाकिस्तान, सैन्य शिकंजे में जकड़ा म्यांमार, अस्थिर श्रीलंका और कृतघ्न कम्युनिस्टों के कारण पल-पल बदलता नेपाल, भारत की सुरक्षा और विदेश नीति के लिए पहले से ही बड़ी चुनौती बने हुए थे। शेख हसीना के नेतृत्व वाला बांग्लादेश पूर्वोत्तर में लंबी सीमा साझा करने के बावजूद भारत के लिए कोई बड़ी परेशानी नहीं खड़ा करता था। लेकिन हसीना के तख्तापलट के साथ बांग्लादेश के कट्टरपंथी फुफकारने लगे हैं। भारत के लिए चुनौती पेश करने लगे हैं और हिन्दुओं पर हमले करके परेशान भी कर रहे हैं। बांग्लादेश से अब साफ संकेत हैं कि वहां कट्टरपंथियों और भारत-विरोधी ताकतों का वर्चस्व होगा। आतंकवाद का खतरा बढ़ेगा। बांग्लादेश में भी तालिबान सक्रिय होंगे। वहां के प्रधानमंत्री आवास को आम जनता के लिए इस कदर खोल रखा गया है मानो कोई मेला लगा हो। कुछ युवा चेहरों की अश्लील, असभ्य, विद्रूप मानसिकता सार्वजनिक हुई है, जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ब्रा और अन्य वस्त्रों को सरेआम लहराये हैं। ऐसे युवा कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन आंदोलनकारी छात्र नहीं हो सकते। वे बेशर्म जमात भी हो सकते हैं, लेकिन अपने ही मुल्क का अपमान कर रहे हैं। बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी दोनों ही कट्टरवादी दल हैं और पाकपरस्त भी हैं। अंतरिम सरकार बनने से पहले ही दोनों दलों के करीब 9000 कार्यकर्ताओं को जेलों से रिहा कर दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और उनके पुत्र तारिक रहमान की सरपरस्ती में इन दलों ने आम जनसभा को संबोधित भी किया है। तारिक हत्या के तीन मामलों में उम्रकैद के सजायाफ्ता हैं, लेकिन वह लंदन में स्वनिर्वासन में थे। अभी ढाका लौट कर आए हैं, तो अदालतें फिलहाल खामोश और निष्क्रिय हैं। शेख हसीना की सरकार में मंत्री रहे 10 और अन्य बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल बीएनपी और जमात के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने सौदेबाजी की है कि शेख मुजीब की सियासी विरासत की प्रतीक अवामी लीग पार्टी का नामोनिशां ही मिटा दिया जाये, ताकि 1971 की बगावत की मुकम्मल सजा दी जा सके। हसीना के बांग्लादेश छोड़ कर चले जाने के साथ ही शेख मुजीब की सियासी विरासत तो समाप्त हो गई। पाकिस्तानी गदगद है। ऐसी सूचनाएं भी हैं कि आईएसआई लंदन में तारिक रहमान और जमात के नेतृत्व के साथ 2018 से ही तख्तापलट की साजिश रच रही थी, लेकिन अभी तक नाकाम रही थी। मौजूदा आंदोलन का आवरण छात्रों का था, लेकिन उनकी आड़ में जमात और बीएनपी के साथ आईएसआई और सीआईए ने ही आंदोलन को तख्तापलट तक पहुंचाया।

**धमेन्द्र कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

### शहीदों का सम्मान

वतन की रक्षा के लिए जिन्होंने शहादत दी है, उनके सम्मान के लिए, उनकी स्मृतियों को संजोने के लिए सरकार अगर कोई प्रयास करती है, तो इसकी तारीफ होनी चाहिए। शहीदों के नाम से हर गांव में शिलाएं लगायी जा रही हैं। भारत सरकार ने शहीदों का सम्मान करने के लिए अंडमान निकोबार में द्वीपों का नामकरण शहीदों के नाम करके सराहनीय कार्य किया है। नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र से सम्मानित देश के परमवीरों के नाम पर किया। गणतंत्र दिवस से तीन दिन पूर्व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह के द्वीपों का नामकरण देश के परमवीरों के नाम पर करना, उनकी स्मृतियों को कालजयी बनाना और देश के नायकों को वह सम्मान देना जिसके वास्तव में वे हकदार हैं, दरअसल संपूर्ण देश का कर्तव्य है।

**दिनेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## भित्ति चित्रकला भारत की प्राचीन थातीः प्रो. प्रतिभा गोयल

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में 20 दिवसीय भित्तिचित्र कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। ललित कला विभाग, प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग तथा फैशन डिजाइनिंग विभाग के संयुक्त संयोजन में आयोजित कार्यशाला में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने हनुमान जी के चित्र में रंग भरकर शुभारम्भ किया। कुलपति ने बताया कि भित्ति चित्रकला सबसे पुरानी चित्रकला है। इसमें रचनाधर्मिता के लिए काफी अवसर होते है। इससे छात्रों में चित्रकला को निखारने का पर्याप्त अवसर होता है। भित्ति चित्रकला भारत की प्राचीन चित्रकारी की थाती है। कुलपति प्रो0 गोयल ने आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला में सहभागी विद्यार्थियों द्वारा दीवारों पर कलाकृतियों को उकेर कर यादगार बनायेंगे और आम जनमानस आकर्षित करेंगे। ललित कला के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र मिश्र, डॉ. सरिता द्विवेदी, सरिता सिंह, रीमा सिंह, विनीता पटेल, शालिनी पांडे, इंजीनियर रवि तिवारी एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

जिला संवाददाता(vol)



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर चुकी है। बुधवार की दोपहर मिल्कीपुर के प्रभारी विधान परिषद नेता विपक्ष लाल बिहारी यादव कुमारगंज पहुंचे जहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुमारगंज विकास सिंह छोटू ने अपने समर्थकों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया और नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर कार्यकताओं से मुलाकात की। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी अपने सिद्धांतों से भटक चुकी है। क्योंकि बसपा कभी भी उपचुनाव नहीं लड़ी है। उनको लग रहा है कि बसपा के प्रत्याशी आने से समाजवादी पार्टी का नुकसान होगा, तो इस तरह की सोच भाजपा के लोगों ने उनको दिया होगा। जब उनसे कर्मचारियों के ट्रांसफर पोसि्ंटग पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पार्टी का सदस्य बनकर काम नहीं करना चाहिए। उनको निष्पक्ष होना चाहिए। यदि ऐसा है तो इलेक्शन कमीशन से मिलकर शिकायत करेंगे। जिससे जाति विशेष पर किसी प्रकार का दबाव न बने। यदि भाजपा इस प्रकार का काम करेगी तो कल सपा की भी सरकार होगी तो बदले की भावना से वह भी काम करेंगे तो फिर क्या करेंगे। भाजपा सरकार जिस प्रकार गौ माता की रक्षा की बात करती है। चारों तरफ अव्यवस्था है उनकी निर्मम हत्या हो रही हैघ। भादरसा रेप कांड पर अखिलेश यादव के सपोर्ट करने पर जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा था यदि आपको शंका है तो डी एन ए टेस्ट करा लिजिए दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। 70 वर्ष जिनकी उम्र है वो कैसे अपराध कर सकता है। जब उनसे उन्नाव रेप कांड घटना पर सवाल पूछा गया उन्होंने कहा कि आरोपी पार्टी का सदस्य ही नहीं था। पार्टी पर फर्जी आरोप लगाया जा रहा है। ईवीएम पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि बैलेट पेपर से चुनाव हो तो 80 में से 70 सीट से ज्यादा सीटों पर हम चुनाव जीत लेंगे। मिल्कीपुर समाजवादियों का गढ़ रहा है इससे स्पष्ट है कि यहा का चुनाव समाजवादी पार्टी जीतेगी क्योंकि जनता भाजपा की नीतियों से बहुत ही परेशान है, वो नवजवान हो चाहे छात्र हो या किसान सभी लोग परेशान हैं चैतरफा एंटी बीजेपी माहौल है, सपा किसानो की हितैषी पार्टी है हमारी पार्टी कहीं से किसानों का अहित नहीं चाहती। पत्रकार वार्ता के बाद नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित पांच नंबर चैराहा पहुंचकर कार्यकताओं से मुलाकात की एवं चुनावी फीडबैक लिया तथा कार्यकताओं में उपचुनाव को लेकर चर्चा की। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष कुमारगंज विकास सिंह छोटू,पाल, आजाद सिंह चैहान, सिराज अहमद सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सैनिकों व पूर्व सैनिकों पर पूरे देश को गर्वः अनिरुद्ध प्रताप सिंह



**अयोध्या।** जिला सैनिक बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी, प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश सेवा में अपना अमूल्य योगदान करने वाले सैनिकों/पूर्व सैनिकों पर पूरे देश को गर्व है तथा उनकी समस्याओं का यथा संभव समाधान प्राथमिकता के आधार पर किये जाने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। अपर जिलाधिकारी, प्रशासन द्वारा सर्वप्रथम सैनिक कल्याण क्षेत्र में

- **एडीएम प्रशासन सैनिक कल्याण क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले पूर्व सैनिकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

विशिष्ट योगदान एवं सराहनीय कार्य करने वाले नागरिकों/कर्मचारियों इत्यादि को जिला प्रशासन की तरफ से श्रीमती धनेश्वरी देवी पत्नी स्व० के0पी0 सिंह श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर (आनरेरी कैप्टन) राजेश कुमार तिवारी. सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर (आनरेरी कैप्टन) जगदीश प्रसाद द्विवेदी, सेवानिवृत्त हवलदार विजय कुमार सिंह तथा सैनिक कल्याण विभाग के शिवकुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, तत्पश्चात नॉन पेंशनर स्व. सैनिक भरत किशोर की पत्नी श्रीमती गीता देवी को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। अपर जिलाधिकारी, प्रशासन द्वारा बैठक में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं/शिकायतों से संबंधित प्रार्थना-पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हेतु आश्वस्त किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले0 कर्नल संजीव कुमार द्वारा बैठक में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास से संबंधित शासकीय योजनाओं की नवीनतम जानकारी दी गयी बैठक में सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक अभिषेक शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0बी0 सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार शुक्ला, सहायक अभियन्ता अयोध्या विकास प्राधिकरण अरूण कुमार शर्मा, उपायुक्त उद्योग अमरेश कुमार पाण्डेय, सहायक नगर आयुक्त गुरू प्रसाद पाण्डेय, सैनिक कल्याण कार्यालय के वरिष्ठ सहायक जगदीश प्रसाद के अलावा बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# जनता दर्शन में फरियादियों को कराया गया दवा का सेवन



**बहराइच।** फाइलेरिया उन्मूलन एवं कृमि रोग से मुक्ति कार्यक्रम अन्तर्गत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान 2024-25 अन्तर्गत जनपद में 02 सितम्बर तक संचालित होने वाले सामूहिक दवा सेवन अभियान अन्तर्गत सामूहिक दवा सेवन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित डीएम के जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों को फाइलेरिया की दवा का सेवन कराने हेतु कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जनता दर्शन लगाये गये कैम्प में प्रथम दिन 24 फरियादियों को दवा का सेवन कराया गया।

कैम्प में मौजूद ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर लक्ष्मी, प्रतीक्षा पाण्डेय व शिवम श्रीवास्तव तथा फाइलेरिया निरीक्षक विमल कुमार व रत्नेश कुमार रत्नाकर द्वारा फरियादियों को दवा को सेवन कराया गया।

# खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों को डीएम ने लगायी फटकार

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की माह जुलाई की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

- **अगली मासिक बैठक में सुधार न होने पर की जाएगी विभागीय कार्यवाही**



जिलाधिकारी ने जल निगम नगरियों को बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने तथा प्रोजेक्ट मैनेजर व अधिशाषी अभियंता राजकीय निर्माण निगम की खराब प्रगति पर वेतन रोकने के दिए निर्देश।जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने माह जुलाई की समीक्षा बैठक करते हुए ट्रांसपोर्ट नगर अयोध्या बस्ती मार्ग साकेत होटल लक्ष्मण किला आदि कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिए कि जिन विभागों का कार्य काफी समय से लंबित पड़े हुए हैं उनका कमेटी का गठन कर जांच करते हुए समस्या का निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे कार्य निर्धारित समय सीमा में कराया जा सकें। उन्होंने आईटीआई मिल्कीपुर, राजकीय महाविद्यालय बीकापुर, राजकीय निर्माण विभाग, आवास विकास व नर्सिंग कॉलेज सहित स्पोर्ट्स स्टेडियम नरेंद्र देव कुमारगंज के कार्यों की प्रगति में शिथिलता पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान दिशा-निर्देश दिये कि सभी विभाग व कार्यदायी संस्था इसी महीने में अपनी प्रगति रिपोर्ट को समय पर सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट माह जुलाई 2024 में खराब श्रेणी-सीडी वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अधिकारी अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लायें। अगले माह की समीक्षा बैठक में इस माह में प्राप्त ग्रेड में सुधार नहीं आने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि कार्यों में शिथिलता व लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए विद्युत आपूर्ति, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग, राज विभाग के अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग, एवं क्रमिक व्यय धनराशि का कम होना आदि योजनाओं पर समीक्षा करते हुए अगले माह तक अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया है।

# मिष्ठान भंडार की दुकान जलकर राख




**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के मोहली चैराहे पर स्थित एक मिष्ठान भंडार में मंगलवार की रात विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिससे एक बाइक सहित लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार ने पड़ोसी दुकानदारों के सहयोग से आग बुझाया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबा भीखादास मिष्ठान भंडार के खण्डासा गांव निवासी प्रोपराइटर कुलदीप शाम को दुकान बंद कर बाहर सोए हुए थे रात लगभग 12:00 बजे दुकान के अंदर से धुआं निकलता देखा। जब दुकान का शटर खोला तो देखा कि अंदर रखा सामान फ्रीज, कूलर, पंखा आदि जल रहा है इसके बाद उन्होंने विद्युत आपूर्ति बंद कराकर पड़ोसियों के सहयोग से आग बुझाया।

आग से दुकान का फर्नीचर, काउंटर, मिठाइयां, बिस्किट, नमकीन आदि जल कर राख हो गया। वहीं दुकान के अंदर रखी संत भीखा दास मोबाइल सर्विस सेंटर के प्रोपराइटर राम सिंह की बाइक भी आग चपेट में आकर पूरी तरह जल गई।

# भारत को बीपीएल मुक्त बनाने में उद्यमिता विकास की भूमिकाः प्रो. अशोक कुमार मिश्रा




**अयोध्या।** उद्यमिता की ओर भारत के बढ़ते कदम, भारत को बी पी एल मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उक्त विचार का सु साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए महाविद्यालय के प्रो. अशोक कुमार मिश्रा ने कही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल प्रकाश शुक्ला एवं सुनील पाठक रहे।

श्री लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोंडा की प्राध्यापिका डॉ रेखा शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए उद्यमिता की ओर बढ़ने के लिए जागरूक किया। डॉ शर्मा ने देश की बहुत बड़ी समस्या बेरोजगारी से मुक्ति का समाधान उद्यमिता को अपना कर बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ अनिल प्रकाश शुक्ला ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वावलंबी भारत अभियान को मील का पत्थर बताया। डॉ राजीव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। जबकि मंच संचालन प्रो अरविंद कुमार शर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो अमूल्य कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो आशीष प्रताप सिंह, प्रो प्रणय त्रिपाठी डॉ जन्मेजय तिवारी, डॉ अवधेश शुक्ला, डॉ नागेंद्र सिंह, डा रजत तिवारी,डॉ सोनू डॉ धीरज ,डॉ संदीप वर्मा, डॉ आशीष विक्रम सिंह, अनिरुद्ध पांडे एवं सत्येंद्र कसौधन उपस्थित रहे।

# साले के अंतिम संस्कार से लौट रहे जीजा व उसके भतीजे की सड़क हादसे में मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के ढोली असकरन गांव निवासी चेतराम पुत्र पुत्र गुरु चरन 55 वर्ष व उनका भतीजा शिव शंकर पुत्र साहब दीन 32 वर्ष निवासी गड़रही बाजार की बभनाभारी थाना मवई मवई रिश्ते के अंतिम संस्कार से लौटते समय रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुँच कर पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को

- **दो परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़**

पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस ने मृतक के मोबाइल से उसके घर पर देर रात 1बजे के आसपास सूचना दी दुर्घटना में मृतक शिव शंकर के पिता साहब दीन ने बताया कि शिव शंकर बचपन से इनायत नगर थाना क्षेत्र के करमडांडा गांव में अपने ननिहाल में रहता था और वहीं पर दुकान करता था,रक्षाबंधन के अवसर पर वह घर आया हुआ था और अपने मौसा चेतराम के साथ उनके रिश्ते में साले की मौत की सूचना पर अंतिम संस्कार में मोटरसाइकिल से बभनाभारी थाना मवई गए हुए थे 20 अगस्त को अंतिम संस्कार निपटने के बाद रात 8 बजे करीब दोनों लोग बभनाभारी थाना मवई से घर के लिए निकले लेकिन बीपी मावई के पास लगभग 9 से 10 बजे के बीच में अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मार दी जिसके बाद दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया मृतक के पिता ने यह भी बताया कि शिव शंकर के दो बच्चे एक पुत्र व एक पुत्री हैं तथा मृतक गुरचरण के तीन लड़की व एक लड़के हैं। रात 1 बजे के करीब गदुरही बाजार में आई टेलिफोनिक सूचना के बाद करमडांडा गदुरही बाजार व ढोली आसकरन के लोग घटनास्थल की ओर रवाना हो गए जहां से मवई पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया समाचार लिखे जाने तक तीनों गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## विद्युत स्पर्शाघात से लाइनमैनकी मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज विद्युत उपकेंद्र के मोतीगंज फीडर के ग्राम रामपुर जोहन पूरे कुटिया में लाइन ठीक करते समय एक प्राइवेट लाइनमैन की मौत हो गई। यह घटना बुधवार दोपहर 11:00 बजे की बतायी जा रही है।ग्रामीणों के अनुसार प्राइवेट लाइनमैन नन्हें लाल यादव पुत्र हौसिला प्रसाद यादव ग्राम पंचायत पलिया लोहानी मजरे सिकिंया का निवासी है। वह रामपुर जोहन निवासी राम किशोर पासवान की लाइन ठीक करने के लिए गया था, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि रामकिशोर के लाइन की केबल लगभग दो दिन पहले से ही खेत में गिरी हुई थी। खेत में झटका मशीन का तार लगा हुआ था। जिसके ऊपर झटके के तार में विद्युत प्रवाह हो रही थी। हालांकि रेहन पर लिए हुए खेत स्वामी हरिश्चंद्र ठुन्नू का कहना है कि हमने राम किशोर को बताया था कि आपकी केबल हमारे झटका के तार पर गिरी हुई है। जिससे झटका के तार में विद्युत प्रवाह हो रही है। बताया जा रहा है कि लाइनमैन नन्हेंलाल खेत में घुसने का प्रयास किया। तभी विद्युत की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी होते ही मोतीगंज चैकी प्रभारी शीतला प्रसाद मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और बीकापुर इंस्पेक्टर रामचंद्र सरोज को सूचना देते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया।तार में सीधे विद्युत करंट प्रवाहित कर दिया था। जिसकी चपेट में आने से प्राइवेट लाइनमैन नन्हेंलाल की मौत हुई है। जानकारी होने पर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सर्पदंश से अधेड़ की मौत

**बीकापुर-अयोध्या।** मंगलवार की रात्रि जमीन पर सो रहे 44 वर्षीय अंधेड की सर्पदंश से मौत हो गई। सुबह

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के कोछा मठिया (रुचि का पुरवा) गांव निवासी 44 वर्षीय सुरेश कुमार पाल पुत्र धर्मराज पाल मंगलवार बुधवार की रात्रि अंधेरे में जमीन पर सो रहा था इसी बीच उसे किसी जानवर के काटने की शंका हुई।

जिसके बाद वह अचानक उठकर टार्च ढूंढने लगा। इससे पहले कि उसे टार्च मिलती मौत बनकर पहुंचा सांप ही उसके हाथ में आ गया।जिससे गुस्साये सांप ने उसे कई जगह काट लिया।और उसकी मौत हो गई।

बुधवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस द्वारा उसे सीएचसी बीकापुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# किसानों की समस्याओं का करें समयबद्ध निस्तारणः जिलाधिकारी

**बहराइच।** कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने एफपीओ संतृप्तिकरण अभियान अन्तर्गत 06 कृषक उत्पादन संगठनों को प्रत्युष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. मिहींपुरवा, ओममंगलीनाथ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. नवाबगंज, सौर्य एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लि.

- **कृषि आधारित अन्य व्यवसाय अपनाने को किसानों को दी गयी सलाह**

शिवपुर, कैसर अभिनव फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. कैसरगंज, कृषक कल्याण उत्पादक संगठन सहकारी समिति लि. हुजूरपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला फार्मर्स प्रोड्यूसर कं.लि. मिहींपरवा को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। किसान दिवस को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कृषकों की समस्याओं का समाधान कराते हुए आगामी बैठक में सम्बन्धित अधिकारी निस्तारण आख्या के साथ उपस्थित होंगे। उद्यान विभाग को निर्देश दिया गया कि जिले में जरबेरा की खेती को बढ़ावा दिया जाय। जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिया गया कि चीनी मिलों पर गन्ना कृषकों के बकाया भुगतान के सम्बन्ध में अलग से बैठक आयोजित कराएं। बैठक के दौरान कृषकों द्वारा पेयजल योजनाओं के संचालन तथा परिसम्पत्तियों की मरम्मत के सम्बन्ध में उठायी गई समस्या के सम्बन्ध में डीएम द्वारा निर्देश दिये गये कि नोडल अधिकारी नामित कर पेयजल योजनाओं का सत्यापन कराकर आगामी बैठक में आख्या पटल पर प्रस्तुत की जाय। जल भराव की समस्या के समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने किसानों को विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय वृद्धि करें। रसायनिक खादों का प्रयोग कम से कम करें इससे भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है प्राकृतिक खेती के तरफ विशेष ध्यान दे। जैविक खेती से जैविक उपज की बाजार में दो से चार गुने मूल्य प्राप्त होता है। उन्होनें किसानो को सलाह दी कि अपनी फसल अवशेष को जलाये नही बल्कि कम्पोस्ट खाद बनाकर अपनी खेतो में




डाले इससे खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी। आप सभी अपने आस-पास के किसानों को जलाने से रोकें। कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने किया। बैठक के दौरान सीडीओ रम्या आर. ने उपस्थित सभी किसानों से कहा कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता में है उन्होने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसान दिवस में आयी समस्त समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से सुनिश्चित करें तथा आगामी किसान दिवस में विवरण सहित उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सीडीओ ने जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से उपस्थित अधिकारियों को अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उपस्थित किसानों को देने हेतु कहा। बैठक में उपस्थित जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी रूपेश कुमार सिंह ने उपस्थित किसानों को अवगत कराया कि वर्तमान खरीफ में फसल खरीद का कार्यक्रम पहले से ही तैयार कर लिया गया है किसी भी समस्या के निस्तारण हेतु हमारे दूरभाष पर वार्ता कर सकते है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश उपाध्याय ने पशु पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की बृहद जानकारी प्रदान की। सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपनी आय वृद्धि करें। उन्होनें बताया कि यदि कोई किसान या व्यक्ति मत्स्य पालन, विपणन आदि का कार्य करता है तो उसे मत्स्य विभाग की बीमा योजनाओं से रुपए 25 हजार से 05 लाख तक की धनराशि शासन द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है अभी शीघ्र ही एक मत्स्य पालन महिला की मृत्यु होने पर रुपए 05 लाख की धनराशि बीमा कवर के रूप में शासन द्वारा प्रदान की गयी है। जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला ने गन्ना विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी तथा जिले की विभिन्न चीनी मिलों द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नन्दन सिंह ने प्राकृतिक खेती, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानन्दा ने फसलो में लगने वाले कीट रोग की रोकथाम के लिए उपलब्ध है तथा कृषि रक्षा रसायनों/बायो पेस्टीसाइड की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने जिले में खाद व बीज की उपलब्धता की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद व बीज उपलब्ध है। फर्टिलाइजर की रैंक जिले को प्राप्त होने वाली है। डीएपी के स्थान पर एनपीके फर्टिलाइजर/नैनो यूरिया का अधिक से अधिक उपयोग करें।

# आरक्षण कोटे में क्रीमीलेयर निर्धारित किए जाने के विरोध में दलित संगठनों ने किया प्रदर्शन

**अयोध्या।** जनपद में भारत बंद का व्यापक असर दिखाई पड़ा। दलित आरक्षण कोटे में क्रीमीलेयर निर्धारित किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ कई संगठनों ने प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन

- **सपा, बसपा, आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन**

को संभालने के लिए सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा के साथ सड़क पर फोर्स दिखाई पड़ी। सपा कार्यकर्ता गुलाबबाड़ी से जुलूस लेकर शहर में निकले तो आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने कचहरी गेट पर प्रदर्शन किया। अयोध्या पुलिस और सीआरपीएफ ने बीच में ही जुलूस को रोक दिया। इसके बाद तीनों संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा। समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी एवं समाजवादी अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ, जिला उपाध्यक्ष ओरौनी प्रसाद



पासवान के नेतृत्व में भारत बन्द में शामिल होकर अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश जो क्रीमीलेयर विभाजन एवं वर्गीकृत किये जाने के सम्बन्धी आदेश को केन्द्र और प्रदेश की सरकारों द्वारा लागू न करने एवं लोकसभा में विधेयक लाकर वर्तमान अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण में कोई फेरबदल न करने तथा अनुसूचित जाति जनजाति का आरक्षण कोटा पूरा करने के लिये विशाल धरना प्रदर्शन में विभिन्न दलों के लोग भी शामिल हुए। विशेष तौर से समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव बलराम मौर्या, इन्द्रपाल यादव, बाबा साहब वाहिनी राष्ट्रीय सचिव नागेश्वर नाथ कोरी जी, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विद्याभूषण पासी, कृष्णा निषाद, पंकज आजाद कोरी, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राम सागर रावत, प्रवीण राठौर, वंशदेव पासवान, डा0 के0पी0 चैधरी व अन्य सैकड़ों लोगाबं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

संक्षेप

## एस्कॉर्ट गाड़ी ने टेंपो में मारी टक्कर, एक की मौत, कई घायल

**मथुरा।** एसएसपी आवास के समीप बीतीरात एक अनियंत्रित बोलेरो ने सामने से आते सवारी से भरे ई टेंपो को रौंद दिया। दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक महिला दो बच्चों के अलावा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगरा रोड स्थित एसएसपी बंगले के समीप एस्कॉर्ट लिखी एक अनियंत्रित बोलेरो ने सवारी से भरे ई टेंपो को रौंद दिया।हादसा इतना भीषण था कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से सेना क्षेत्र की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में टेंपो सवार हाथरस सिकंद्राराराऊ निवासी 24 वर्षीय केशव पुत्र रघुराज की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि औरंगाबाद सदर बाजार निवासी 10 वर्षीय कार्तिक, 8 वर्षीय पारस, 30 वर्षीय प्रीति पत्नी अजय, टेंपू चालक बहादुरपुर निवासी महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो चालक घटना के बाद से फरार है।

## सर्विलांस, स्वाट टीम ने मुठभेड़ के बाद पकड़े तीन लुटेरे

**मथुरा।** जिले के पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन लुटेरे गोली लगने के बाद घायल हो गए है, जिन्हें उपचार हेतु पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी शैलेष कुमार पांडेय ने बताया कि 18 अगस्त रविवार को फरह में बदमाशों ने एक ज्वेलर्स से लाखों रुपए के गहने लूट लिये थे। लूट की इस घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ था।पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी हुयी थी। बीतीरात फरह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूटपाट करने वाले बदमाश परखम ओल मार्ग से गांव नगला जट्टा की ओर जा रहे है। फरह पुलिस और स्वाट टीम व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बदमाशों की घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस ने बलजीत पुत्र डूंगर निवासी समसपुर और ललित पुत्र दया सिंह, चेतन पुत्र मेघ सिंह निवासीगण बाटी जैंत को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। तीनों बदमाश गोली लगने से घायल हुये हैं।पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटे गये सोने-चांदी के आभूषण, 3 तमंचे, लूट में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद की है। एसपी सिटी डा. अरविन्द कुमार सिंह व सीओ श्वेता सिंह ने बताया कि रविवार को सुरेश ज्वैलर अपने दुकान से मोटर साईकिल से एक बैग में आभूषण लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में अभि0 बलजीत, अभि0 ललित व अभि0 चेतन द्वारा दिन दहाडे ज्वैलर की मोटर साईकिल को रोककर व डण्डे से मारपीट कर ग्राम सेरसा के पास आभूषण के बैग को लूटकर घटना को अंजाम दिया गया ।उक्त घटना का उच्चाधिकारियों द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया जिसके खुलाशे के लिए थाना फरह पुलिस, थाना रिफाइनरी पुलिस, सर्विलांस एवं स्वाट टीम को लगया गया था ।जिसमें मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगणों को माल ठीकाने लगाने जाते हुए मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है इनका एक साथी झम्मन की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है ।इस सफलता में थाना रिफाइनरी प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह, थानाध्यक्ष सोनू कुमार, उपनिरीक्षक सर्विलांस विकास शर्मा, स्वाट टीम उपनिरीक्षक अभय शर्मा, थाना फरह व.उ.निरीक्षक सुभाष चन्द्र आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# दलित संगठनों ने निकाला पैदल मार्च, प्रदर्शन




**मथुरा।** एससी एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने के विरोध में आज भारत बंद के राष्ट्रीय आव्हान पर बहुजन समाज पार्टी और दलित संगठनों द्वारा डीग गेट से प्रातः 10 बजे से विशाल पैदल मार्च निकाला गया। डीग गेट अम्बेडकर भवन से एक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया गया। पैदल मार्च डीग गेट से प्रारंभ होकर भरतपुर गेट, होली गेट, क्वालिटी तिराहा, पुराना बस स्टैंड, टैंक चैराहा, होते हुए जिला मुख्यालय पर जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचा वहां एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिला अधिकारी को दिया गया। यहां जमकर प्रदर्शन करते कहा कि क्रीमीलेयर को वापिस किया जाये। भारत बंद के आह्वान के बाद आज शहर में निकाले गए मार्च के बाद कलेक्ट्रेट पर बहुजन समाज पार्टी, भीम आर्मी, नागरिक अधिकार मंच, डा. अम्बेडकर समाज सेवा ट्रस्ट भारत, समता फाउण्डेशन सहित विभिन्न संगठनों की ओर से ज्ञापन देते कहा कि एक अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली पीठ द्वारा पारित आदेश को निष्प्रभावी किया जाए और अनुसूचित जाति, जनजाति का आरक्षण संविधान की नौ वीं सूची में शामिल किया जाए। बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, लोकसभा प्रत्याशी रहे चै. सुरेश सिंह, बसपा जिलाध्यक्ष सहित बहुजन समाज पार्टी के लोगों ने इस मार्च में शामिल होकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। डीगगेट से जैसे ही यह प्रदर्शन शहर में निकला। पुलिस बल पूरी चैकसी के साथ शामिल रहा। भारत बंद के आह्वान के बाद भी समर्थकों ने शांतिप्रिय ढंग से प्रदर्शन करते अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और सरकार की नीतियों की कटु आलोचना की। प्रदर्शन काफी बड़ा था और इसमें समर्थक लोगों की भारी भीड़ थी।

वहीं दूसरी ओर अम्बेडकर सामाजिक अधिकार मंच ने कहा कि अगर केंद्र सरकार ज्ञापन के द्वारा एससी एसटी की बात नहीं सुनेगी तो हो सकता है आने वाले समय में यह आंदोलन और उग्र रूप ले। विरोध पैदल मार्च के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम सिंह कर्दम एडवोकेट, जितेंद्र सिंह, अशोक कुमार बौद्ध, मानसिंह दरोगा, त्रिलोकी नाथ कर्दम, एमपी सिंह, मोहन सिंह कदम, बदन सिंह, कृष्ण गोपाल कर्दम, विजय सिंह, लव कुमार, रामवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण प्रधान, श्याम सिंह बौद्ध, अशोक केसरिया, तेग बहादुर, अमित दिवाकर, रवि दिवाकर, अशोक प्रिया, मोहर पाल सिंह, संजय कुमार, सुनील कर्दम, आदर्श एडवोकेट, प्रेम प्रकाश एडवोकेट, बंटी खान, साकिर हुसैन, बृजेंद्र सिंह, अजय अंबेडकर, सुभाष चंद्र, राजेन्द्र सिंह, विजेंद्र सिंह, तूही राम, रतनलाल, सुरेश चंद आदि भारी की संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं डा. अम्बेडकर समाज सेवा ट्रस्ट भारत के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की दिल्ली पीठ ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर जो निर्णय दिया है उससे अनुसूचित वर्ग के लोगों के हक, अधिकार और उनके मिलने वाला प्रतिनिधि समाप्त होने की संभावना है। अध्यक्ष मुनेन्द्र सिंह निगम ने कहा कि उच्च न्यायपालिका से लेकर अन्य विभागों में एससी/एसटी का आरक्षण प्रतिनिधित्व बैकलॉग भर्ती के माध्यम से अभिलम्ब पूरा कराया जाए। एससी-एसटी एक्ट के मामलों में तुरंत मुकदमा कराने की व्यवस्था कराई जाए तथा आर्थिक सहायता भी तुरंत दिलाए जाने की व्यवस्था कराई जाए। एससी-एसटी के मामलों में 60 दिन में आरोप पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। एससी-एसटी के असंवैधानिक-फर्जी जाति प्रमाण पत्र लेने वाले एवं देने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ भी शासन स्तर से जांच कर कार्यवाही अमल में लायी जाए। एससी एसटी के वर्गीकरण और क्रीमी लेयर के विरोध में ज्ञापन देते समय राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश एडवोकेट, पप्पू सिंह एडवोकेट, मुकेश बाबू एडवोकेट, सच्चन सिंह एडवोकेट, भानू प्रताप सिंह एडवोकेट, देवेन्द्र सिंह एडवोकेट, धर्मवीर सिंह, अशोक कुमार, संकेत, अखिल भारतीय परिसंघ के जिलाध्यक्ष रामवीर सिंह, सोमबीर सिंह, चितरंजन सिंह बौद्ध आदि मौजूद थे।

## ताज सुरक्षा पुलिस ने केरल से आये पर्यटकों का किया स्वागत



**आगरा।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारत ताजमहल को देखने देश-विदेश से हजारों सैलानी प्रतिदिन ताजमहल पर आ रहे हैं ताजमहल के पश्चिमी गेट पर नियुक्त थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीमें यहां आने वाले पर्यटकों को एक सुखद एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करा रही हैं। इसी क्रम में आज केरल से आए लगभग 50 पर्यटकों के समूह का ताजमहल के पश्चिमी गेट पर स्वागत करते हुए उन्हें ताजमहल से संबंधित सभी जानकारियां देकर ताजमहल का भ्रमण कराया गया सभी पर्यटकों ने थाना ताज सुरक्षा पुलिस की फ्रेंडली वातार्लाप से प्रभावित होकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगरा पुलिस की सराहना की और ग्रुप फोटो भी खिंचवाये तथा अपने अनुभव भी साझा किए। सहायक पुलिस आयुक्त ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद के द्वारा पश्चिमी गेट पर आने वाले पर्यटकों को सुखद एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए थाना ताज सुरक्षा पुलिस के जवानों को नियुक्त किया गया है जो बखूबी अपना सेवा दायित्व निभा रहे हैं और अपनी कार्यशैली से पर्यटकों का मन लुभा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना ताज सुरक्षा तिलक राम भाटी के निर्देशन में सुरक्षा के जवान सेवा सुरक्षा एवं संवेदना की भावना के साथ यहां आने वाले पर्यटकों से फ्रेंडली वातार्लाप कर उनकी हर संभव सहायता के साथ प्रवेश दिलाकर उन्हें एक अच्छे माहौल में ताजमहल के भ्रमण के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध करा रहे है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह,मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार ,मुख्य आरक्षी संजय कुमार, महिला आरक्षी लक्ष्मी देवी सम्मिलित हैं।

## अखंड सौभाग्य के लिए सिंधी समाज की महिलाओं ने रखा टीजरी पर्व पर निर्जला व्रत



**आगरा।** पार्श्वनाथ पंचवटी ताज नगरी फेज 2 मंदिर पर भाद्र माह कृष्ण पक्ष की तृतीया पर सिंधी समाज त्यौहार ( करवा चौथ ) तीजड़ी पर्व पर हुई सामूहिक पूजा अर्चना। सिंधी समाज की महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा व्रत सिंधी महिलाओं ने पति की लंबी आयु के अखंड सौभाग्य के लिए सुबह तारों की छांव मैं सरगी लेकर पूरे दिन निर्जला व्रत रखा है वह कथा सुनकर शाम को चंद्रमा को अर्क देकर व्रत खोला यह व्रत कुंवारी कन्या अपने होने वाले वर के लिए रखती है वह सुहागिन पति की दीघार्यु परिवार की खुशहाली के लिए व्रत रखती है पंचवटी कॉलोनी राधा कृष्ण मंदिर पर मैया की आराधना कर सभी देवी देवताओं को नमन कर बड़े ही उत्साह के साथ सामूहिक तीजड़ी पर्व पर पूजा अर्चना सिंधी समाज की पुरोहिता पंडित इंदिरा शर्मा ने सभी को तीजड़ी माता की भाव पूर्वक कथा सुनाई वह कीर्तन भजन कर पर्व की खुशियां धूम धाम से मनायी। माता के भव्य सजे झूले में माता को सामूहिक झोटा देकर महिलाओं द्वारा झुलाया गया वह सिंधी गीत गाये।

## 5251वें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव का शुभारंभ करेंगे सीएम, 25 को आयेंगे

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** 5251 वें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव का शुभारंभ 25 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री



ब्रजवासियों को बरसाना रोपवे और यमुना क्रूज सहित 137 परियोजनाओं की सौगात देंगे। अगले दिन जन्माष्टमी पर जन्मस्थान पर दर्शन कर यहां से रवाना हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास द्वारा इस बार 5251 वें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव को भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। इस तीन दिवसीय महामहोत्सव का शुभारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 अगस्त की शाम मथुरा पहुंचेंगे। परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री 25 अगस्त की शाम डेम्पियर नगर स्थित पाच्चजन्य प्रेक्षागृह प्रांगण में विशालकाय वैलून आकाश में छोड़कर 5251 वें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसी के साथ ब्रज मंडल में 5 बड़े मंच, 19 छोटे मंच और 20 प्रमुख मार्गों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हो जाएगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ब्रजवासियों को 583 करोड़ की 137 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, जबकि कई सौ करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसमें बरसाना रोप वे, यमुना में क्रूज, पाच्चजन्य प्रेक्षागृह, वृंदावन में लक्ष्मण शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, मल्टीलेवल पार्किंग, गोवर्धन तहसील भवन, बरसाना कोसी गोवर्धन मार्ग का चैड़ीकरण, मथुरा वृंदावन मार्ग का चैड़ीकरण, मथुरा डींग मार्ग फोरलेन सहित आदि प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं। इस दौरान सांसद हेमामलिनी की नृत्य प्रस्तुति होगी। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन मुख्यमंत्री जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर दर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भीड़ को देखते हुए 26 अगस्त को जन्मस्थान पर मुख्यमंत्री दर्शन कर मथुरा से रवाना हो जाएंगे।

# बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी पर सिर्फ इन लोगों को मिलेगी एंट्री



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** भगवान कृष्ण की रास स्थली वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा। इस मौके पर मंदिर में बच्चों और बुजुगों लेकर ना आने की अपील की गई है। इस संबंध में मंदिर प्रबंधन ने बुधवार एक एडवाइजरी भी जारी की है। यह फैसला मंदिर में भीड़ और पिछले दिनों हुई घटनाओं को देखते हुए लिया गया है। सोमवार 26 अगस्त 2024 को देश के अलग-अलग हिस्सों में जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया जाने वाला है। इसे लेकर भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न मंदिरों में तैयारियां जोर-जोर से हो रही है। बांके बिहारी मंदिर, श्री द्वारकाधीश मंदिर, प्रेम मंदिर, जगन्नाथ मंदिर सहित अनेकों मंदिरों को जन्माष्टमी के लिए सजाया जा रहा है. इस दिन मंदिर प्रशासन की ओर से भक्तों की सुगमता के लिए कई दिशा-निर्देश भी जारी किए जाते हैं। भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में इस साल 2 दिन 26 अगस्त और 27 अगस्त को जन्माष्टमी मनाई जाएगी. लेकिन वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा। जन्माष्टमी के लिए मंदिर प्रशासन की ओर से जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार भक्त बांके बिहारी जी के दर्शन कर पाएंगे। जन्माष्टमी के दिन सुबह 7:45 बजे से 12बजे तक मंदिर के पट खुलेंगे। इस दौरान 9बजे बांके बिहारी जी की श्रृंगार आरती की जाएगी। 11:55 बजे ठाकुर जी की राजभोग आरती के बाद 12 बजे पर्दा लगा दिया जाएगा। शाम के वक्त 5:30 बजे से 9:30 बजे तक श्रद्धालु बांके बिहारी जी के दर्शन कर पाएंगे। इस दौरान 6:30 बजे बांके बिहारी की ग्वाल आरती की जाएगी। 7:30 बजे भक्त भगवान के संध्या आरती में शामिल होंगे। मध्य रात्रि में बांके बिहारी जी का महाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान दर्शन बंद रहेगा। सुबह 1:45 में मंगल आरती के साथ मंदिर के कपाट खुलेंगे और भक्त ठाकुर जी के दर्शन कर सकेंगे।28 अगस्त को सुबह 7:45 बजे से 12 बजे तक बांके बिहारी मंदिर में नंदोत्सव मनाया जाएगा।

## कान्हा के जन्मोत्सव व सीएम के आगमन को लेकर डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण




**मथुरा।** सावन-भादों मेला और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मथुरा के मंदिरों में विशेष तैयारियां चल रही हैं। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर कन्हैया के जन्म का कार्यक्रम आयोजित होना है। इस सबको देखते हुए वहां पर तैयारियां चल रही हैं। बताते हैं कि इस बार का कार्यक्रम कुछ विशेष रहेगा। भगवान श्रीकृष्ण के 5251 वें जन्म कार्यक्रम को कुछ अलग ढंग से मनाया जाएगा। मथुरा ही नहीं वृन्दावन के चंद्रोदय मंदिर में भी 25 व 26 अगस्त को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 25 अगस्त को भजन संध्या, अभिषेक और रात्रि दस बजे महाआरती का आयोजन होगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर वृन्दावन में भी सभी मंदिरों में भव्य आयोजन किए जायेंगे। नंदगांव, गोकुल, भगवान के प्रिय स्थल हैं। यहां पर भी श्रीकृष्ण जन्म से संबंधित कार्यक्रम मनाने की तैयारियां अभी से चल रही हैं। ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने भी घोषणा की है कि इस बार ब्रज के प्रमुख मंदिरों घाट व यमुना किनारे आकर्षक रोशनी और शहर के तिराहे चैराहों पर आकर्षक सजावट की जाएगी। मथुरा वृन्दावन नगर निगम भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए पूरी तैयारी में जुटा है। मथुरा वृन्दावन के मंदिर बाहुल्य क्षेत्रों में आयुक्त द्वारा साफ सफाई के विशेष निर्देश दिए गए हैं। सड़कों को ठीक-ठाक किया जा रहा है। मथुरा वृन्दावन नगर निगम यहां आने वाले तीर्थयात्रियों को मथुरा के धार्मिक दृश्य दिखाने के लिए तैयारी में जुटा है। बताते हैं कि मथुरा व वृन्दावन में दीवालों पर भगवान की लीला से संबंधित झांकियां दीवालों पर बनाई जाएंगी। भगवान के विविधरूप दशार्ने और उनकी लीलाओं तथा ब्रजधाम का चित्रण किया जा रहा है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का एसएसपी ने किया निरीक्षण



**मथुरा।** जनपद में 23 अगस्त से शुरू होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा पुलिस के कड़े पहरे में 21 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पुलिस ने निष्पक्ष और शांति पूर्ण परीक्षा के लिये सभी तैयारी पूर्ण कर ली है। बुधवार सुबह एसएसपी शैलेश पांड़े ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्था को परखा। एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि 21 सेक्टर, 21 स्टेटिक, तीन जोनल मजिस्ट्रेट प्रशासन ने तैनात, प्रत्येक केंद्र पर इनके साथ पुलिस भी तैनात रहेगी। केंद्र पर्यवेक्षक (पुलिस) केंद्रों पर सीसीटीवी न अन्य सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गयी है। आज सभी केंद्रों की कोने-कोने की चेकिंग कर देखा जाएगा कि कहीं कोई मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तु तो नहीं छिपाई गई है। साथ ही सीटिंग प्लान भी तैयार कर लिया गया। परीक्षा के समय केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, प्रभारी व कार्यदायी संस्था के कर्मी के अलावा अन्य किसी व्यक्ति के पास फोन नहीं रहेगा। केन्द्र के अन्दर नियुक्त किसी भी कर्मचारी के पास फोन नहीं होगा। केन्द्र प्रभारी सभी कर्मियों के मोबाइल इत्यादि को सुरक्षित रखने की व्यवस्था करायेंगे। प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की सघन तलाशी हेंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) से होगी। परीक्षा पूर्ण होने तक किसी भी दशा में अभ्यर्थियों एवं कर्मियों को परीक्षा केंद्र से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। जनपदीय कंट्रोल रूम में लगे कर्मचारी लगातार कैमरों से केंद्रों की गतिविधि पर नजर रखेंगे। लगभग 30 हजार अभ्यर्थी इन केंद्रों पर सिपाही भर्ती के लिए ऑफलाइन लिखित पुनः परीक्षा देंगे। 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को प्रत्येक तिथि पर दो पालियों में परीक्षा होगी। इसमें पहली पाली सुबह दस से 12 बजे और दूसरी शाम को तीन से पांच बजे की होगी। खुफिया पुलिस सादा वर्दी में केंद्रों के बाहर तैनात रहेगी। निरीक्षण के दौरान परीक्षा नोडन अधिकारी एसपी सिटी अरविन्द कुमार मौजूद रहे।

## जन्माष्टमी पर 25 से 27 तक ब्रज में गूंजेंगे भक्ति के गीत

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** भगवान श्रीकृष्ण के 5251वें जन्मोत्सव समारोह में कन्हैया मित्तल, गोविन्द भार्गव सहित कई प्रख्यात भजन गायक अपनी आवाज का जादू कान्हा के भक्तों पर चलाएंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित भजनों की यह श्रृंखला 25 से 27 अगस्त तक चलेगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योंहार वैसे तो देश भर में मनाया जाता है। इसके अलग अलग ढंग देश के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिलते हैं, लेकिन जन्मभूमि होने के नाते मथुरा में इसका अपना अलग रंग ढंग ओर उल्लास नजर आता है। इस बार भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव समारोह होने के कारण इसे भव्य और दिव्य बनाया जा रहा है। इस उपलक्ष में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होने जा रहे हैं। इसमें प्रमुख कलाकारों की भजनों प्रस्तुति भी शामिल है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 25 अगस्त को भजन गायक गोविन्द भार्गव अपनी प्रस्तुति रात 9 बजे से 11 बजे तक जुबली पार्क स्थित मुक्ताकाशी रंगमंच पर देंगे। इसी मंच पर 26 अगस्त को रात 8 बजे से इंडियन आइडल फेम नितिन कुमार भजन सुनाएंगे। इसी दिन शाम पांच बजे से डा. यासमीन सिंह अपनी नृत्य प्रस्तुति पांचजन्य के मंच पर देंगी। 27 अगस्त को रात आठ बजे से प्रख्यात गायक कन्हैया मित्तल अपनी मधुर आवाज से कान्हा के भजन प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा मथुरा, वृंदावन समेत ब्रज के अन्य स्थानों पर 19 छोटे मंच तैयार कराए जा रहे हैं। इन स्थानों पर ब्रज के कलाकार मंचन करेंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि 5251 वे जन्मोत्सव की तैयारी की जा रही है। देश के विभिन्न हिस्सों से अनेक कलाकर अपनी प्रस्तुति देने यहां आ रहे हैं। जन्मोत्सव के कार्यक्रम 25 अगस्त से प्रारंभ होंगे।

## किसान त्रस्त, अधिकारी मस्त, महापंचायत कर डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

**मथुरा।** किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे राधाकुंड में जलभराव की समस्या,राधकुण्ड बाईपास के निर्माण के समय चूक ने पुलिया नही बनबाई आदि समस्याओं को लेकर के राधा कुंड बाईपास पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर ताले किसान पंचायत का आयोजन किया गया।

पंचायत की अध्यक्षता लाल सिंह ब संचालन गणेश तोमर ने किया। पंचायत में किसानों का कहना है कि भू माफियाओं ने साठ गांठ कर किसानों की बेस कीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर किसानों का शोषण किया है। किसानों ने इस संबंध में जनपद मथुरा के जिलाधिकारी को भी मांग पत्र से अबगत कराया। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार व प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धा सिंह प्रधान ने संयुक्त रूप से कहा कि जनपद में किसानों का शोषण किसी भी स्तर पर बर्दास्त नही किया जाएगा ।गोवर्धन तहसील के किसान लगातार अपनी समस्याओं को लेकर तहसील ब जिला स्तरीय अधिकारियों को मांग पत्र दिए लेकिन एसी युक्त कार्यालय में कुम्भकर्णीय नींद में सोए अधिकारियों के कान पर जूं तक नही रेंग रही । किसान अपनी समस्यों से त्रस्त ,अधिकारी आफिस में मस्त ।बही प्रबक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा व जिलाध्यक्ष चै धर्मवीर,तहसील अध्यक्ष राजकुमार नैन ने पंचायत को संबोधित करते हुए बताया कि भू माफिया किसानों की जमीन पर लगातार कब्जे पर कब्जे करता जा रहा है लेकिन किसानों के बार बार प्रशासन को लिखित रूप से अवगत कराने पर भी शासन,प्रशासन मौन बना हुआ है। यदि प्रशासन किसानों की समस्यों को लेकर मौन बना रहता है तो गोवर्धन तहसील में या जनपद मथुरा में कही भी मंडल स्तरीय आंदोलन के आगाज हो जिसका पूर्ण दायित्व जनपद के शासन प्रशासन का होगा। मौके पर एसडीएम गोवर्धन कोतबाल विनोद बाबू मिश्र मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे, इस दौरान उपजिलाधिकारी ने जेई सिचाई विभाग को फटकार लगाते हुए समस्याओं को अबिलमव निस्तारण के लिए निर्देशित किया ।मौके पर जेई ने जेसीबी बुलाकर कुछ सफाई कार्य कराए।

इस अबसर पर सचिब पश्चिमी उत्तर प्रदेश देवेंद्र सिंह,प्रमुख महासचिब आगरा मंडल जगदीश परिहार,प्रचार मंत्री अगर मंडल गिर्राज परिहार,मंडल महासचिब राकेश, मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश ,पृथ्वी सिंह, जिलाध्यक्ष चै धर्मबीर,जिला महासचिब गणेश तोमर,तहसील अध्यक्ष राजकुमार नेंन,जिला उपाध्यक्ष दयाराम,बरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक प्रधान,ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन घूरेलाल शास्त्री,बरिष्ठ कार्यकर्ता ओपी कुंतल,कारण चैधरी,दिगंबर सिंह,राजन, एकपाल,शिव राम कुंतल,गजेंद्र गावर, महानगर अध्यक्ष सलीम,जिलासचिब निजाम, तहसील अध्यक्ष महावन रामगोपाल,ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव नीरेश सहित किसान सरदारी मौजूद रही।

# डीएम ने की मनरेगा योजना की समीक्षा

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक में जनपद स्तर / विकासखण्ड स्तर के कार्यों को गति प्रदान करने तथा संबंधित विभागों की योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार देते हुए लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मनरेगा के कार्यों की बैठक ली गई।

जिलाधिकारी ने समस्त कार्यों को जिओ टैगिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कैच दी रैन के संबंध में समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों में तालाब खुदवाए तथा पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार कराए। समस्त अमृत सरोवरों की साफ सफाई सुनिश्चित करे।

मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने सभी बीडीओ को निरंतर अमृत सरोवरों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों पर बारिश का पानी आना चाहिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे।

मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त




बीडीओ को अपने अपने क्षेत्रों के रोजगार सेवकों, सचिवों तथा टी.ए के साथ नियमित रूप से बैठक करने के निर्देश दिए। सभी बीडीओ जलभराव की समस्याओं हेतु प्रधानों से संपर्क स्थापित करे, उनके माध्यम से जलभराव वाले स्थान चिन्हित करे तथा ससमय निस्तारण सुनिश्चित करे। जहा जहा आवश्यकता है वहां वहां नई नालिया बनवाए। पक्के कार्यों की कार्य योजना बनाते हुए कार्यों को पूर्ण कराए।

मुख्य विकास अधिकारी ने डीसी मनरेगा को समस्त लंबित भुगतानों को शीघ्र कराने के निर्देश दिए। पुराने शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। सोशल ऑडिट करने तथा लंबित प्रकरणों को पूर्ण कराए। सभी बीडीओ अपने अपने क्षेत्रों में मॉडल उचित दर दुकानों का निर्माण कराए। प्राइमरी स्कूलों में बॉउंड्री वॉल के कार्यों को पूर्ण कराए। जिलाधिकारी ने सभी को जनपद में हुए वृहद वृक्षारोपण के रख रखाव तथा पौधों की देखभाल की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग जलभराव की जगहों पर पम्प सेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करे। नालियों की नियमित सफाई कराए। उन्होंने कहा कि सभी बीडीओ गौशालाओं का निरीक्षण करे, नेपियर घास को लगवाए , जिससे गौशालाओं हेतु हरे चारे की व्यवस्था हो सके, गौशालाओं में जल, शेड, भूसा, आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी बीडीओ अपने अपने क्षेत्रों में पशुओं व आम जनमानस हेतु पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करे। सभी तालाबों को नहरों के माध्यम से भरवाए। रोजगार के लक्ष्यों को पूर्ण कराए तथा ससमय भुक्तान सुनिश्चित करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, डीसी मनरेगा विजय कुमार पांडेय, परियोजना निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय समस्त बीडीओ तथा संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## आईकू ने लॉन्च की जेड9एस सीरीज

नई दिल्ली। हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने एक बार फिर अपने पूरी तरह से लोडेड आईकू जेड9एस सीरीज, जिसमें आईकू जेड9एस प्रो 5जी और आईकू जेड9एस 5जी शामिल हैं, के लॉन्च के साथ इंडस्ट्री में नई मिसाल कायम की है। आईकू जेड9एस सीरीज 'मेगाटास्कर्स' के लिए पूरी तरह से लोडेड है - मुख्य रूप से कॉलेज के छात्र और युवा पेशेवर जिन्हें तेज कनेक्टिविटी और सीमलेस एंटरटेनमेंट की आवश्यकता होती है। आईकू जेड9एस सीरीज उन्हें आसानी से मल्टीटास्क करने में सक्षम बनाएगी।

## स्प्राइट का कैम्पेन चिल एट होम लॉन्च

गुड़गांव। स्प्राइट अपने नए कैम्पेन के साथ चिल एट होम का एक अनूठा अंदाज लेकर आया है। इस कैम्पेन में दिनभर की थकान मिटाने की एक अनोखी तरकीब बताई गई है। टीनेजर्स की हमेशा यही कोशिश रहती है कि वे अपने हर दिन में कुछ नया अनुभव जोड़ें। पढ़ाई, एक्स्ट्राकरिकुलर गतिविधियां, लोगों की अपेक्षाएं और अपने मंजिल को पाने के बीच संतुलन बनाना काफी थका देने वाला हो सकता है। आप अपना पूरा दिन ही किसी और की उम्मीदों पर खरा उतरने और अपने आस-पास के लोगों के बनाए नियमों पर चलने में बिता देते हैं। कुछ लोग तो जब शाम को अपने घर लौटते हैं इस सबका बोझ उनके कंधों पर लदा होता है।

## जेटसिंथेसिस की लखनऊ सुपर जायंट्स से साझेदारी

नई दिल्ली। जेटसिंथेसिस का नॉटिलस मोबाइल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। यह ऐतिहासिक साझेदारी एक नए आधिकारिक रूप से लाइसेंसशुदा मोबाइल क्रिकेट सिमुलेशन गेम की शुरुआत का प्रतीक है, जिसमें लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों की डायनॉमिक मौजूदगी और आईकॉनिक टीम ब्रांडिंग शामिल रहेगी।

## टाटा प्ले सुपरहिट सीरियल्स लॉन्च

नई दिल्ली। टाटा प्ले ले कर आया है एक नई सेवा, टाटा प्ले सुपरहिट सीरियल्स जो पुराने दिनों की याद दिलाएगी। यह सेवा सन 2000 के प्रतिष्ठित टीवी कार्यक्रम दर्शकों के लिए लेकर आई है। स्टार प्लस के सौजन्य से पेश की गई यह सेवा चैनल के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम दिखाएगी, जिन्होंने लाखों लोगों के दिलों को छू लिया था और आज भी लोकप्रिय बने हुए हैं। दर्शकों द्वारा इन्हें देखने की मांग की जा रही थी क्योंकि अब वो किसी भी टीवी चैनल पर प्रसारित नहीं होते हैं। टाटा प्ले सुपरहिट सीरियल उस दशक में राज करने वाले आकर्षक कार्यक्रमों की श्रृंखला लेकर आया है।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी45 5जी स्मार्टफोन

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज मोटो जी45 5जी के लॉन्च की घोषणा की। मोटो जी45 5जी ने अपने दमदार स्नैपड्रेगन 6एस जेन3 प्रोसेसर के साथ भारत में किफायती 5जी स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है, जो बेहतरीन कनेक्टिविटी के लिए वीओएनआर के अलावा इस सेगमेंट के सबसे ज्यादा 13 5जी बैंड्स के साथ बेहतरीन परफॉर्मेंस देता है। अल्ट्रा-प्रीमियम डिजाइन वाले मोटो जी45 5जी का लुक शानदार है, जिसे जी-सीरीज के स्मार्टफोन में पहली बार 3 खूबसूरत पैन्टोन क्यूरेटेड कलर वेरिएंट तथा वीगन लेदर फि निश के साथ पेश किया गया है। साथ ही यह इस सेगमेंट में सबसे पतला और सबसे हल्का डिवाइस भी है।

## स्कोडा ने पेश किया ऑल न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलैक

नई दिल्ली। स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए आज का दिन एक बड़ी उपलब्धि वाला दिन है क्योंकि कंपनी अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के साथ भारत में एक नए युग की ओर कदम बढ़ा रही है फरवरी में घोषित और इसके डिजाइन के हाल ही में जारी किए गए टीजर के बाद इस वाहन का नाम एक राष्ट्रव्यापी कैम्पेन के जरिए रखा गया है हजारों लोगों की पसंद को दर्शाते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया की नई कॉम्पैक्ट एसयूवी का नाम काइलैक होगा और यह अपने भावी ड्राइवर्स के साथ अनूठा संबंध स्थापित करेगी।

# सेंसेक्स में 102 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को भी तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 102 अंक लाभ में रहा। घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत लिवाली के बीच दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और स्वास्थ्य क्षेत्र के शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

कारोबारियों के अनुसार, हालांकि अमेरिका में फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों में सतर्क रुख के बीच हाल में विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने घरेलू बाजार में तेजी पर कुछ अंकुश लगाया। बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और यह 102.44 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 80,905.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 149.97 अंक तक चढ़ गया था। एनएसई निफ्टी में पांचवें दिन तेजी रही और यह 71.35 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,770.20 अंक पर बंद हुआ। घरेलू बाजार बढ़त के साथ एक सीमित दायरे में रहा। बाजार को घरेलू संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से समर्थन मिला। बाजार में जोखिम से निपटने के लिए रक्षात्मक माने जाने क्षेत्रों का प्रदर्शन अच्छा रहा। इसका कारण निवेशकों का रुख दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, जिंस, उपभोक्ता सामान और दवा क्षेत्र की ओर है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों में कुछ सतर्क रुख देखने को मिला। अमेरिका में महंगाई दर में कमी तथा वृद्धि दर में नरमी के साथ नीतिगत दर में कटौती को लेकर उम्मीद अधिक है। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, एशियन पेंट्स, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल लाभ में रहीं। इसके उलट, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजी, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। छोटी कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.87 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक 0.43 प्रतिशत के लाभ में रहा। भारतीय बाजार में मिला-जुला संकेत दिखा। प्रमुख सूचकांक सीमित दायरे में रहे। नीतिगत दर में कटौती को लेकर निवेशकों की नजर अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे पर है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के 2047 तक 55 हजार अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीदः सुब्रमण्यन

कोलकाता। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन ने बुधवार को कहा कि डॉलर के संदर्भ में वृद्धि दर 12 प्रतिशत बनी रहने पर भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2047 तक 55,000 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। उन्होंने यहां उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2016 से मुद्रास्फीति का एक लक्ष्य तय किए जाने से देश में महंगाई की दर को औसतन पांच प्रतिशत तक लाने में मदद मिली है।



वर्ष 2018 से 2021 तक मुख्य आर्थिक सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यन ने कहा कि 2016 से पहले मुद्रास्फीति की औसत दर 7.5 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि अगर वास्तविक वृद्धि दर आठ प्रतिशत रहने के साथ मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत रहती है तो बाजार मूल्य पर वृद्धि दर 13 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। सुब्रमण्यन ने कहा कि दीर्घकाल में डॉलर की तुलना में भारतीय मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट एक प्रतिशत से भी कम रहने से अर्थव्यवस्था की बुनियादी बातों पर इसका असर दिखेगा। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि डॉलर के हिसाब से भारत की वास्तविक वृद्धि दर 12 प्रतिशत रहेगी। ऐसे में अर्थव्यवस्था का आकार हर छह साल में दोगुना हो जाएगा। सुब्रमण्यन ने कहा, ''अर्थव्यवस्था का मौजूदा आकार 3,800 अरब डॉलर है। इसके वर्ष 2047 में 55,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए वास्तविक रूप से यानी आधार मूल्य पर आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करना संभव है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में निवेश स्थिर अवस्था में पहुंच गया है। वहां उत्पादकता में सुधार ही वृद्धि का एकमात्र स्रोत होगा। देश में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर का दूसरा कारण अर्थव्यवस्था का अधिक संगठित होना है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आधे से लेकर दो-तिहाई हिस्सा अभी भी असंगठित बना हुआ है। सुब्रमण्यन ने कहा, ''अर्थव्यवस्था के अधिक संगठित होने से उत्पादकता में वृद्धि होगी। लेकिन अन्य देशों की तुलना में भारत के संगठित क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने की अभी भी गुंजाइश है।

# अफ्रीका बना आकर्षक निवेश गंतव्य : धनखड़

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि अफ्रीका के प्राकृतिक संसाधन, जनसांख्यिकीय लाभ और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र के जरिये बढ़ता आर्थिक एकीकरण इसे निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियां और इसका अंतरिक्ष कार्यक्रम अफ्रीका के लिए हमारे साथ सहयोग बढ़ाने के लिए बड़ा अवसर प्रदान करता है। धनखड़ ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के भारत-अफ्रीका व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, अफ्रीका के प्राकृतिक संसाधन, जनसांख्यिकीय लाभ और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र के जरिये बढ़ता आर्थिक एकीकरण इसे निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की ड्यूटी फ्री टैरिफ प्रेफरेंस (डीएफटीपी) योजना आपसी विकास के लिए अपार अवसर प्रदान करती है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत 85 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ अफ्रीका का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत



ने 43 अफ्रीकी देशों में 206 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में 12.37 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। अफ्रीकी संघ की प्राथमिकताओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए भारत क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण तथा शैक्षिक अवसर भी प्रदान करता है। अफ्रीका में 16 नए राजनयिक मिशन खुलने से वहां राजनयिक उपस्थिति बढ़ रही है।

# गोयल ने अमेजन के कारोबारी तरीकों, निवेश घोषणा पर उठाये गंभीर सवाल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की भारत में एक अरब डॉलर के निवेश की घोषणा पर बुधवार को सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिकी कंपनी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कोई बड़ी सेवा नहीं कर रही है, बल्कि देश में हुए नुकसान की भरपाई कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत में अमेजन को हुआ भारी घाटा असल में बाजार बिगाड़ने वाली बेहद कम कीमतों पर उत्पादों की बिक्री के तौर-तरीकों को बयां करता है लेकिन यह भारत के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि इसका असर करोड़ों छोटे खुदरा विक्रेताओं पर पड़ता है। गोयल ने यहां भारत में रोजगार और उपभोक्ता कल्याण पर ई-कॉमर्स के शुद्ध प्रभाव पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए ई-कॉमर्स कंपनियों के कारोबारी मॉडल को लेकर कई सवाल खड़े किये।



उन्होंने कहा कि जब अमेजन भारत में एक अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणा करती है तो हम जश्न मनाते हैं। हम यह भूल जाते हैं कि ये अरबों डॉलर भारतीय अर्थव्यवस्था की बड़ी सेवा या निवेश के लिए नहीं आ रहे हैं। कंपनी को उस साल अपने बही-खाते में एक अरब डॉलर का घाटा हुआ था और उन्हें उस घाटे की भरपाई करनी थी। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यह घाटा पेशेवरों को 1,000 करोड़ रुपये का भुगतान करने की वजह से हुआ था। मुझे नहीं पता कि ये पेशेवर कौन हैं। मुझे यह जानना अच्छा लगेगा कि कौन से चार्टर्ड अकाउंटेंट, पेशेवर या वकील 1,000 करोड़ रुपये पाते हैं, जबतक कि आप उन्हें रोकने के लिए सभी बड़े वकीलों को भुगतान नहीं करते हैं ताकि कोई भी आपके खिलाफ मुकदमा न लड़ सके। उन्होंने अचरज जताते हुए कहा कि एक साल में 6,000 करोड़ रुपये का घाटा होने से क्या कीमतों को बेहद कम रखने के संकेत नहीं मिल रहे हैं। यह सिर्फ एक ई-कॉमर्स मंच है और उन कंपनियों को सीधे ग्राहकों को बेचने (बी2सी) की अनुमति नहीं होती है। सरकार की स्थापित नीति के मुताबिक, कोई भी ई-कॉमर्स मंच देश में सीधे ग्राहकों के साथ यानी बी2सी कारोबार नहीं कर सकता है। हालांकि, मंत्री ने आरोप लगाया कि ये कंपनियां केवल खुद को बी2बी दिखाने के लिए सभी व्यवसायों को एक इकाई के माध्यम से पुनर्निर्देशित करती हैं। उन्होंने कहा कि वे ऐसा कैसे कर रही हैं? क्या यह हमारे लिए चिंता का विषय नहीं होना चाहिए।

# आयकर अधिनियम की समीक्षा छह माह में पूरी कर ली जायेगी

नयी दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 की समीक्षा का काम छह महीनों की निर्धारित समयसीमा में पूरा कर लिया जायेगा।




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करते हुए कहा था कि देश के प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने के लिए इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने इस काम को छह महीने में पूरा करने की बात कही थी। आयकर विभाग का नियंत्रण करने वाले सीबीडीटी के प्रमुख अग्रवाल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास एक महत्वपूर्ण कार्य है जो आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा का है। इसका उद्देश्य मुकदमेबाजी को कम करना और करदाताओं को कर निश्चितता प्रदान करना है। अग्रवाल ने कहा कि सीबीडीटी ने इसके लिए मिशन अंदाज में काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह काम चुनौतीपूर्ण और परिवर्तनकारी होने के बावजूद निर्धारित समयसीमा में पूरा कर लिया जायेगा। सीतारमण ने भारत में आयकर के 165वें वर्ष पर आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में संचालन किया।

## टाटा मोटर्स की डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स और थंडरप्लस सॉल्यूशंस से साझेदारी

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया और थंडरप्लस सॉल्यूशंस प्रा. लि. के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है। यह साझेदारी टाटा मोटर्स के इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने के लिये की गई है और इसके तहत देशभर में 250 नये फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये जाएंगे। यह नये चार्जिंग स्टेशन दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे और कोच्चि, आदि समेत 50 से ज्यादा शहरों में और उनके आस-पास रणनीतिक रूप से स्थित होंगे। यह 540 कमर्शियल व्हीकल चार्जिंग पॉइंट्स के मौजूदा नेटवर्क में उल्लेखनीय विस्तार करेंगे। ई-कॉमर्स कंपनियाँ, पार्सल और कुरियर सेवा प्रदाता तथा अन्य उद्योग लास्ट माइल डिलीवरीज में अपना कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिये कमर्शियल इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपना रहे हैं।

## एमजी विंडसर ने इनफिनिटी व्यू ग्लास रूफ को किया प्रदर्शित

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एक नए वीडियो में अपने बहुप्रतीक्षित वाहन एमजी विंडसर भारत की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल के इनफिनिटी ग्लास रूफ को प्रदर्शित किया। इस इनोवेशन में एक शानदार डिजाइन है जो कार के आलीशान केबिन के साथ आउटडोर वातावरण को उत्कृष्ट बनाता है जिससे वाहन में बैठने वालों को एक पैनोरैमिक और प्रभावी ड्राइविंग अनुभव मिलता है। इस एक्सपेंसिव ग्लास रूफ के साथ एमजी विंडसर को खरीदने वाले बाहरी वातावरण, चाहे फिर शहरी लैंडस्केप हो या मनोरम पर्यटन स्थल, के साथ एक निर्बाध कनेक्शन का आनंद उठा सकेंगे। अपनी तरह का यह अनूठा फीचर न केवल एक लग्जरी टच प्रदान करता है बल्कि स्पेस की भावना को भी बेहतर बनाता है जिसके परिणामस्वरूप एडवांस्ड केबिन के भीतर एक हवादार एहसास महसूस होता है।

# रुपया 14 पैसे टूटकर 83.91 प्रति डॉलर पर

मुंबई। विदेशी कोषों की सतत निकासी और स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे गिरकर 83.91 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, कमजोर अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की कीमतों के निचले स्तर ने स्थानीय मुद्रा को निचले स्तर पर सहारा दिया।



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.79 पर खुला और दिन में कारोबार के दौरान 83.94 के निचले स्तर तक गया। रुपया कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले 83.91 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद स्तर से 14 पैसे की गिरावट है। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 10 पैसे बढ़कर 83.77 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार के कारण रुपये में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ा। हालांकि, कच्चे तेल की कमजोर कीमतों ने इस गिरावट पर कुछ अंकुश लगाया। चौधरी ने कहा कि डॉलर में सुधार और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपये के मामूली नकारात्मक रुझान के साथ कारोबार करने की संभावना है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 101.38 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका के आगामी पीएमआई आंकड़ों और इस सप्ताह के अंत में जैक्सन होल संगोष्ठी में फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के संबोधन को लेकर चिंताओं के बीच डॉलर सूचकांक अपने सात महीने के निचले स्तर पर है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.40 प्रतिशत चढ़कर 77.42 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## पेज एक का शेष

### मोटर ड्राइविंग

पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रखने से पहले केंद्र की ओर से अदालत में पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और अन्य की दलीलें सुनीं। इस बीच, अटॉर्नी जनरल ने पीठ को बताया कि मोटर वाहन (एमवी) अधिनियम, 1988 में संशोधन के लिए परामर्श लगभग पूरा हो चुका है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधनों को अभी संसद में पेश किया जाना है और अब यह संसद के शीतकालीन सत्र में ही किया जा सकता है। इससे पहले, पीठ ने केंद्र की इन दलीलों का संज्ञान लेने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी थी कि एमवी अधिनियम में संशोधन करने वाला विधेयक संसद में पेश किया जाएगा। हालांकि बाद में न्यायालय ने मामले की सुनवाई का फैसला किया। न्यायालय के समक्ष विचाराधीन कानूनी प्रश्न है,'' क्या एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंसधारक उस लाइसेंस के आधार पर हल्के मोटर वाहन वर्ग के उस परिवहन वाहन को चलाने का हकदार हो सकता है जिसका भार 7,500 किलोग्राम से अधिक न हो। इस प्रश्न को न्यायमूर्ति यू. यू. ललित (अब सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने आठ मार्च, 2022 को बृहद पीठ को हस्तांतरित कर दिया था। यह प्रश्न मुकुंद देवांगन बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मामले में उच्चतम न्यायालय के 2017 के फैसले से उत्पन्न हुआ था। मुकुंद देवांगन मामले में न्यायालय की तीन-सदस्यीय पीठ ने माना था कि ऐसे परिवहन वाहन जिसका कुल भार 7,500 किलोग्राम से अधिक नहीं है, एलएमवी की परिभाषा से बाहर नहीं हैं। इस निर्णय को केंद्र ने स्वीकार कर लिया और नियमों को फैसले के अनुरूप संशोधित किया गया।

### संबंधों को गति

मजबूत करती है। मैं, हमारी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अपने मित्र प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और राष्ट्रपति आंद्रजेज डूडा से मिलने के लिये उत्सुक हूं। पोलैंड में भारत की राजदूत नगमा मोहम्मद मलिक ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की दो दिवसीय यात्रा के दौरान पोलिश नेतृत्व के साथ चर्चा से दोनों पक्षों को विभिन्न विषयों पर शीर्ष स्तरीय विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलेगा और यह विचारों का एक वास्तविक उपयोगी आदान-प्रदान होगा। वारसॉ से मोदी कीव जाएंगे, जो 1991 में यूक्रेन के स्वतंत्र होने के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस देश की पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा, पोलैंड से मैं राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन जाऊंगा। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा है। उन्होंने कहा द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर दृष्टिकोण साझा करने के लिए राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ पहले हुई बातचीत को आगे बढ़ाने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

### परीक्षा केंद्रों पर

गयी हैं। इसके तहत अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ, यातायात, रेलवे, डायल-112 के साथ सभी जोन के एडीजी, पुलिस कमिश्नर, आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी को अपने-अपने जिलों में अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये हैं। इस बार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों के रास्तों पर सीसीटीवी कैमरों से विशेष नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही अति संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त नये सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। वहीं चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर ड्रोन कैमरों से चेकिंग की व्यवस्था की गई है। डीजीपी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध सुनिश्चित किये गये हैं। इसके लिए परीक्षा केंद्र पर एसपी, एएसपी और सीओ को पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के अंदर एक सुरक्षा अधिकारी भी तैनात रहेगा। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की ओर से परीक्षा केंद्रों का बारीकी से भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान छोटी सी छोटी कमियों को दूर किया जा रहा है। वहीं परीक्षा केंद्रों पर भीड़ और अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए पुलिस फोर्स को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा शिक्षा विभाग, परीक्षा केन्द्रों के प्रबंधकों तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सतर्कता के लिए आपातकाल प्लान के तहत कार्रवाई की योजना बनायी गयी है।

### कल्याण सिंह

सिंह बनने के लिए संघर्ष, चुनौती, त्याग और बलिदान का मार्ग चुनना पड़ता है। चुनौती और संघर्ष जब सामने होता है तो त्याग और बलिदान का जज्बा पैदा होता है, तब कोई भी ताकत आपको झुका नहीं सकती, आपका बाल भी बांका नहीं कर सकती है। एक अपार जनआस्था और विश्वास आपके साथ खड़ा होता है। इस अपार जनविश्वास के प्रतीक श्रद्धेय कल्याण सिंह बने। उन्होंने उस समय की ताकतों का मुकाबला किया, विपरीत परिस्थितियों में काम किया, लेकिन श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के मार्ग से कतई नहीं हटे। अंततः परिणाम आज हमारे सामने है। आज उसकी सुखद अनुभूति पूरी दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में समाजवादी पार्टी और इसके मुखिया पर भी हमला किया और पीडीए पर गंभीर सवाल उठाए।

### दुनिया के

नीति के कारण विगत 4 वर्षों में जेके समूह ने प्रदेश में 1200 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ तीन सीमेंट प्लांटों को स्थापित, लोकार्पित किया है। इनमें वर्ष 2020 में अलीगढ़, वर्ष 2022 में हमीरपुर तथा वर्ष 2024 में प्रयागराज में स्थापित सीमेंट प्लांट सम्मिलित हैं। यह निवेश प्रदेश के लिए निवेश मात्र नहीं है। यह अवसर इसलिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि जेके सीमेंट तथा सिंघानिया परिवार एक बार फिर से इस निवेश के माध्यम से प्रदेश के साथ जुड़ा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश ने विगत 7 वर्षों में निवेश प्राप्त करने, निवेश अनुकूल वातावरण बनाने तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में लंबी यात्रा तय की है। प्रदेश सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में अनेक सुधार किए हैं। प्रदेश का निवेश मित्र पोर्टल देश में सबसे अधिक सेवा देने वाला सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म है। इस दिशा में और भी प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

वर्ष 2017 से पूर्व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश 12वें तथा उससे एक वर्ष पूर्व 14 वें स्थान पर था। कानून व्यवस्था की स्थिति अत्यन्त खराब थी। राज्य में प्रत्येक तीसरे दिन दंगा होता था। व्यापारियों को प्रताड़ित किया जाता था। उन्हें फाइलों के निस्तारण के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। निवेशक प्रदेश में निवेश करने से कतराते थे। प्रदेश सरकार ने अनेक रिफॉर्म किये व नीतियां बनाईं तथा उन्हें मजबूती के साथ लागू किया। परिणामस्वरूप प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में न केवल नंबर दो पर पहुंचा है, बल्कि राज्य देश में मोस्ट अचीवर्स स्टेट के रूप में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है।

### किसी भी

के अनुसार राज्य का कोई धर्म नहीं है। राज्य के समक्ष सभी धर्म समान हैं। हालांकि, हाल के दिनों में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां भोले-भाले लोगों का गलत बयानी, बल, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती, प्रलोभन या धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तित किया गया। अदालत ने कहा कि आरोपी यूपी गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम 2021 के तहत उत्तरदायी है। न्यायालय ने पीड़ित के बयान पर विचार करते हुए आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### दलित आरक्षण

दिया। आगरा में सड़क पर उतरे बसपा कार्यकर्ताओं ने जबरन दुकानें बंद करवाईं। कलेक्ट्रेट कार्यालय के गेट पर बसपा का झंडा भी फहराया। हाईवे जाम कर लोगों से बदसलूकी की। जोधपुर के सोमेसर गांव दुकान बंद कराने के लिए प्रदर्शनकारियों ने गर्म तेल की कढ़ाई उलट दी। इस कारण हलवाई के दोनों पैर जल गए। वहीं जोधपुर शहर में रैली निकालने के दौरान बंद समर्थक ट्रैफिक पुलिस की पोस्ट पर चढ़ गए। एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर के सुप्रीम कोर्ट के सुझाव के खिलाफ भारत बंद पंजाब में बेअसर रहा। जालंधर में दलित-आदिवासी संगठन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वाल्मीकि समाज के नेताओं ने बंद का विरोध किया है।

### यूपी समेत कई

ड्यूटी के दौरान स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। चिकित्सक का शव सेमीनार हॉल में मिला था और उस पर गंभीर चोटों के निशान थे। राज्य की राजधानी लखनऊ में इस हड़ताल का असर केजीएमयू के साथ-साथ एसपीजीआई, लोहिया समेत अन्य अस्पतालों में भी दिख रहा है। पिछले सप्ताह कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ड्यूटी के दौरान परास्नातक प्रशिक्षु (पीजीटी) महिला डॉक्टर के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई थी। इस डॉक्टर का शव नौ अगस्त को अस्पताल के संगोष्ठी कक्ष के अंदर मिला था। अपराध में कथित संलिप्तता को लेकर अगले दिन एक नागरिक स्वयंसेवक को गिरफ्तार किया गया था। जूनियर डॉक्टर मांग कर रहे हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए, उन्हें कड़ी सजा दी जाए और पीड़िता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

## चौथी औद्योगिक क्रांति की चुनौतियों के लिए तैयार हैं भारत

फरीदाबाद (हरियाणा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत चौथी औद्योगिक क्रांति से पैदा हुई चुनौतियों का सामना करने और इससे उत्पन्न अवसरों का फायदा उठाने के लिए तैयार है।



मुर्मू ने यहां जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पाचवें दीक्षांत समारोह में कहा कि प्रौद्योगिकी का उपयोग उचित तथा सतत विकास और जनहित के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर में है। उन्होंने कहा कि भारत भी इस क्रांति की चुनौतियों का सामना करने और इसके अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों में कई औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि बहुत-सी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए इस विश्वविद्यालय के परिसर में उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए हैं। मुर्मू ने कहा कि वर्तमान में प्रौद्योगिकी के विकास के कारण प्रगति के अनेक रास्ते खुल गए हैं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

